E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 223 | गुवाहाटी | मंगलवार, 7 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526




कार से 25 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार — पेज 3
भारत की स्वास्थ्य क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता न्यूनतम करने की... — पेज 4
सीएम ने दी होली की दी बधाई, कहा- हताशा में नहीं होता कोई जीवन — पेज 5
अजमेर में तमिलनाडु पुलिस के बारह जवान चढ़े पुलिस के हत्थे — पेज 8

## सूचना

सभी एजेंटों, हॉकरों, ग्राहकों और विज्ञापनदाताओं को **विकसित भारत समाचार** परिवार की ओर से रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं। इस उपलक्ष्य में 7 मार्च को कार्यालय में अवकाश रहेगा। हम 8 मार्च के अंक के साथ आपकी सेवा में प्रस्तुत होंगे।

– **संपादक**

# मानिक साहा होंगे त्रिपुरा के नए सीएम, शपथ ग्रहण कल



**अगरतला।** त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल की बैठक में सोमवार को माणिक साहा को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने का निर्णय लिया गया। भाजपा के एक प्रवक्ता ने विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि पार्टी के सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से साहा को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने का समर्थन किया। इससे पहले, ऐसी अटकलें थीं कि साहा संवेदनशील सीमावर्ती राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। पार्टी के अंदरुनी सूत्रों का कहना है कि साहा अभी तक विवादों में नहीं रहे हैं और वह जनजातीय इलाकों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने में अहम -शेष पृष्ठ दो पर

# मेघालय में एनपीपी को मिला यूडीपी-पीडीएफ का साथ

**शिलांग।** मेघालय में नई सरकार के गठन से पहले छाए संकट के बादल रविवार देर शाम छट गए। मेघालय में एनडीए की सरकार का रास्ता लगभग स्पष्ट हो गया है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के अध्यक्ष कॉरनाड सांग्मा को मेघालय के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के ठीक 36 घंटे पहले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के क्षेत्रीय दलों ने एनपीपी को समर्थन दे दिया। सांग्मा ने यूडीपी और पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) के सदस्यों के साथ तस्वीरें पोस्ट कर इस खबर की पुष्टि की। एनपीपी-भाजपा गठबंधन समर्थक विधायकों की संख्या अब 45 हो गई है। मेघालय में सरकार बनाने के लिए किसी दल या गठबंधन को न्यूनतम 31 विधायकों की जरूरत है। सांग्मा ने ट्विटर पर कहा कि सरकार बनाने के लिए एनपीपी में शामिल होने को आगे आने के लिए यूडीपी और पीडीएफ को धन्यवाद। मेघालय और इसके लोगों की सेवा करने के लिए क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का मजबूत समर्थन हमें और मजबूत करेगा। राज्य सरकार के गठन पर मेघालय के मनोनीत मुख्यमंत्री कोनराड सांग्मा ने बताया कि गठबंधन को मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस-2.0 के रूप में जाना जाएगा। इस फैसले से सभी सहमत हैं। हमने मुख्यमंत्री को एमडीए-2 के अध्यक्ष के रूप में भी चुनने का फैसला किया है। कैबिनेट में 12 सदस्यों में से आठ नेशनल पीपुल्स पार्टी, दो यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी, एक हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और एक -शेष पृष्ठ दो पर




## ब्रिटिश शासक हमारा मॉडल अपने देश ले गए : भागवत

**करनाल।** हरियाणा के करनाल में पहुंचे आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि ब्रिटिश शासन से पहले भारत की 70 फीसदी आबादी शिक्षित थी। उस समय देश में कोई बेरोजगारी नहीं थी और उसी शिक्षा के बलबूते पर सब लोग अपनी आजीविका का रास्ता खोज लेते थे। मोहन भागवत ने कहा कि जब अंग्रेज भारत में आए तो उन्होंने हमारे देश के शिक्षा के मॉडल को कबाड़ खाने में डाल दिया। यानी हमारे शिक्षा मॉडल को वो अपने देश में ले गए। जबकि अपने देश के मॉडल को अंग्रेजों ने भारत में लागू कर दिया। इससे हुआ ये कि भारत का शिक्षा मॉडल इंग्लैंड में लागू होने के बाद वहां की 70 प्रतिशत आबादी शिक्षित हो गई और उनके शिक्षा मॉडल से हमारे देश में केवल 17 -शेष पृष्ठ दो पर

## *आरएसएस ने शुरू किया गर्भ संस्कार अभियान*

**नई दिल्ली।** आरएसएस की महिला शाखा राष्ट्र सेविका समिति के एक विंग ने 5 मार्च को जेएनयू यूनिवर्सिटी में गायनेकोलॉजिस्ट्स का एक कार्यक्रम आयोजित किया। संवर्धिनी न्यास नाम के इस विंग ने गर्भ संस्कार नाम के कैंपेन की शुरुआत की है। ये कैंपेन गर्भवती महिलाओं के लिए आयोजित की गई है, जिसका मूल उद्देशय गर्भ में ही बच्चों को संस्कृति और मूल्यों की शिक्षा दी जा सकें।



इस वर्कशॉप में एम्स-दिल्ली सहित कई स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया था। संवर्धिनी न्यास की राष्ट्रीय सचिव माधुरी मराठे ने -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## सुप्रभात

अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है, जब तक जीना, तब तक सीखना यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

**स्वामी विवेकानंद**

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## न्यूज गैलरी

### नगालैंड में फिर से नहीं होगा विपक्ष

**कोहिमा।** नगालैंड की नई सरकार विपक्ष-रहित सरकार की ओर बढ़ रही है क्योंकि लगभग सभी दलों ने पिछले महीने हुए चुनावों में जीत हासिल करने वाले एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को बिना शर्त समर्थन की पेशकश की है। नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 60 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए चुनाव 40-20 सीट बंटवारा फॉर्मूले के साथ लड़ा था और लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की। एनडीपीपी और भाजपा ने चुनाव में क्रमश: 25 और 12 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की। राज्य में विधानसभा चुनाव के परिणाम दो मार्च को घोषित किए गए थे। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस -शेष पृष्ठ दो पर

### चीनी सीसीटीवी कैमरों पर प्रतिबंध लगाएं : विधायक

**इटानगर।** देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ते खतरे का हवाला देते हुए, अरुणाचल प्रदेश के विधायक निनॉन्ग एरिंग ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर चीनी क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। निनॉन्ग एरिंग ने सीसीटीवी के घरों में इस्तेमाल के खिलाफ लोगों को जागरुक करने के लिए एक अभियान चलाने पर भी जोर दिया है। विधायक एरिंग ने कहा है कि चीनी सीसीटीवी बीजिंग की आंख और कान है और यह देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक हैं। विधायक ने पत्र में लिखा है कि चीन के सीसीटीवी कैमरे उसके लिए आंख -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**PUBLIC NOTICE**

I, WADEKAR GIRAPPA IRANNA, son of Wadekar Irrana, R/O - Near Hingoli Ambika Mata Temple, Saraswati Nagar, Dharmabad, Dist.- Nanded Dharmabad, Maharashtra-431809, That in Army service record my name has been recorded as "GIRAPPA IRANNA WADEKAR" instead of correct name is "WADEKAR GIRAPPA IRANNA". Vide affidavit before the Notary Public on 24 Feb 2023.

# मेघालय विस में एनपीपी सुप्रीमो कॉनराड और अन्य विधायकों ने ली शपथ



**शिलांग ( हि.स. )।** एनपीपी सुप्रीमो कॉनराड सांग्मा ने अन्य नवनिर्वाचित विधायकों के साथ सोमवार को मेघालय विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर टिमोथी डी. शिरा ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। कॉनराड सांग्मा 60 सदस्यीय विधानसभा में 45 विधायकों के समर्थन वाली एनपीपी के नेतृत्व वाली गठबंधन की अगली एनडीए-संबद्ध मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस (एमडीए)-02 सरकार के मुख्यमंत्री होंगे। कॉनराड सांग्मा अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के उत्तर पूर्वी राज्य के प्रभारी संबित पात्रा, पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री और असम के मुख्यमंत्री और नेडा के संयोजक डॉ. हिमंत विश्व शर्मा आदि शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहेंगे। राजभवन में राज्यपाल फागू चौहान उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। उल्लेखनीय है कि एनपीपी 26 विधायकों वाली विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी है। इसके बाद मेघालय में एमडीए-02 गठबंधन की सरकार होगी, जिसमें क्रमश: यूडीपी के 11, भाजपा के 2, पीडीएफ के 2, एचएसपीडीपी के 2 और दो निर्दलीय विधायक होंगे।

# राबड़ी से सीबीआई की चार घंटे पूछताछ



**पटना।** जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सीबीआई की टीम सोमवार सुबह से लालू प्रसाद यादव की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आवास पहुंची। करीब 4 घंटे तक सीबीआई के अफसर आवास पर रहे। राबड़ी देवी से पूछताछ के बाद टीम यहां से निकल गई। दिल्ली में मंगलवार को लालू यादव और मीसा भारती से पूछताछ कर सकती है। इस पूछताछ के बाद राबड़ी देवी विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचीं। छोटे बेटे और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव आए और उन्हें ले गए। सीबीआई की पूछताछ के सवाल पर राबड़ी देवी ने कहा कि कुछ नहीं हुआ है। यह सब चलता रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 12 अफसरों की टीम 2 से 3 गाड़ियों में उनके पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड आवास पर पहुंची थी। इसके विरोध में आरजेडी नेता और कार्यकर्ता आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। इसे देखते हुए सुरक्षा बड़ा दी गई। लैंड फॉर जॉब स्कैम में सीबीआई की चार्जशीट पर कोर्ट ने समन जारी किया है। सीबीआई ने चार्जशीट में लालू प्रसाद के अलावा राबड़ी देवी और 14 अन्य को आरोपी बनाया है। 15 मार्च को कोर्ट में राबड़ी, लालू और मीसा को पेश होने के आदेश दिए गए हैं। सुबह जब टीम राबड़ी के घर पहुंची तो उस वक्त बेटे तेज प्रताप और तेजस्वी यादव भी मौजूद थे, लेकिन बाद में वे विधानसभा के लिए निकल गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीबीआई ने राबड़ी देवी से पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। पहले ये पूछताछ सीबीआई दफ्तर में होनी थी, लेकिन बाद में उन्हें राहत देते हुए उनके घर पर करने के लिए तैयार हो गई। डिप्टी सीएम तेजस्वी ने कहा कि तथाकथित जमीन के बदले नौकरी के मामले में सीबीआई आई है। जिस दिन से सरकार बनी है, उस दिन से यह हो रहा है। हर महीने हो रहा है। मैं तो कहता हूं कि सीबीआई आवास पर ही दफ्तर खोल दे। पहले भी इस केस की सीबीआई कई बार जांच करके बंद कर चुकी है। रेलवे ने इसे घोटाला नहीं माना है। तेजस्वी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि रेलमंत्री रहते हुए लालू ने 90 हजार करोड़ का फायदा कराया था। उन्हें मैनेजमेंट ऑफ गुरु कहा जाता है। विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने जा रहे सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की मुलाकात हुई। सीएम ने तेजस्वी से पूछा कि सब गया ? इस पर तेजस्वी ने कहा कि हां सब गया। तब सीएम ने पूछा कि मम्मी राबड़ी देवी विधान परिषद आ रही हैं। इसी दौरान राबड़ी देवी भी पहुंच गईं।

# बलूचिस्तान में 68 पुलिस अधिकारी निलंबित

**पेशावर।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान के महानिरीक्षक (आईजी) अब्दुल खालिक शेख ने आदेश न मानने की वजह से 68 पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। एक समाचार पत्र में शनिवार को दी गई जानकारी के अनुसार निलंबित अधिकारियों में पांच एसएचओ, 48 अवर निरीक्षक, दो सहायक अवर निरीक्षक और दस अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार निलंबन से पहले पुलिस प्रमुख ने इन पुलिस अधिकारियों को क्वेटा में पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में प्रशिक्षण लेने को कहा और प्रशिक्षक के रूप में कार्य करने का आदेश दिया था। परंतु इन लोगों ने पुलिस महानिरीक्षक के आदेश का पालन नहीं किया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी शेख ने अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

# सांग्मा को भाजपा के समर्थन पर कांग्रेस ने किया कटाक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मेघालय विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोनराड सांग्मा का समर्थन किए जाने को लेकर सोमवार को कटाक्ष किया कि *भाजपा की वाशिंग मशीन* तेज गति से चली रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव से पहले सांग्मा के नेतृत्व वाली सरकार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बोले गए तीखे हमलों से जुड़े वीडियो साझा करते हुए यह आरोप भी लगाया कि नतीजे आने के बाद अब भाजपा को स्मृतिलोप हो गया है। उन्होंने ट्वीट किया, कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के अनुसार मेघालय में कोनराड सांग्मा की सरकार देश में सबसे भ्रष्ट सरकार हुआ करती थी। अब मुझे लगता है कि भाजपा को स्मृतिलोप हो गया है और वह उनके साथ हाथ मिला रही है। मेघालय इससे बेहतर का हकदार है। रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा की वाशिंग मशीन तेजी से चल रही है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने मेघालय में सांग्मा की अगुवाई में बनने वाली सरकार का समर्थन करने का फैसला किया था। वह विधानसभा चुनाव अकेले लड़ी थी। मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा की 59 सीटों पर मतदान हुआ था। गत वीरवार को चुनाव परिणाम आए, जिनमें सांग्मा की नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) 26 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

# भारत में 2022 में हर सेकेंड यूपीआई के 2348 ट्रांजेक्शन

**नई दिल्ली।** फरवरी में *यूपीआई* और सिंगापुर की *पे नाऊ* प्रणाली के समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को भारत की सबसे पसंदीदा भुगतान प्रणाली बताया और कहा कि यह जल्द ही नकद लेनदेन को पीछे छोड़ देगी। जनवरी 2016 में जब यूपीआई को लांच किया गया था तब इसकी व्यापक स्तर पर आलोचना हुई थी। तर्क दिए जा रहे थे कि यह आम आदमी के लिए सुलभ न होगा। इसका इस्तेमाल सिर्फ एक तबका कर पाएगा लेकिन इसने सारे आरोपों को बेबुनियाद साबित किया और मौजूदा समय में ट्रांजेक्शन का सबसे पॉपुलर माध्यम बन गया है।

# उमेश पाल हत्याकांड : एनकाउंटर उस्मान ढेर



**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में यूपी पुलिस को सोमवार सुबह बड़ी कामयाबी मिली। प्रयागराज में कौंधियारा के लालपुर इलाके में इस हत्याकांड से जुड़े दूसरे आरोपी शूटर विजय उर्फ उस्मान चौधरी को एनकाउंटर में मार गिराया। उस्मान ने ही उमेश पाल पर सबसे पहले गोली चलाई थी। वह सीसीटीवी में नजर आया था। यह 8 दिन में दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले 27 फरवरी को बदमाश अरबाज को एनकाउंटर में मार गिराया था। अरबाज शूटरों को कार से घटनास्थल पर ले गया था। उमेश की हत्या 24 फरवरी को करीब 7 शूटर्स ने की थी। 7 बैकअप में थे। उस्मान की फायरिंग में एक सिपाही नरेंद्र भी जख्मी हो गया, जबकि जवाबी फायरिंग में उस्मान को गोली लगी। पुलिस उसे तुरंत एसआरएन हॉस्पिटल लेकर आई। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोमवार तड़के हुए इस एनकाउंटर के करीब 7 घंटे बाद लखनऊ में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने प्रेस कॉफ्रेंस की। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में जवाबी फायरिंग में उस्मान को गोली लगी। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एडीजी ने कहा कि इस हत्याकांड से जुड़ा हुआ कोई भी शख्स बक्शा नहीं जाएगा। चाहे वह जितना रसूख वाला हो। 24 फरवरी को जैसे ही उमेश गाड़ी से उतरा, उस्माम ने उस पर फायरिंग की थी। उस्मान की गोली लगते ही उमेश जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उस्मान पर 50 हजार का इनाम रखा था। उस्मान अतीक गैंग का शार्प शूटर था। चर्चा है कि अतीक गैंग को ज्वाइन करने के बाद धर्म परिवर्तन करके विजय चौधरी से उस्मान बन गया था। हालांकि, एडीजी ने कहा कि इसकी जांच की जा रही है। प्रयागराज एसओजी और पुलिस के मुताबिक, उस्मान प्रयागराज के कौंधियारा के लालापुर में छिपा था। वह लालापुर का ही रहने वाला था। यहां एसओजी की टीम ने घेराबंदी की, तो उस्मान ने फायरिंग शुरू कर दी।

# एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर पवार की पीएम से अपील

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से केंद्रीय एजेंसियों के कथित *दुरुपयोग* को लेकर खास अपील की है। विपक्षी पार्टियों द्वारा पीएम को लिखे पत्र के बाद पवार ने इन चिंताओं को गंभीरता से देखने का आग्रह किया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष के संयुक्त पत्र का मुद्दा उठाया और कहा कि वह पीएम मोदी को लिखे पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले पहले व्यक्ति थे।

# तमिलनाडु में मजदूरों के पलायन से कंपनियों के मालिक घबराए

**चेन्नई।** तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर कथित हमलों का मामला गरमाया हुआ है। इस बीच मेन्युफैक्चरर्स और इंडस्ट्री के मालिक तमिलनाडु से उत्तर भारतीय मजदूरों के संभावित पलायन को लेकर चिंता में हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में लगभग 10 लाख प्रवासी मजदूर हैं। चेन्नई जिला लघु उद्योग संघ की सचिव जया विजयन ने कहा कि तमिलनाडु में पूरा मेन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्रियल सेक्टर रुक जाएगा। अगर हमले की अफवाहें बढ़ती रहेंगी। उत्तर भारत के बिना हम तमिलनाडु में काम नहीं कर सकते। हम यह देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं कि इनमें से कितने कर्मचारी होली के बाद लौटते हैं। तमिलनाडु में 10 लाख प्रवासी श्रमिकों में से लगभग आधे उत्तरी तमिलनाडु के तिरुवल्लुर, चेन्नई और चेंगलपट्टू शहरों में हैं, जबकि 5 लाख तिरुपुर, कोयंबटूर और इरोड के मेन्युफैक्चरिंग हब में काम कर रहे हैं। यहां परेशानी तब शुरू हुई जब तमिलनाडु में कथित तौर पर प्रवासी श्रमिकों को पीटते हुए दो वीडियो सोशल मीडिया और वॉट्सऐप ग्रुपों पर वायरल हो गए। हिंदी भाषी समुदाय के बीच दहशत और भय का माहौल है। इस दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, बिहार के सीएम नीतीश कुमार और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने घटनाक्रम पर संज्ञान लिया है। वीडियो को राज्य पुलिस ने *फेक* बताया है। रेलवे सप्लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एस सुरूलिवेल के अनुसार, पिछले तीन दिनों में लगभग 2,000 श्रमिकों ने उन यूनिट्स को छोड़ दिया है जिनसे वह परिचित हैं। अकेले कोयंबटूर में एसआईपीसीओटी की 300 से अधिक यूनिट्स में 20,000 से अधिक उत्तर भारतीय श्रमिक कार्यरत हैं। इस घटनाक्रम पर उत्तर भारतीयों में गुस्सा व्याप्त है।

## पृष्ठ एक का शेष

### मानिक साहा होंगे ...

भूमिका निभा सकते हैं, जिन्होंने ग्रेटर टिपरालैंड राज्य की मांग को लेकर व्यापक पैमाने पर टिपरा मोथा का समर्थन किया है। भाजपा की त्रिपुरा इकाई के एक उपाध्यक्ष ने साहा के बारे में कहा है कि वह शिक्षित हैं, सभ्य हैं और उनकी छवि भी साफ सुथरी है। मुझे उम्मीद है कि विधायक दल की बैठक में उनके अलावा किसी और का नाम नहीं आएगा। शपथ ग्रहण समारोह आठ मार्च को होगा। इसमें शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा मंगलवार शाम अगरतला पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की संभावना है। भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों के भी शपथ ग्रहण में शामिल होने की संभावना है। भाजपा ने 60-सदस्यीय विधानसभा में 32 सीट जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है, जबकि उसके सहयोगी दल इंडिजीनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) ने एक सीट जीती है। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 16 फरवरी को हुआ था तथा नतीजों की घोषणा दो मार्च को की गई थी।

### आरएसएस ने शुरू ...

कहा कि गर्भ संस्कार कैंपेन के तहत गर्भ में पल रहा बच्चा पहले ही भारतीय संस्कार को सीखेंगे। गर्भवती महिलाओं को भगवान राम, हनुमान, शिवाजी समेत स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और संघर्ष के बारे में पढ़ाना जाए, जिससे गर्भ में पल रहा बच्चा पहले ही संस्कार सीखना शुरू कर दें। स्त्री रोग विशेषज्ञ, आयुर्वेदिक डॉक्टर और योगा ट्रेनर के साथ न्यास विंग योजना बना रहा है, जिसमें *गर्भ में बच्चों को सांस्कृतिक मूल्य प्रदान करने* के लिए गर्भावस्था के दौरान गीता का जाप, रामायण और योग अभ्यास शामिल होगा। मराठे ने कहा कि यह कार्यक्रम गर्भावस्था से दो साल की उम्र के बच्चों के लिए शुरू होगा। इसमें गीता के श्लोकों और रामायण की चौपाइयों के जाप पढ़ाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गर्भ में एक बच्चा 500 शब्द तक सीख सकता है। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करता है कि बच्चा गर्भ में संस्कार (संस्कृति और मूल्य) सीख सकता है और यह प्रक्रिया तब तक जारी रहती है जब तक कि बच्चा दो साल का नहीं हो जाता। मराठे ने कहा कि संवर्धनी न्यास इस अभियान के तहत कम से कम 1,000 महिलाओं तक अपनी पहुंच बनाने की योजना बना रही है। इस अभियान के तहत, न्यास ने रविवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में एक कार्यशाला आयोजित की, जिसमें एम्स-दिल्ली सहित कई स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### नगालैंड में फिर ...

पार्टी (राकांपा) ने सात सीट, एनपीपी ने पांच और नगा पीपुल्स फ्रंट, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और आरपीआई (आठवले) ने दो-दो सीट जीती। वहीं जनता दल (यूनाइटेड) ने एक सीट, जबकि चार निर्दलीय ने भी जीत हासिल की है। यह पहली बार है जब नगालैंड राज्य विधानसभा चुनाव में इतने सारे राजनीतिक दलों की जीत का गवाह बन रहा है। लोजपा (रामविलास) और आरपीआई (आठवले) राज्य की राजनीति में नए हैं। हालांकि एनडीपीपी-भाजपा ने अभी तक सरकार गठन का दावा पेश नहीं किया है, लेकिन उन्हें अपनी दूसरी पारी जारी रखने के लिए अन्य राजनीतिक दलों से बिना शर्त समर्थन मिला है। सूत्रों ने कहा कि लोजपा (रामविलास), आरपीआई (आठवले), जद (यू) पहले ही गठबंधन सहयोगियों को समर्थन पत्र सौंप चुके हैं। नवनिर्वाचित राकांपा विधायक वाई मोहनबेमो हम्त्सो ने रविवार को बताया कि राज्य विधानसभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी राकांपा ने शनिवार को नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली एनडीपीपी को *बिना शर्त* समर्थन देने वाला एक पत्र सौंपा। इसी तरह, एनपीएफ के महासचिव एवं नवनिर्वाचित विधायक अचुंबेमो किकोन ने कहा कि हालांकि अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है लेकिन पार्टी द्वारा सरकार को समर्थन देने की संभावना है। एनपीएफ के दो सदस्य विजयी हुए हैं। सभी राजनीतिक दलों के एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन का समर्थन करने के साथ ही नगालैंड में एक और सर्वदलीय सरकार होगी। अतीत में, 2015 और 2021 में सरकार के चालू कार्यकाल के दौरान विपक्ष-रहित सरकारें बनीं थी, लेकिन यह पहली ऐसी विधानसभा होगी, जो सदन के शपथ लेने से पहले ही विपक्ष-रहित होने के लिए तैयार है।

### मेघालय में एनपीपी ...

भाजपा के पास जाएगा। निवर्तमान मेघालय डेमोक्रेटिक गठबंधन (एमडीए) सरकार में यूडीपी और पीडीएफ सहयोगी रही हैं। दो-दो विधायक वाली भाजपा और एचएसपीडीपी के अलावा दो निर्दलीय विधायकों ने पहले ही अपना समर्थन पत्र एनपीपी को सौंप दिया था। मेघालय में गुरुवार (2 मार्च) को विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। राज्य में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। हालांकि, एनपीपी ने विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड 26 सीटें हासिल कर राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। यूडीपी प्रमुख और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मेटबाह लिंगदोह ने एनपीपी प्रमुख कॉरनाड सांग्मा को सौंपे गए पत्र में कहा कि यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के संसदीय दल की ओर से मैं सरकार गठन के लिए समर्थन देता हूं।

### ब्रिटिश शासक हमारा ...

प्रतिशत लोग ही शिक्षित रह गए। मोहन भागवत ने कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली न केवल रोजगार के लिए थी बल्कि ज्ञान का माध्यम भी थी। शिक्षा सस्ती और सभी के लिए सुलभ थी। इसलिए शिक्षा का सारा खर्च समाज ने उठाया और इस शिक्षा से निकले विद्वानों, कलाकारों और कारीगरों को पूरी दुनिया में पहचान मिली। भागवत ने आगे अपने संबोधन में कहा कि यह इतिहास का सत्य है। हमारे यहां पर शिक्षक सबको सिखाता था, उसमें वर्ग व जाति का भेद नहीं होता। आदमी अपना जीवन अपने बलबूते जी सके यहां तक ही शिक्षा सबको मिलती थी। गांव में जाकर शिक्षक सिखाता था। वह इसलिए नहीं सिखाता था कि उसको अपना पेट पालना था, वो इसलिए सिखाता था कि शिक्षा देना उसका काम है, उसका कर्तव्य है। सिखाना उसका धर्म है और गांव उसकी आजीविका की चिंता करता था। कुछ इस तरह था हमारा पुराना शिक्षा का मॉडल।

### चीनी सीसीटीवी ...

और कान का काम कर रहा है। विधायक ने चीनी सीसीटीवी कैमरों को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक बताया है। विधायक ने यह भी लिखा कि मौजूदा समय में जब चीन लगातार एलएसी पर आक्रमकता दिखा रहा है, तब वह हमारे आईटी के बुनियादी ढांचे पर भी हमला कर रहा है। ऐसे में भारत को चीन के इस खतरे से निपटने के लिए कदम उठाने चाहिए। पत्र में लिखा है कि देश में इस वक्त 20 लाख सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। जिनमें से 90 फीसदी चीनी सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा बनाए गए हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से आधे से अधिक भारत के सरकारी विभागों में लगे हुए हैं। कांग्रेस विधायक ने ये भी बताया कि सीसीटीवी नेटवर्क में इस्तेमाल होने वाले इंटरनेट प्रोटोकॉल और डीवीआर को भी चीन हैकर्स हैक कर सकते हैं।

# गर्मी को लेकर पीएम मोदी की उच्चस्तरीय बैठक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्मियों के मौसम से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और अस्पतालों में आग से सुरक्षा उपायों के ऑडिट करने तथा जंगल की आग से निपटने के लिए एक समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को अगले कुछ महीनों के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसम पूर्वानुमान और सामान्य मॉनसून की संभावना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही रबी फसलों पर मौसम के प्रभाव और प्रमुख फसलों की संभावित उपज के बारे में भी उन्हें बताया गया। पीएमओ ने कहा कि बैठक में सिंचाई जल आपूर्ति, चारा और पेयजल की निगरानी के लिए चल रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री को आवश्यक आपूर्ति की उपलब्धता और आपात स्थिति के लिए तैयारियों के संदर्भ में राज्यों और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। पीएमओ ने कहा कि उन्हें गर्मी से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए देश भर में चल रहे विभिन्न प्रयासों और शमन उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने नागरिकों सहित विभिन्न हितधारकों के लिए अलग-अलग जागरूकता सामग्री तैयार करने और स्कूलों में कुछ मल्टीमीडिया व्याख्यान सत्रों को शामिल करने का निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों को अत्यधिक गर्मी की स्थिति से निपटने के बारे में संवेदनशील बनाया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्म मौसम के लिए प्रोटोकॉल और क्या करें व क्या न करें को सुलभ प्रारूपों में तैयार किए जाने चाहिए और प्रचार के विभिन्न अन्य तरीकों जैसे जिंगल्स, फिल्म, पैम्फलेट आदि भी जारी भी किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आईएमडी से दैनिक मौसम पूर्वानुमान इस तरह से जारी करने के लिए कहा कि जिसकी आसानी से व्याख्या और प्रसार किया जा सके।उन्होंने मौसम के पूर्वानुमान के प्रसार के लिए समाचार चैनलों, एफएम रेडियो आदि को भी शामिल करने पर जोर दिया, ताकि नागरिकों को आवश्यक सावधानी बरतने में सुविधा हो।

# ईरानी छात्राओं पर केमिकल अटैक करने वालों को मौत की सजा

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने वहां की छात्राओं पर हो रहे केमिकल अटैक पर प्रतिक्रिया दी है। खामेनेई ने सोमवार को एक ट्री प्लांटिंग सेरेमनी में कहा कि ये अपराध किसी भी तरह से माफ कर देने लायक नहीं है। वहीं ईरान की ज्युडिशियरी के चीफ घोलाम हुसैन मोहसेनी ने भी वादा किया है कि इस तरह का गुनाह करने वालों को मौत की सजा दी जाएगी। कोर्ट इस मामले में जल्द सुनवाई करेगी। खामेनेई ने लोगों से कहा कि इस तरह का गुनाह करने वालों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। इन लोगों की वजह से पूरे समाज और मां-पिता के बीच डर का माहौल बना हुआ है। हालांकि खामेनेई ने इस दौरान ये नहीं बताया कि ऐसा करने वाले लोग कौन हैं। खामेनेई ने अपने भाषण के दौरान ईरान की इंटेलिजेंस एजेंसी और लॉ इंफोर्समेंट को आदेश भी दिया है कि वो इस गुनाह में शामिल लोगों और ग्रुप्स का जल्द से जल्द पता लगाएं।

# करोड़ों की संपत्ति बेटे-बहू को न देकर राज्यपाल को दी

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फर नगर जिले में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बेटे और बहू के कथित खराब बर्ताव से क्षुब्ध होकर अपनी एक करोड़ रुपए मूल्य की जायदाद उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम कर दी है। खतौली कस्बे के एक वृद्धाश्रम में रह रहे 80 साल के नाथू सिंह ने बुढ़ाना तहसील के उप रजिस्ट्रार के कार्यालय में दाखिल एक शपथपत्र में कहा है कि उनकी जमीन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को दे दी जाए। सिंह ने कहा कि उनके निधन के बाद वहां कोई स्कूल या अस्पताल बना दी जाए। इस जमीन की कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई जाती है। उप रजिस्ट्रार पंकज जैन ने सोमवार को बताया कि नाथू सिंह ने पिछली 4 मार्च को अपनी वसीयत तैयार कराई है, जिसमें उनके मकान और 10 बीघा कृषि भूमि की कीमत एक करोड़ रुपए से ज्यादा बताई गयी है। सिंह का आरोप है कि उनके बेटे और बहू ने कई बार उन्हें अपमानित किया। इसी वजह से उन्हें वृद्धाश्रम जाना पड़ा। वृद्धाश्रम की प्रभारी रेखा सिंह ने बताया कि नाथू सिंह पिछले करीब 5 महीनों से उनके वृद्धाश्रम में रह रहे हैं।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**( संत )**

**राग द्वैष कोइ से नहीं, समदर्शी संसार।**
**परहित सहज स्वभाव है, शुद्ध व सरल विचार॥ 09॥**

**शब्दार्थ :** (समदर्शी) सबको बराबर देखना (परहित) परोपकार।

**भाष्य :** संतजन शुद्ध और सरल विचार एवं सहज स्वभाव से दूसरे का उपकार करते हैं एवं किसी से राग-द्वेष न रखकर संसार में समदर्शी होकर रहते हैं। संत की राग, द्वेषरहित सबकी हितकारी समान दृष्टि रहती है।

**काम क्रोध मद लोभ नहिं, मत्सर मोह न सन्त।**
**अविचल अगम सनेह में, सदा भजे भगवन्त॥ 10॥**

**शब्दार्थ :** (मत्सर) ईर्ष्या, डाह (मोह) आसक्ति (अगम) जहां गम नहीं (भवंत) महाप्रभु।

**भाष्य :** संत में काम, क्रोध, मद, लोभ, मत्सर और महो नहीं होता। वे प्रकृतिपार स्थिर चेतन से युक्त हो कर सदैव महाप्रभु का भजन करते हैं।

# कार से 25 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार



**नगांव ( हि.स. )।** जिले के कलियाबर के जखलाबंधा में पुलिस ने रविवार रात चेकिंग के दौरान एक कार से करीब 25 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए गए। तस्करी के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि पड़ोसी राज्य नगालैंड के डिमापुर से हुंडा सिटी कार में भारी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर नगांव, कलियाबर और जखलाबंधा पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी में हुंडा सिटी कार से संदिग्ध हेरोइन जब्त किया गया। करीब 18 किग्रा वजन के मादक पदार्थों को 36 पैकेटों को बड़ी चालाकी से वाहन के दरवाजे के निचले हिस्से में छिपाकर रखा गया था। पुलिस के अनुसार जब्त मादक पदार्थ की कीमत 25 करोड़ रुपए है। पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसकी हुंडा सिटी कार को भी जब्त कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है। पुलिस इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## *सड़क दुर्घटना में हॉकर की मौत*

**बाक्सा ( हि.स. )।** समाचार पत्र वितरित करने जा रहे एक हॉकर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सोमवार सुबह हॉकर की बाइक को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। पुलिस ने केस दर्ज कर डंपर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया है कि गांधारीपारा गांव का निवासी अब्दुल लतीफ बाइक से घर-घर समाचार पत्र बांटने जा रहा था। बाक्सा जिले के गोवर्धना थाना अंतर्गत जाखिलीबिल पत्थार (मैदान) के पास तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे हॉकर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि शिमलागुड़ी पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। साथ ही प्राथमिकी दर्ज कर डंपर चालक की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# कामरूप में बाढ़ की तैयारियों को लेकर अहम बैठक



**रंगिया ( निसं )।** कामरूप जिले के एकीकृत जिला उपायुक्त कार्यालय, अमीनगांव के बैठक कक्ष में अतिरिक्त उपायुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबंधन प्रणव दत्त गोस्वामी ने आज बाढ़ की तैयारियों पर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिले के सभी राजस्व अंचलों के अंचल अधिकारी एवं जिले के महत्वपूर्ण विभागों के प्रमुख उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बीते 23 फरवरी को कामरूप की जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली की अध्यक्षता में इस विषय को लेकर हुई पहली बैठक में जिला उपायुक्त ने चक्र अधिकारियों को संभावित बाढ़ से निपटने के लिए संबंधित सभी क्षेत्रों को कवर करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसी के साथ बैठक में आज संभावित बाढ़ की प्रारंभिक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सर्किल स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा पहले से तैयार की गई बाढ़ पानी की अग्रिम तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिले के अंचल स्तरीय कार्यबल ने इस संबंध में तीन मार्च को सभी फील्ड स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों सहित विस्तृत योजना तैयार कर ली है। आज की बैठक में राजस्व अंचल अधिकारियों द्वारा योजना की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। सर्किल स्तरीय कार्यबल ने बाढ़ आपदा के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली नावों, भोजन वितरण, बाढ़ राहत, पशु चारा आदि के लिए आवश्यक योजनाएं पहले ही तैयार कर ली हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्माण कार्य में लगे विभागों से मार्च के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने विभागों के फील्ड स्तर के अधिकारियों से इस संबंध में संबंधित चक्र अधिकारियों के साथ संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया।

## प्रेमिका पर धारदार हथियार से हमला, प्रेमी फरार

**तिनसुकिया ( हि.स. )।** जिले के मार्घेरिटा में एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को जान से मारने के लिए धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल युवती को डिब्रूगढ़ मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि मार्घेरिटा के स्टेशन पारा निवासी आकाश दत्ता ने अपनी प्रेमिका प्रियंका पर धारदार हथियार से हमलाकर उसको जान से मारने की कोशिश की। युवती के गले और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल को डिब्रूगढ़ मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर वह जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। बताया गया कि आकाश दत्त नशे का आदी है और उसने कुछ दिन पहले भी अपनी प्रेमिका पर हमला किया था। घटना के बाद से प्रेमी आकाश दत्त मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को तलाश कर रही है।

# बीटीसी के कार्यकारी पार्षद हासदा कई समस्याओं के निदान के दिए संकेत



**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** बोडोलैंड सचिवालय में सोमवार को बोडोलैंड के कार्यकारी पार्षद विल्सन हासदा ने सम्पूर्ण असम के साथ-साथ बोडोलैंड के निवासियों को रंगों के त्योहार होली की शुभकामना दी और साथ ही भगवान से प्रार्थना की कि रंगों का त्योहार सभी जाति, समुदाय एक साथ मिलकर शांति-सद्भावना से मनाएं। हादसा ने आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए समूचे असम के साथ-साथ बोडोलैंड के निवासियों से आह्वान किया कि सरकार द्वारा जारी पथ सुरक्षा के नियमों को ध्यान में रख कर रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स को लेकर जो लोगों को समस्या हो रही है, यह सही मायने में राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक यूएलबी एवं मुन्सिपल्टी बोर्ड को निर्देश दिया था कि प्रॉपर्टी टैक्स का पुनरनिर्धारण करना है। उसी के आधार पर प्रॉपर्टी टैक्स का पुनरनिर्धारण किया गया है। उसके बाद जो वैल्यू निकला है उसी के आधार पर टैक्स से संबंधित एक सूचना जारी किया गया है। कोकराझाड़ मुन्सिपल्टी बोर्ड की तरफ से जिसमें अचानक एक बढ़ोतरी हो गई है, जो कि 1987 से जो धीरे-धीरे बढ़ाना था वो नहीं हुआ। अचानक टैक्स बढ़ने की वजह से लोगों को झटका लगा है। जिसकी वजह से स्थानीय लोगों की तरफ से शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतों के आधार पर सुधार भी किया जा रहा है। इस दौरान इस बात की सूचना बीटीसी के मुख्य कार्यकारी पार्षद को मिली और उनके निर्देश पर एक सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हाउस टैक्स को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा ताकि लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो और उन्हें कुछ छूट मिल सके। साथ ही उन्होंने यह आकंश जताई कि इस सभा के बाद लोगों को इस समस्या से निजात मिल जाएगा। इसके अलावा विरोधी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे अपना काम कर रहे हैं। वे आरोप लगते रहेंगे और रही बात केंद्र सरकार से पैकेज लाने की तो कुछ पैकेज आया है और कुछ आने वाला है। उसके लिए हमारा काम सिर्फ पैकेज लाना ही नहीं है, बल्कि पैकेज का सही उपयोग और बीटीआर का किस तरह से विकास हो, जिससे आम लोगों की समस्यों का समाधान हो यह भी देखना है।

## छगलिया में एक पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हि.स. )।** धुबड़ी के छगलिया में एक पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। कांस्टेबल को पुलिस ने जब्त किए गए अवैध मादक कफ सिरप के कार्टन को बाजार में बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कांस्टेबल की पहचान तैमूर अली सरकार के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि जनवरी महीने में धुबड़ी जिला के छगलिया पुलिस ने बड़ी मात्रा में नशीला कफ सिरप जब्त किया था। इन्हीं में से एक कार्टन कफ सिरप गायब हो गया था। तीन दिन पहले पुलिस अधीक्षक की जांच में यह जानकारी सामने आई थी। इसके के चलते पुलिस कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया गया था। आरोप प्रमाणित होने के बाद बीती रात कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

# बरपेटा में जाली नोटों के रैकेट का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार



**बरपेटा ( निसं )।** पुलिस ने मुस्तफिजुर रहमान नाम के एक नकली मनी लॉन्ड्रर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से नकली नोटों में 5 लाख रुपए बरामद किए हैं। गिरफ्तारी कोलगछिया में शॉपुर पेट्रोल पंप के पास उस समय की गई जब रहमान जाली नोट की आपूर्ति करने के लिए हवेली से अभयपुरी जा रहा था। असम पिछले कुछ समय से जाली नोटों की समस्या से जूझ रहा है और रहमान की गिरफ्तारी को इस खतरे पर अंकुश लगाने में एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोलगछिया थाना क्षेत्र के शॉपुर पेट्रोल पंप के सामने छापा मारा और नकली नोटों के साथ रहमान को गिरफ्तार करने में सफल रही। अभयपुरी थाना क्षेत्र का व्यवसायी रहमान पिछले कुछ समय से जाली नोटों के कारोबार में संलिप्त है। पुलिस को संदेह है कि वह राज्य के विभिन्न हिस्सों में नकली नोटों का प्रसार करता रहा है। उसके पास से नकली नोटों में 5 लाख रुपए की बरामदगी उसकी अवैध गतिविधियों के लिए एक बड़ा झटका है। पुलिस राज्य में नकली नोट तस्करों के नेटवर्क का पता लगाने के लिए मामले की आगे की जांच कर रही है। रहमान की गिरफ्तारी ऐसी गतिविधियों में शामिल अन्य लोगों के लिए एक चेतावनी है कि देर-सवेर कानून उन्हें पकड़ ही लेगा। असम हाल के दिनों में जाली मुद्रा के प्रचलन को रोकने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है, अतीत में इसी तरह की कई गिरफ्तारियां हुई हैं। यह अनिवार्य है कि अधिकारी देश की मौद्रिक प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने के लिए ऐसी अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना जारी रखें।

# झुंझार परिवार, गुवाहाटी व श्री मारुति मंडल की भव्य शोभायात्रा



**गुवाहाटी ( निसं )।** श्री मारुति मंडल दिसपुर एवं झुंझार परिवार गुवाहाटी के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन सुदी श्याम बाबा की बारस पर विराट निशान शोभायात्रा का आयोजन किया गया द्य दिसपुर स्थित श्री कल्याण भवन में खाटू श्याम मंडल दिसपुर द्वारा आयोजित श्याम बाबा के वार्षिक महोत्सव में लगे श्याम बाबा के भव्य दरबार में शनिवार को प्रात: 6:30 बजे निशान पूजन किया गया, श्री बालाजी और झुंझार जी महाराज जी के पाठ किए गए और श्याम बालाजी झुंझारजी महाराज कि तीन बड़ी विशाल ध्वजाओं के संग श्री श्याम के रंग बिरंगे 311 निशान के साथ निशान यात्रा रवाना हुई। इस बार निशान यात्रा में विशेष रूप से बाबा की विशेष झांकियों के साथ जीवंत झांकियां भी थी, जिसमें भगवान श्री कृष्ण और हनुमान जी महाराज की विशेष झाकी थी। बैंड बाजा, डीजे साउंड, फुल गुलाल की मस्ती, के साथ सभी भक्त नाचते गाते जीएस रोड के प्रमुख मार्ग से होते हुए ऐ टी रोड स्थित श्याम मंदिर में निशाना अर्पित किए द्य श्याम मंदिर कमिटी द्वारा सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। झुंझार परिवार गुवाहाटी एवं श्री मारुति मंडल की ओर से श्री अजय गोयल ने विशेष रूप से प्रशासन का, श्याम मंदिर कमिटी का, खाटू श्याम मंडल दिसपुर एवं सभी भक्तों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया, यह जानकारी मंडल के सचिव मनमोहन शर्मा ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी।

# कामरूप के 30 मेधावी छात्रों को दी जाएगी शैक्षणिक सहायता

**रंगिया ( निसं )।** कामरूप जिला प्रशासन ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी के सहयोग से जिले के सरकारी और प्रादेशीकृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों को आईआईटी, जेईई, एआईईई आदि अखिल भारतीय चयन परीक्षा में बैठने के लिए सहायता और शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए कदम उठाया है। सोपन नामक यह योजना के जरिए जिले में कुल 30 छात्रों को शैक्षिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिसके लिए छात्रों को आगामी 22 मार्च तक आवेदन करना होगा। गूगल फॉर्म सहित विवरण के लिए, छात्र कामरूप जिले के जिला प्रशासन की वेबसाइट पर जाने का अनुरोध किया जाता है। जिला उपायुक्त ने पहले ही जिले के सभी प्रांतीय और सरकारी महाविद्यालयों और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि जिले के 30 मेधावी छात्रों को आवेदन के आधार पर चयन परीक्षा के माध्यम से यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

## गांव के कई शिक्षित युवा कृषि से जुड़कर हो रहे लाभांवित

**बंगाईगांव ( हि.स. )।** बाढ़ से तबाह हुए एक गांव के रेत में अपने सपने को पूरा करने के लिए कई शिक्षित बेरोजगार युवा कोशिश कर रहे हैं। बंगाईगांव जिले के वृद्धवासी गांव के कई युवा सरकारी नौकरी के पीछे भागने की बजाय कृषि कार्य से जुड़कर लाभांवित भी हो रहे हैं। स्थानीय आई नदी के किनारे रेत में युवा प्रत्येक वर्ष मौसमी तरबूज की खेती करते आ रहे हैं। इस बार भी गांव के युवा आई नदी के किनारे बेहतर किस्मों की खेती की है। वर्तमान में आई नदी के किनारे रेत चारों ओर से हरा-भरा नजर आ रहा है। छोटे-छोटे तरबूज से पूरा रेत अटा पड़ा है। तरबूज को बढ़ते देख युवाओं के चेहरे खिल गए है। लगभग तीन महीने की कठिन तपस्या के बाद अब रेत पर फल दिखने लगा है। पौधों को प्रतिदिन पर्याप्त पानी के अलावा युवा किसान नियमानुसार खाद भी दे रहे हैं, जिससे पौधों में विकास हो रहा है।

## अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहा वाहन पलटा


**चिरांग ( हि.स. )।** जिले के काजलगांव थाना अंतर्गत बरतालोवा में पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश कर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन पर भारी मात्रा में अवैध रूप से लकड़ी ले जा रही थी। हादसे के बाद चालक और अन्य लोग मौके से फरार हो गये। पुलिस ने वाहन सहित लकड़ी को जब्त कर लिया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार सोमवार की तड़के तीन बजे जब चिरांग जिले के सुंदरी वन विभाग की टीम नाका चेकिंग कर रही थी। तभी लकड़ी लदे बिना नंबर प्लेट का एक वाहन को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। वाहन चालक ने वन विभाग की टीम को देख मौके से भागने की कोशिश की। इस पर वन विभाग के कर्मियों ने वाहन का पीछा किया। पुलिस के चंगुल में फंसता देखकर वाहन चालक चलती गाड़ी से कूदकर फरार हो गया।

# रेल मंत्री ने सेवक-रंगपो रेल लिंक परियोजना का निरीक्षण किया



**गुवाहाटी ( विभास )।** रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम का दौरा किया। राज्य में अपने दौरे के दौरान, मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ सिक्किम राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए सेवक-रंगपो के बीच रेलवे कनेक्टिविटी परियोजना के पुलों, सुरंगों और स्टेशन यार्डों का निरीक्षण किया। मंत्री ने कार्य की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों से जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया। मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए, मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले ही पूर्वोत्तर भारत में संचार प्रणाली के विकास पर जोर दिया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में कई कनेक्टिविटी परियोजनाएं हैं और सभी अच्छी तरह से प्रगति पर हैं। इससे पहले, पूर्वोत्तर राज्यों में 2014 तक रेलवे के लिए औसत वार्षिक आवंटन लगभग 2000 करोड़ रुपए हुआ करता था। अब, हाल ही में घोषित बजट में इसे पांच गुना बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपए का वार्षिक आवंटन किया गया है। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि प्रतिष्ठित वंदे भारत ट्रेन दिसंबर, 2024 तक सिक्किम के रंगपो पहुंच जाएगी। मंत्री ने कहा कि सेवक और रंगपो के बीच रेल लिंक परियोजना को काफी सावधानीपूर्वक निष्पादित किया जा रहा है क्योंकि हिमालयी क्षेत्र के इस कठिन इलाके में कई पुल और सुरंग बनाने का काम है; इसके बावजूद यह अच्छी प्रगति पर है। मंत्री महोदय ने कहा कि भारतीय रेल सेवक-रंगपो रेल लिंक परियोजना का पहले गंगटोक तक और फिर भारत-चीन सीमा पर स्थित नाथुला तक सम्प्रसारण करेगी। चूंकि यह परियोजना भविष्य की कनेक्टिविटी के साथ रणनीतिक महत्व का भी है और रक्षा आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण है, इसलिए रेलवे बेहतर संचार के लिए तथा देश की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के लिए यह काम करेगा। सेवक (पश्चिम बंगाल) और रंगपो (सिक्किम) को जोड़ने वाली यह नई रेल लिंक परियोजना भारत में चल रही प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परियोजनाओं में से एक है और इस परियोजना के पूरा होने पर, पहली बार सिक्किम राज्य रेलवे से जुड़ जाएगा और इस क्षेत्र को विश्वसनीय और आरामदायक संचार बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। वर्तमान में परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सुरंगों, पुलों और स्टेशन यार्ड के निर्माण से संबंधित सभी गतिविधियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। इसके अलावा रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स (लंदन) द्वारा सिक्किम को जैविक राज्य के रूप में घोषित करने के लिए विश्व के प्रथम राज्य के रूप में मान्यता प्रदान हेतु आयोजित एक कायर्क्रम में सिक्किम राज्य के लिए डाक विभाग का विशेष कवर गो ग्रीन, गो ऑर्गेनिक का भी विमोचन किया। डाक विभाग ने अपने विशेष कवर के माध्यम से देश की संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मंत्री ने वाइब्रेंट विलेज इनिशिएटिव के हिस्से के रूप में लाचुंग गांव के ग्रामीणों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने गांव के स्कूली बच्चों के साथ भी बातचीत किया।

## मैट्रिक परीक्षार्थी और उसके अभिभावक पर हमला



**नगरबेड़ा ( निसं )।** कामरूप जिले के बोको निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगरबेड़ा में दोकुछी, भखुराड़िया रंगेश्वरी पीजूपारा पारघाट आज नगरबेड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर घर जाते समय हुई एक अप्रिय घटना ने होश उड़ा दिया है। यह पता चला है कि पीड़ित परीक्षार्थियों और एक अभिभावक पर अंतर्देशीय जल परिवहन विभाग के परिसर में मैट्रिक के कई छात्रों द्वारा कथित रूप से शारीरिक रूप से हमला किया गया था। अभिभावकों के साथ माता-पिता उस समय हैरान रह गए जब लैसी स्टाफ ने शिकायत करने वाले छात्रों के घर जाने पर परीक्षार्थियों से किराया मांगा। क्योंकि दोकुछी भखुराड़िया रंगेश्वरी पिजूपारा पारघाट स्थित पूर्व से छात्र किराए पर नहीं लिए जाते हैं। लेकिन अचानक आज खूब बातें हुई जब परीक्षार्थियों और अभिभावक से किराया मांगने पर किराया देने से मना कर दिया। यहां लेसी कर्मचारियों के एक समूह ने एक को पीटा और उसे पानी में डुबो दिया। इसके अलावा अभिभावक का मोटर साईकिल एएस 25एच-7409 नष्ट कर दिया। इसके अलावा कुछ परीक्षार्थी को आक्रमण किया बोलके सुचित किया।यह घटना को लेकर अभिभावक, परीक्षार्थी का मनोबल टुट गया और सरम, अपमान महसूस किया। घटना संदर्भ में नगरबेड़ा थाने पर केस दर्ज किया।जल्द से जल्द जांच कर के दोषी को सज़ा करने की मांग किया।

## संपादकीय

# विदेशी मंच पर राहुल

**आखिर** कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी का एजेंडा क्या है? वह भारतीय राजनीति में कौन-सा वृत्तांत तय करने पर आमादा हैं? माना जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी से उनकी निजी खुन्नस है, लेकिन भारत देश के सम्मान और उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा का सरोकार तो उनका भी होगा! राहुल बहरीन, मलेशिया, सिंगापुर और बार-बार ब्रिटेन के विदेशी मंचों से गलत तथ्य क्यों पेश करते रहे हैं? क्या यह देश-विरोध नहीं है? इन भाषणों का सारांश ऐसा है, जो वह संसद में और संसद के बाहर पहले ही बोल चुके हैं। उनका यह आरोप भी गलत है कि विपक्षी सरकार के खिलाफ कुछ बोलते हैं, तो उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। राहुल संसद के भीतर भी बोलते हैं और संसद के परिसर में भी खूब बयानबाजी करते रहे हैं। यह दीगर है कि वह 'असंसदीय' भी बोलते रहे हैं, लिहाजा वे हिस्से रिकॉर्ड से बाहर कर दिए जाते हैं। विदेशी मंचों से भारत की छवि पर कालिख पोतने की कोशिश की जा सकती है, लेकिन राहुल गांधी भी भारतीय नागरिक और निर्वाचित सांसद हैं। पेगासस जासूसी प्रकरण पर कांग्रेस संसद की कार्यवाही बाधित करती रही है। इस मुद्दे पर सर्वोच्च अदालत का अंतिम फैसला अभी आना है। हालांकि अदालत एक रपट के जरिए आंशिक फैसला दे चुकी है कि राहुल के फोन की जासूसी या टैपिंग नहीं की गई है। फिर भी कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के मंच से, एक प्रोफेसर के प्रारूप में, उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्षी नेताओं के फोन की जासूसी, एक इजऱायली स्पाईवेयर के जरिए, कराई जा रही है। भारत सरकार बताने को तैयार नहीं है कि उसने पेगासस की खरीद की अथवा नहीं। राहुल के परंपरागत आरोप रहे हैं कि भारत में लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं। संसद, मीडिया और न्यायपालिका दबाव में काम कर रहे हैं। बहरहाल राहुल गांधी खुद से ही पूछें कि भारत में वह और उनकी पार्टी जो राजनीति कर रहे हैं, चुनाव लड़ रहे हैं और प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं, क्या ऐसा करना किसी तानाशाही शासन में संभव है? राहुल ने चीन की प्रशंसा करते हुए उसे 'सद्भाव में विश्वास रखने वाला' और शांतिप्रिय देश बताया है। पड़ोसी देशों के भू-भाग को हड़पने वाला, कब्जेबाज, अपने ही देश के हज़ारों छात्रों का नरसंहार करने वाला, दुनिया को कोरोना वायरस की महामारी देने वाला, देशों को कजऱ् के जाल में फंसा कर बंधक बनाने वाला देश चीन क्या 'शांतिप्रिय' हो सकता है? देश के रक्षा मंत्री रहे जॉर्ज फर्नांडीज और मुलायम सिंह यादव सरीखे दिग्गज नेताओं ने चीन को भारत का 'दुश्मन नंबर वन' देश करार दिया था। आखिर राहुल गांधी ने कौन-सा नया कूटनीतिक शोध किया है? दरअसल यह देश बखूबी जानता है कि किसके शासन-काल के दौरान चीन ने हमारी करीब 40,000 वर्ग किलोमीटर बेशकीमती ज़मीन कब्जाई थी? बेशक नियंत्रण-रेखा के आसपास अतिक्रमण होते रहे हैं और हमारे जांबाज सैनिकों ने चीनियों की हड्डियां तोड़ कर उन्हें खदेड़ा है। राहुल गांधी या कांग्रेस के चीन के प्रति अपने पूर्वाग्रह हो सकते हैं, उनके आपसी समझौते भी हो सकते हैं, लेकिन चीन पूरी तरह एक तानाशाह किस्म का विस्तारवादी देश है। हमें यह भी समझ नहीं आया कि कांग्रेस नेता 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर श्रीनगर के 'लाल चौक' पर तिरंगा फहरा कर गदगद थे, लेकिन कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कश्मीर को उग्रवाद से प्रभावित 'हिंसक राज्य' करार दिया। राहुल ने विदेशी ज़मीन पर, अपने ही देश के खिलाफ, गलतबयानी की है। यह देश कैसे स्वीकार कर सकता है।

राहुल के परंपरागत आरोप रहे हैं कि भारत में लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं। संसद, मीडिया और न्यायपालिका दबाव में काम कर रहे हैं। बहरहाल राहुल गांधी खुद से ही पूछें कि भारत में वह और उनकी पार्टी जो राजनीति कर रहे हैं, चुनाव लड़ रहे हैं और प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं, क्या ऐसा करना किसी तानाशाही शासन में संभव है? राहुल ने चीन की प्रशंसा करते हुए उसे 'सद्भाव में विश्वास रखने वाला' और शांतिप्रिय देश बताया है। पड़ोसी देशों के भू-भाग को हड़पने वाला, कब्जेबाज, अपने ही देश के हज़ारों छात्रों का नरसंहार करने वाला, दुनिया को कोरोना वायरस की महामारी देने वाला, देशों को कजऱ् के जाल में फंसा कर बंधक बनाने वाला देश चीन क्या 'शांतिप्रिय' हो सकता है? देश के रक्षा मंत्री रहे जॉर्ज फर्नांडीज और मुलायम सिंह यादव सरीखे दिग्गज नेताओं ने चीन को भारत का 'दुश्मन नंबर वन' देश करार दिया था। आखिर राहुल गांधी ने कौन-सा नया कूटनीतिक शोध किया है? दरअसल यह देश बखूबी जानता है कि किसके शासन-काल के दौरान चीन ने हमारी करीब 40,000 वर्ग किलोमीटर बेशकीमती ज़मीन कब्जाई थी? बेशक नियंत्रण-रेखा के आसपास अतिक्रमण होते रहे हैं और हमारे जांबाज सैनिकों ने चीनियों की हड्डियां तोड़ कर उन्हें खदेड़ा है।

## कुछ अलग

# कर अदायगी का शहरी अदब

**वर्षों** गुजरने के बाद हिमाचल को अब शहरीकरण की व्यवस्था में लोकतांत्रिक जरूरतें तथा जनभागिता में शहरी निकायों में पैदा होता अर्थतंत्र दिखाई दे रहा है। यह इसलिए भी कि शिमला नगर निगम क्षेत्र के बाहर सात वर्ष पूर्व धर्मशाला नगर निगम का अस्तित्व नजर आया और फिर जयराम सरकार ने सोलन, मंडी के साथ-साथ पालमपुर के दायरे में शहरीकरण की सीमा में नए निगम जोड़ दिए। इसी कड़ी में बीबीएन, हमीरपुर व ऊना की परिधि में शहरीकरण के संबोधन अब नए नगर निगमों की रूपरेखा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से निवेदन कर चुके हैं। जाहिर है शहरी निकायों की रूपरेखा में हिमाचली विकास के नए आयाम और आर्थिक गतिविधियों में रोजगार के पैगाम भी पल्लवित होंगे, लेकिन सवाल शहरों को आत्मनिर्भर बनाने का है और इसके लिए आय के संसाधनों के रूप में जनता से माकूल कर अदायगी चाहिए। शहरी साधन, सुविधाएं, सेवाएं और संकल्प एक तरफ व्यय के मुकम्मल स्रोत मांगते हैं, तो दूसरी तरफ जनता से नए करों की उगाही का बंदोबस्त करना चाहेंगे। यही तकाजा पिछले कुछ सालों से राजनीतिक रस्साकशी में फंसा है, लेकिन अब न केवल नगर निगम, बल्कि 56 शहरी निकायों की आय में संपत्ति कर जोडऩे की नई व्यवस्था कायम करने का प्रस्ताव है। शिमला की तर्ज पर यूनिट एरिया मैथड से संपत्ति कर सर्वप्रथम चार अन्य नगर निगमों में अमल में लाया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत शहर खुद में अलग-अलग जोन के हिसाब से कर को परिभाषित करेगा। यानी शहर की अहमियत, इमारतों के जीवन चक्र व मञ्ड एरिया में जन सुविधाओं का हिसाब तय करेगा कि किससे कितना संपत्ति कर वसूला जाए। टैक्स के क्षेत्र में उतरे बिना शहरों का उद्धार नहीं हो सकता, लेकिन राजनीति के मुलायम इरादों ने हिमाचली जनता के हाथ बांध रखे हैं। जाहिर तौर पर परजीवी बनकर नागरिक अपने परिवेश की दिशा नहीं सुधार सकते, इसलिए आने वाले समय में कर अदायगी की सहजता से न केवल शहरों की क्षमता में सुधार आएगा, बल्कि प्रादेशिक दृष्टि में आत्मनिर्भरता का नया आधार भी विकसित हो पाएगा। जिस प्रदेश में डेढ़ सौ यूनिट फ्री बिजली से शुरू हुआ कारवां तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली का इंतजार कर रहा हो, वहां कर अदायगी की सर्वमान्य तहजीब विकसित करना आसान नहीं। जहां सफाई जैसे विषय को लेकर भी मात्र पचास रुपया प्रति महीना अदा करने से नागरिक कतराते हों, वहां नगर निकायों को कर वसूलने के लिए बहुत श्रम व संयम दिखाना पड़ेगा। ऐसे में एक सरल व सहज तरीका जीवन शैली की जरूरतों की आपूर्ति में सरकारी सेवाओं के साथ जोड़ा जा सकता है। यानी बिजली का मीटर और पानी की सामान्य दरों के साथ हर महीने नगर निकायों की शुल्क वसूली जोड़ी जा सकती है। नागरिक जरूरतों से नगर निकायों की जिम्मेदारी का फलक तभी ऊंचा होगा, अगर शहरी विकास योजनाओं के तहत नागरिक सुविधाओं का स्तर भी ऊंचा होगा। इसके लिए हर नगर निकाय को आय बढ़ाने के स्रोत और आत्मनिर्भर होने के रास्ते खोजने होंगे। सर्वप्रथम शहरी प्रबंधन से शहरी सुशासन तक पहुंचने के लिए आत्म-विश्लेषण, अतीत की गलतियों के सबक और भविष्य के लक्ष्य स्पष्ट करने होंगे। विडंबना यह है कि पिछले चार दशकों से शहरीकरण की उपेक्षा ने ऐसी जनसंख्या बढ़ा दी जो बिना किसी शहरी अदब के अंधाधंध निर्माण के निजी स्वार्थ के सिंहासन पर विराजित है। शहरी माफिया उन तमाम भवनों पर विराजित है, जो शहरी संपत्तियों के हिसाब से नगर निकायों की आमदनी बढ़ा सकता है। आम नागरिक से संपत्ति कर वसूलने के साथ शहरी निकायों की संपत्तियां या तो खाली कराई जाएं या मार्किट वैल्यू पर किराया वसूली की जाए। विडंबना यह भी है कि शहरी निकायों की आय-व्यय का हिसाब केवल पार्षदों की सियासत को वरीयता दे रहा है, जबकि शहर का धन नागरिक समाज की मंजूरी के बिना व्यर्थ नहीं जाना चाहिए।

## वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 24.62 अरब डॉलर के दवा उत्पादों का निर्यात किया था

# दुनिया की नई फार्मेसी भारत

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

फार्मा सेक्टर के विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे में इस समय जो भारतीय दवाई उद्योग करीब 50 अरब डॉलर रुपए के स्तर पर है, वह 2030 तक 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर पहुंचने की संभावनाएं रखता है। साथ ही यह सेक्टर सरकार के मेक इन इंडिया प्रोग्राम का लीडर बन सकता है। पिछले दिनों वायस ऑफ ग्लोबल साउथ बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर दुनिया के वसा सौ से ज्यादा गरीब व विकासशील देशों को आरोग्य मैत्री से प्राकृतिक आपदा या मावनीय आधार पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। स्थिति यह है कि दवाई उद्योग की वैश्विक श्रृंखला के बाधित होने से इस समय भारत की फार्मा कंपनियों को विभिन्न दवाइयों की आपूर्ति के आदेश लगातार मिल रहे हैं इतना ही नहीं, अमेरिका, यूरोप और रूस सहित अनेक देशों में दवाइयों की आपूर्ति में कमी के बीच दवाइयों के लिए दुनिया की निगाहें भारत की ओर लगी हुई हैं।

**यकीनन** इस समय देश का दवाई उद्योग घरेलू और वैश्विक मांग की पूर्ति करने के लिए छलांगे लगाकर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। दुनिया के कोने-कोने के देशों से दवाई आपूर्ति बढ़ाने के निर्यात आदेश लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में नए वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट से भारतीय दवाई उद्योग को और ऊंचाई मिलने का परिदृश्य निर्मित हुआ है। वित्तमंत्री ने दवाई उद्योग के लिए अनुसंधान एवं नवाचार के जोरदार प्रावधान किए हैं। फार्मा उद्योग का जो बजट पिछले वर्ष करीब 100 करोड़ रुपए का था, उसे बढ़ाकर करीब 1250 करोड़ रुपए किया गया है। फार्मा सेक्टर के विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे में इस समय जो भारतीय दवाई उद्योग करीब 50 अरब डॉलर रुपए के स्तर पर है, वह 2030 तक 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर पहुंचने की संभावनाएं रखता है। साथ ही यह सेक्टर सरकार के मेक इन इंडिया प्रोग्राम का लीडर बन सकता है। पिछले दिनों वायस ऑफ ग्लोबल साउथ बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर दुनिया के सवा सौ से ज्यादा गरीब व विकासशील देशों को आरोग्य मैत्री से प्राकृतिक आपदा या मानवीय आधार पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। स्थिति यह है कि दवाई उद्योग की वैश्विक श्रृंखला के बाधित होने से इस समय भारत की फार्मा कंपनियों को विभिन्न दवाइयों की आपूर्ति के आदेश लगातार मिल रहे हैं। इतना ही नहीं, अमेरिका, यूरोप और रूस सहित अनेक देशों में दवाइयों की आपूर्ति में कमी के बीच दवाइयों के लिए दुनिया की निगाहें भारत की ओर लगी हुई हैं। ऐसे में भारत दुनिया की नई फार्मेसी और वैक्सीन हब के रूप में उभरकर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि इस समय भारत दवाई उत्पादन की मात्रा के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है और दवाई के मूल्य के मद्देनजर 14वें क्रम पर है। भारतीय फार्मा उद्योग वर्तमान में 50 अरब डॉलर से अधिक का है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 24.62 अरब डॉलर के दवा उत्पादों का निर्यात किया था। वैश्विक मंदी के बीच भी इस बार वित्त वर्ष 2022-23 में भारत से दवा का निर्यात 27 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर को छू सकता है। भारत से दवाइयों का निर्यात न केवल गरीब और विकासशील देशों को वरन अमेरिका व यूरोप सहित विभिन्न विकसित देशों में भी किया जा रहा है। इस वर्ष अनेक भू-राजनीतिक कारणों से विभिन्न दवाइयों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित रही, लेकिन भारत ने अपनी आपूर्ति प्रतिबद्धताओं



को अच्छी तरह से निभाते हुए दवाओं का निर्यात बरकरार रखा। इससे हमारे उद्योग पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है। यही कारण है कि चालू वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान अप्रैल 2022 से सितंबर 2022 तक देश के फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में एफडीआई प्रवाह 8081 करोड़ रुपए रहा है। चूंकि भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमेरिका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है, इसी कारण भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दुनिया की करीब 70 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग भारत में ही होती है। जेनेरिक दवाओं की अफ्रीका की कुल मांग का 50 प्रतिशत, अमेरिका की मांग का 40 प्रतिशत तथा ब्रिटेन की कुल दवा मांग का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत से ही जाता है। दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन का भी उत्पादन भारत में होता है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनिवार्य टीकाकरण योजनाओं के लिए 70 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति भारतीय दवाई निर्माता कंपनियों के द्वारा की जाती है। इतना ही नहीं, भारत में सस्ती लेकिन गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के लिए कई विकसित देश के मरीज भी भारत का रुख कर रहे हैं। भारत में चिकित्सा सेवा की लागत पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है और भारत दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे सस्ता है। यही कारण है कि भारत को चिकित्सा पर्यटन के लिए दुनिया में लाभप्रद जगह माना जा रहा है, जहां स्वास्थ्य लाभ के अलावा खूबसूरत जगहों का भ्रमण भी किया जा सकता है। दुनिया के अनेक देशों से बड़ी संख्या में लोग भारत में चिकित्सा पर्यटन के लिए आते हैं। वैश्विक मेडिकल टूरिज्म के लिए दुनिया के पहले दस देशों में भारत का नाम रेखांकित हो रहा है। निःसंदेह भारत के दुनिया की नई फार्मेसी और वैक्सीन का हब बनने के कई कारण उभरकर दिखाई दे रहे हैं। कोरोना महामारी के बीच भारत में दवाई का उत्पादन और वितरण तेजी से बढ़ा है। कोरोना वायरस महामारी के दौरान भारत ने दवाई उत्पादन में असाधारण भूमिका निभाई है। कोविड महामारी से जूझ रहे दुनिया के 150 से अधिक देशों को भारत ने कोरोना से बचाव की अनिवार्य दवाइयां मुहैया कराई हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि केंद्र सरकार ने दवाई उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने, अधिक कीमतों वाली दवाइयों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने और चीन से होने वाले दवाइयों के कच्चे माल- एपीआई (एक्टिव फार्मास्युटिकल्स इंग्रीडिएंट्स) के भारत में ही उत्पादन हेतु कोई ढाई वर्ष पहले शुरू की गई जिस प्रोडक्शन लिंक इंसेंटिव्स (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब 2 लाख रुपए के आबंटन सुनिश्चित किए गए थे, उस स्कीम को बड़ी सफलता मिली है। देश में पीएलआई स्कीम के कारण वर्ष 2022-23 में अप्रैल-अगस्त के दौरान फार्मा उत्पादों के आयात में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 40 फीसदी की कमी आई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि देश में फार्मास्युटिकल विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 21-22 से वित्त वर्ष 25-26 की अवधि के लिए 500 करोड़ रुपए के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ भारत को फार्मास्युटिकल उद्योग को मजबूत बनाने के लिए एसपीआई योजना के तहत फार्मा क्षेत्र में विश्व स्तर पर अग्रणी बनाने के लिए मौजूदा बुनियादी सुविधाओं के मद्देनजर फार्मा के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग और फार्मा क्लस्टर को सामान्य सुविधाओं के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इससे न केवल देश में दवाई की गुणवत्ता में सुधार आएगा बल्कि दवाई क्लस्टरों का निरंतर विकास भी सुनिश्चित होगा। निश्चित रूप से इस समय दुनिया के मानचित्र पर भारत के नई वैश्विक फार्मेसी और कोरोना वैक्सीन का हब बनने की जो चमकीली संभावनाएं निर्मित हुई हैं, उन्हें रणनीतिक प्रयासों से मुठ्ठियों में लिए जाने का हरसंभव प्रयास किया जाना होगा। फार्मा सेक्टर से संबंधित पीएलआई योजना से दवाई उत्पादन बढ़ाने पर और अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा। सस्ती दरों पर जेनेरिक दवाओं के निर्माण तथा कच्चे माल की उपलब्धता में सुधार करने हेतु देश के विभिन्न राज्यों में फार्मा सेक्टर से संबंधित कच्चे माल की विनिर्माण इकाइयों तथा इनक्यूबेटर सेंटरों की स्थापना के लिए सरकार के द्वारा अधिक समर्थन दिया जाना होगा।

# जी20 से क्या और कितना पाएंगे हम

जी20 का अठारवहां शिखर सम्मेलन दिल्ली के प्रगति मैदान में 9 और 10 सितंबर को होना है। तब दिल्ली में जी20 समूह के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों का जमावड़ा होगा और यह जी20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत की पारी का समापन समारोह भी होगा। यह बात थोड़ी हैरत जरूर जगाती है कि जी20 यानी 19 देशों और यूरोपीय संघ को मिलाकर बने इस संगठन के इतिहास में 17 साल बाद भारत को इसकी मेजबानी का मौका क्यों मिला या इससे पहले यह मौका आखिर क्यों नहीं मिल पाया? जी20 की स्थापना सन 1999 में एशियाई वित्तीय संकट के बाद हुई थी, लेकिन इसके पीछे 1975 में बने जी7 या सात देशों का समूह था। ये सात देश थे– अमेरिका, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और कनाडा, यानी यह उस वक्त के सबसे अमीर देशों का संगठन था। इसकी सालाना बैठकों में अर्थनीति के साथ-साथ राजनीति और सुरक्षा से जुड़े मसलों पर भी चर्चा होती थी।

**दिल्ली** और गुरुग्राम में बीते हफ्ते जी20 की धूम रही। इस महीने की शुरुआत राजधानी दिल्ली में दो दिन के विदेश मंत्री सम्मेलन से हुई। साथ ही, गुरुग्राम में 1 से 4 मार्च तक भ्रष्टाचार निरोधक कार्य समूह की बैठक भी चलती रही और बात सिर्फ दिल्ली या गुरुग्राम की नहीं है। इस साल की शुरुआत से अब तक कोलकाता, पुणे, तिरुवनंतपुरम, चंडीगढ़, जोधपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, बेंगलुरु, कच्छ के रन, इंदौर, लखनऊ, खजुराहो जैसी जगहों पर कहीं एक, और कहीं एक से ज्यादा आयोजन हो चुके हैं।

जी20 का अठारहवां शिखर सम्मेलन दिल्ली के प्रगति मैदान में 9 और 10 सितंबर को होना है। तब दिल्ली में जी20 समूह के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों का जमावड़ा होगा और यह जी20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत की पारी का समापन समारोह भी होगा। यह बात थोड़ी हैरत जरूर जगाती है कि जी20 यानी 19 देशों और यूरोपीय संघ को मिलाकर बने इस संगठन के इतिहास में 17 साल बाद भारत को इसकी मेजबानी का मौका क्यों मिला या इससे पहले यह मौका आखिर क्यों नहीं मिल पाया? जी20 की स्थापना सन 1999 में एशियाई वित्तीय संकट के बाद हुई थी, लेकिन इसके पीछे 1975 में बने जी7 या सात देशों का समूह था। ये सात देश थे- अमेरिका, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और कनाडा, यानी यह उस वक्त के सबसे अमीर देशों का संगठन था। इसकी सालाना बैठकों में अर्थनीति के साथ-साथ राजनीति और सुरक्षा से जुड़े मसलों पर भी चर्चा होती थी। साल 1998 में रूस को भी इस समूह का सदस्य बनाया गया और तब से इसे जी8 कहा जाने लगा। हालांकि, 2014 में रूस को बाहर करके इसे फिर से जी7 बना दिया गया।

इसकी वजह थी कि रूस ने यूक्रेन के प्रांत क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। वैसे, रूस जी20 का सदस्य है, लेकिन इस बार फिर रूस के यूक्रेन पर हमले का सवाल इस संगठन में विवाद का विषय बना हुआ है। जी7 की बैठकें अब भी अलग से होती रहती हैं, लेकिन जैसे अमीर आदमी को हमेशा यह फिक्र बनी रहती है कि उसके आसपास अमन-चैन है या नहीं, उसी तरह 1999 के एशियाई मुद्रा संकट के बाद इन अमीर देशों को यह चिंता सताने लगी कि ऐसी मुसीबतों को कैसे कम से कम किया जाए। यह विचार भी बना कि शायद दुनिया के आर्थिक वर्तमान और भविष्य की फिक्र करते वक्त उन देशों को भी साझेदार बनाना जरूरी होगा, जो आर्थिक नक्शे पर तेजी से अपनी पहचान बना रहे हैं। तभी जी8 की पहल पर जी20 की शुरुआत हुई। तब से अब तक जो 17 सम्मेलन हुए हैं, उनमें से सिर्फ पांच ही हैं, जो जी8 सदस्यों, यानी अमीर देशों से बाहर हुए हैं। 2008 के विश्व आर्थिक संकट के बाद यह राष्ट्राध्यक्षों का सम्मेलन हो गया है। जी8 देशों ने जब जी20 बनाया, तब शायद सोचा भी नहीं होगा कि 2008 के संकट के बाद और फिर कोरोना के बाद की दुनिया में उनका यह कदम कितना दूरंदेशी भरा साबित होगा।

अब जी20 देशों की हैसियत इस बात से समझी जा सकती है कि दुनिया की दो तिहाई आबादी इन्हीं देशों में रहती है, दुनिया की जीडीपी का 85 प्रतिशत हिस्सा इनके पास है और विश्व व्यापार में इनकी हिस्सेदारी 75 प्रतिशत से ऊपर है। आर्थिक पैमाने पर दुनिया के देशों की हैसियत में भी काफी उतार-चढ़ाव हो चुके हैं। साफ है, 1999 और 2008 के बाद इस समूह के सामने सबसे बड़ी चुनौती खड़ी है। शायद यह उन दोनों संकटों से कहीं बड़ी और विकट समस्या भी है। इस मौके पर जी20 का अध्यक्ष और मेजबान होना भारत के लिए जितनी बड़ी चुनौती खड़ी करता है, शायद उतना ही बड़ा मौका भी साबित हो सकता है।

बाली में पिछले साल हुए जी20 सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन शामिल नहीं हुए थे और उनके विदेश मंत्री भी समय से पहले ही वापस लौट गए थे। हालांकि, उम्मीद है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन सम्मेलन के लिए नई दिल्ली आएंगे। यूक्रेन मामले पर गतिरोध की एक बड़ी वजह यह है कि ग्लोबल साउथ कहलाने वाले, यानी धरती के दक्षिणी हिस्से में मौजूद ज्यादातर गरीब देश ग्लोबल नॉर्थ या खासकर पश्चिम के अमीर देशों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहते। उनमें से अनेक रूस के पक्ष में न होते हुए भी अमेरिका का साथ देता हुआ भी नहीं दिखना चाहते।

भारत से उम्मीद की जा रही है कि वह इस नाजुक वक्त पर दोनों पक्षों के बीच पुल का काम कर सकता है। यहां न सिर्फ दुनिया की समस्या सुलझने की उम्मीद है, बल्कि वैश्विक शक्ति समीकरणों में खुद भारत के लिए एक बेहतर भूमिका की गुंजाइश भी साफ दिखती है। देश के पचास से ज्यादा शहरों में दो सौ से ज्यादा आयोजन हो रहे हैं। बजट में जी20 के लिए 990 करोड़ रुपये का इंतजाम अलग से किया गया है। यह सब सिर्फ इसलिए कि इससे भारत की हैसियत कुछ बढ़ सकती है। और वह भी एक ऐसे संगठन की अध्यक्षता पर, जो हर साल बारी-बारी से किसी न किसी देश को मिलती ही है। यह सवाल पूछा जा सकता है कि इससे हमारे देश को और जनता को भी कुछ मिलेगा क्या? इस सवाल का सीधा जवाब मुश्किल है, लेकिन दो तरह से देखा जा सकता है।

एक तो हैसियत बढ़ने का अर्थ यह होगा कि दुनिया की आर्थिक नीतियों में अपने हिसाब से फेरबदल के लिए दबाव बनाना आसान हो जाएगा। दूसरा, देश के पचास शहरों में दो सौ से ज्यादा कार्यक्रमों का अर्थ एक तरह से इन शहरों का, इनकी सांस्कृतिक संपदा का और भारत के तमाम किस्म के उत्पादों का पूरी दुनिया में प्रचार भी होगा। यह वैसे ही है, जैसे स्विट्जरलैंड या नीदरलैंड में भारतीय फिल्मों की शूटिंग से इन देशों के पर्यटन उद्योग को लंबे समय तक फायदा होता रहा। कितना फायदा होगा और कितने समय तक, यह हिसाब लगाना मुश्किल है। जैसे 1982 में हुए एशियाई खेलों या कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान शहर में हुए काम का फायदा आज तक दिल्ली में दिखता है, वैसे ही इन तमाम शहरों में काफी कुछ ऐसा भी होगा, जो आने वाले समय में फायदेमंद होगा।

## नागरिक बोध

# हिरण पर क्यों लादें घांस?

**हमारे** राजस्थान और उत्तरप्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की बाढ़ आ रही है लेकिन ज़रा रूस की तरफ देखें। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने कल एक राजाज्ञा पर दस्तखत किए हैं, जिसके अनुसार अब रूस के सरकारी कामकाज में कोई भी रूसी अफसर अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल नहीं करेगा। इस राजाज्ञा में यह भी कहा गया है कि अंग्रेजी मुहावरों का प्रयोग भी वर्जित है। लेकिन जिन विदेशी भाषा के शब्दों का कोई रूसी पर्याय ही उपलब्ध नहीं है, उनका मजबूरन उपयोग किया जा सकता है। रूस ही नहीं, चीन, जर्मनी, फ्रांस, और जापान जैसे देशों में स्वभाषाओं की रक्षा के कई बड़े अभियान चल पड़े हैं। आजकल दुनिया काफी सिकुड़ गई है। सभी देशों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कूटनीति, आवागमन आदि काफी बढ़ गया है। इसीलिए इन क्षेत्रों से जुड़े लोगों को विदेशी भाषाओं का ज्ञान जरूरी है लेकिन भारत-जैसे अंग्रेजों के पूर्व गुलाम राष्ट्रों में अंग्रेजी का वर्चस्व इतना बढ़ गया है कि स्वभाषाएं अब दिवंगत होती जा रही हैं। हमारे नेताओं का बौद्धिक स्तर इतना सतही है कि वे इस स्वभाषा-पतन के दूरगामी खतरों से अनभिज्ञ हैं। क्या भाजपाई, क्या कांग्रेसी, क्या समाजवादी और क्या साम्यवादी नेता सभी अंग्रेजी की फिसलपट्टी पर फिसल रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि भाषा को खत्म करके आप अपनी संस्कृति और परंपरा को बचा ही नहीं सकते। भाषा बदलने से आदमी का सोच बदलने लगता है, रिश्ते बदलने लगते हैं, मौलिकता समाप्त हो जाती है। जो देश पिछले दो-तीन सौ साल में महाशक्ति और महासंपन्न बने हैं, वे अपनी भाषाओं के जरिए ही बने हैं। मैं दुनिया के पांचों महाशक्ति राष्ट्रों में रहकर उनकी भाषा नीति को निकट से देख चुका हूं। उनमें से किसी भी राष्ट्र की पाठशालाओं में विदेशी भाषा अनिवार्य रूप से नहीं पढ़ाई जाती है। हमारे बच्चों पर सिर्फ अंग्रेजी नहीं लादी जाए। उन्हें बड़े होकर कई विदेशी भाषाएं सीखने की छूट हो लेकिन यदि प्राथमिक कक्षाओं में उन पर अंग्रेजी थोपी गई तो यह हिरण पर घांस लादनेवाली बात हो गई। इसे सीखने में वे रट्टू तोते बन जाते हैं और उनमें हीनता ग्रंथि पनपने लगती है। महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया ने इस बात को काफी अच्छी तरह समझा था। लेकिन कैसा दुर्भाग्य है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और अशोक गहलोत जैसे संस्कारवान नेता उसके मुख्यमंत्री हैं और उन्होंने उन अंग्रेजी स्कूलों का नाम 'महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल' रख दिया है। अशोक गहलोत जो कि कांग्रेसी नेता हैं और उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जो कि भाजपा के नेता हैं, दोनों ज़रा महात्मा गांधी और गुरू गोलवलकर के इन कथनों पर ध्यान दें: - ''यदि मैं तानाशाह होता तो आज ही विदेशी भाषा में शिक्षा देना बंद कर देता। सारे अध्यापकों को स्वदेशी भाषाएं अपनाने को मजबूर कर देता। जो आनाकानी करते, उन्हें बर्खास्त कर देता।'' गुरू गोलवलकर, ''आज देश की दुर्दशा यह है कि अंग्रेजी प्रमुख भाषा बन बैठी है और सब भाषाएं गौण बन गई हैं।

## देश दुनीया से

# थोड़ा तुम थोड़ा मैं फागुन हो जाऊँ

**खेतों** में फसलों की रंगत बदल गई है। सरसों के पीले फूल खत्म हो गए हैं और वह फलियों से गदाराई है। मटर और जौ की बालियां सुनहली पड़ने लगी हैं। जवान ठंड अब बुढ़ी हो गई है। हल्की पछुवा की गलन गुनगुनी धूप थोड़ा तीखी हो गई है। घास पर पड़ी मोतियों सरीखी ओस की बूँदें सूर्य की किरणों से जल्द सिमटने लगी हैं। प्रकृति के इस बदलाव के साथ फागुन ने आहिस्ता- आहिस्ता क़दम बढ़ा दिया है। टेंशू , गेंदा और गुलाब फागुन की मस्ती में खिलखिला रहे हैं। अमराइयों में आम में लगे बौरों की मादकता अजीब गंध फैला रहीं है। भौंरे कलियों का रसपान कर वसंत के गीत गुनगुना रहे हैं। पेड़ों से पत्ते रिश्ते तोड़ वसंत के स्वागत में धरती पर बिछ जाने को आतुर हैं। प्रकृति और उसका ऐहसास फागुन के होने की दस्तक देता है। लेकिन इंसान बिल्कुल बदल चुका है। वह फागुन को जीना नहीं चाहता है। वह प्रकृति से साहश्चर्य नहीं रखना चाहता है। वह उसे भी जीतना चाहता है। खुद नियंता बनाना चाहता है। शायद यहीं उसकी भूल है। फागुन में भौजाई की ठिठोली और मसखरी जाने कहां खो गई। फागुन के गीतों पर ढोल- मंजीरे की थाप सुनाई नहीँ देती है। पूर्वांचल में फागुन के गीत को फगुवा के नाम से पुकारा जाता है। लेकिन अब यह गीत और उसे गाने वाले लोग गायब हैं। अश्लील और गंदे भोजपुरिया गीतों का राज है। फाग गीत प्रकृति से जुड़े होते थे। लेकिन आजकल के गानों में सिर्फ अश्लीलता है। सभ्य समाज में ऐसे गीत सुनने लायक भी नहीं है। समय के साथ सब कुछ बदल रहा है। जबकि यह बदलाव तथ्य और अर्थहीन है। फागुन प्रकृति का रंगोंत्सव है। फागुन में प्रकृति बदल जाती है। वह मलंग हो जाती है। उसमें अजीब मादकता आ जाती है। फागुन और बसंत के जरिए प्रकृति हमें संदेश देती है कि जिस प्रकार मैं विविधताओं से भरी हूं उसी तरह मानव जीवन में भी रंगों की विविधताएं हैं। सुख-दुःख, हर्ष, विस्माद, उल्लास, उत्सव भी जीवन के अपने रंग हैं। इसको खुल कर जीना चाहिए। फागुन जैसा जीना चाहिए।प्रकृति हमें संतुलन ही नहीं संतुष्टि भी सिखाती है। लेकिन हम उसके संदेश को पढ़ नहीं पाते हैं। जब उसे पढ़ने की कोशिश करते हैं तो फागुन यानी बसंत गुजर गया होता है और हम पतझड़ को लेकर फिर परेशान हो जाते हैं। क्योंकि हम सिर्फ बसंत को जीना चाहते हैं पतझड़ को नहीं। माघ- फागुन के मौसम में चरखी से निकले गन्ना के रस में दही मिला सीखरन तैयार होता था। फ़िर मटर की सलोनी के साथ उसे पीने का आनंद और स्वाद ही अलग था। अब गाँवों से गन्ने की खेती गायब हो चली है। कड़ाहे गुड़ और खांड की सोंधी गंध नाक को तृप्त नहीँ करती। वह वक्त भी था जब पकती खांड में हम आलू डालने जाते तो दादा की खूब डाट मिलती। लेकिन सब कुछ बदल गया है। अब गांव कंकरीट के जंगल में तब्दील हो चुके हैं। धनाढ्यों ने कई मंजिला इमारतें खड़ी कर शहरी अभिजात संस्कृति का आगाज किया है। घरों में टिमटिमाती ढेबरी की जगह एलीडी और इनवर्टर की प्रकाश ने ले लिया है। कभी – कभी मिट्टी का तेल यानी केरोसिन न मिलने से दादी और अम्मा कडुवा तेल का दीपक जलाती थी। लेकिन अब यह बातें कहानियां हो गई हैं। प्रकृति में अल्हड़ फागुन जीवंत है लेकिन बदली परम्पराओं और हमारी सोच में वह बूढ़ा हो चला है। फागुन में रास है न रंग। बस होली के नाम पर औपचारिकता दिखती है। अब गालों पर गुलाल मलने सिर्फ रस्म निभाई जाती है जबकि दिल नईं मिलते। गाँवों में फागुन वाली भौजाई गायब है। जब कच्चे मकान होते थे तो भौजाई और घर की औरतें माटी- गोबर लगाती थी। पूर्वांचल में गांव की भाषा में इसे गोबरी कहते हैं। गोबरी लगाते वक्त अगर कोई देवर उधर से गुजरता था तो भौजाई दौड़ा कर मुंह और कपड़े में गोबरी लगा फागुन और होली के हुडदंग का आगाज करती थी। फ़िर देवर भी भौजाई को छेड़ने के मौके तलाशते थे। टोलियों के साथ होली मनती थी।

हल्की पछुवा की गलन गुनगुनी धूप थोड़ा तीखी हो गई है। घास पर पड़ी मोतियों सरीखी ओस की बूँदें सूर्य की किरणों से जल्द सिमटने लगी हैं। प्रकृति के इस बदलाव के साथ फागुन ने आहिस्ता- आहिस्ता क़दम बढ़ा दिया है। टेंशू, गेंदा और गुलाब फागुन की मस्ती में खिलखिला रहे हैं। अमराइयों में आम में लगे बौरों की मादकता अजीब गंध फैला रहीं है। भौंरे कलियों का रसपान कर वसंत के गीत गुनगुना रहे हैं। पेड़ों से पत्ते रिश्ते तोड़ वसंत के स्वागत में धरती पर बिछ जाने को आतुर हैं। प्रकृति और उसका ऐहसास फागुन के होने की दस्तक देता है। लेकिन इंसान बिल्कुल बदल चुका है। वह फागुन को जीना नहीं चाहता है। वह प्रकृति से साहश्चर्य नहीं रखना चाहता है।



# हैरी और मेगन को किंग चार्ल्स की ताजपोशी का न्योता: राजशाही छोड़ चुके बेटे को मेल भेजकर बुलाया, किताब के खुलासों से बढ़ी थी नाराजगी

**लंदन।**
ब्रिटेन के शाही परिवार को छोड़ कर अमेरिका में बस चुके प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल को कड़े मतभेदों के बाद भी किंग चार्ल्स अपनी ताजपोशी में बुलाएंगे। इसकी जानकारी खुद प्रिंस हैरी ने दी है। उन्होंने एक बयान जारी किया है। इसमें बताया है कि उन्हें किंग चार्ल्स की ताजपोशी में बुलावे के लिए मेल आया है। हालांकि राजशाही छोड़ चुके दंपत्ति ने नहीं बताया कि वो इस कार्यक्रम में शामिल होंगे या नहीं।

### बकिंघम पैलेस ने कमेंट करने से मना किया

वहीं दूसरी तरफ बकिंघम पैलेस ने इस न्योते पर कोई भी कमेंट करने से मना कर दिया है। दरअसल, पहले कई ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं जिनमें दावा किया गया था कि प्रिंस हैरी और मेगन को ताजपोशी में नहीं बुलाया जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ खास लोगों को मई में होने वाली किंग चार्ल्स की ताजपोशी के लिए एडवांस में न्योते दिए गए। इन लोगों को प्रिंटेड कार्ड भेजे गए हैं। प्रिंस हैरी से पहले भी जब पूछा गया था कि क्या वो अपने पिता कि ताजपोशी में जाएंगे इस पर हैरी ने जवाब में कहा था- मेरे दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले हैं अब उन्हें ये तय करना होगा कि वो मुझे बुलाते हैं या नहीं।

### तीन दिन पहले ही हैरी-मेगन से छिना था रॉयल हाउस

बकिंघम पैलेस ने तीन दिन पहले ही ड्यूक एंड डचेस ऑफ ससेक्स को रॉयल घर खाली करने को कहा गया था। ये आदेश किंग चार्ल्स ने दिया था। घर खाली करने बाद पूरा सामान अमेरिका के कैलिफोर्निया पहुंचाया जाएगा। रॉयल फैमली छोड़ने के बाद से हैरी-मेगन अमेरिका में ही रह रहे हैं। इतना ही नहीं ये घर चार्ल्स ने अपने भाई प्रिंस एंड्रयू के लिए खाली करवाया है। यानी अब यहां प्रिंस एंड्रयू रहेंगे।

### डॉक्यूमेंटरी और किताब से रिश्ते और बिगड़े

प्रिंस हैरी और मेगन मर्केल के 2020 में राजशाही छोड़ते ही ब्रिटेन के राजपरिवार से रिश्ते खराब हो गए थे। लेकिन, हाल ही में नेटफलिक्स पर आई प्रिंस हैरी की डॉक्यूमेंटरी और उसके बाद उनकी किताब स्पेयर ने दोनों पक्षों के बीच विवाद को और बढ़ा दिया है। किताब और डॉक्यूमेंटरी में प्रिंस हैरी ने कई तरह से राज परिवार की आलोचना की है।

## न्यूज ब्रीफ

### इमरान को सता रहा मौत का डर! कोर्ट में पेशी से पहले सीजेपी को पत्र लिखकर मांगी पर्याप्त सुरक्षा

**इस्लामाबाद ।** तोशाखाना मामले में इस्लामाबाद पुलिस ने रविवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान को गिरफ्तार करने लाहौर स्थित उनके जमन पार्क घर पहुंची, लेकिन समर्थकों के हंगामे के चलते खाली हाथ लौट गई। इस बीच इमरान पुलिस से बचने के लिए घंटों यहां-वहां छिपे रहे। पुलिस लौट गई तो घर पहुंचकर समर्थकों को संबोधित किया। कहा, आप मेरे टाइगर्स हैं। मैं कभी किसी के सामने न झुका हूं, न झुकूंगा। हम सिर्फ अल्लाह के सामने झुकने वाले लोग हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री शरीफ पर निशाना साधा। कहा, हमारा प्राइम मिनिस्टर दुनियाभर में भीख मांग-मांगकर पाकिस्तान को जलील करा रहा है। बता दें, इस्लामाबाद की एक अदालत ने तोशाखाना मामले में समन देने के बाद भी पेश नहीं होने पर पिछले सप्ताह इमरान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए कहा था कि अगर खान सात मार्च को सुनवाई में उपस्थित नहीं हों तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर पेश करे। इमरान ने सात मार्च से पहले गिरफ्तारी को गैर-कानूनी बताते हुए कहा, सरकार उन्हें रास्ते से हटाना चाहती है। कहा, मौजूदा सरकार देश को इतिहास के सबसे खराब दौर में ले आई है। अर्थव्यवस्था डूबी है। लोग महंगाई व कर्ज के बोझ तले दबे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की कंगाली के पीछे मौजूदा सरकार के नेता हैं, जिन्होंने जनता के पैसे से विदेशों में संपत्तियां खरीद रखी हैं। उन्होंने कहा, सेना और सत्ता में मौजूद लोग उनकी हत्या करना चाहते हैं।

### अवैध प्रवासियों का ब्रिटेन में प्रवेश होगा बंद, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लाएंगे नया कानून



**लंदन ।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को एलान किया कि जो लोग अवैध तरीके से ब्रिटेन में आ रहे हैं, उन्हें वापस भेजा जाएगा और वह यहां शरण नहीं मांग सकेंगे। बता दें कि ब्रिटेन में अभी तक ऐसा नियम है कि यहां अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोग भी आवेदन देकर शरण मांग सकते हैं। हालांकि हाल के सालों में ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों की संख्या में जबरदस्त उछाल आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुनक सरकार इस हफ्ते के अंत तक अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कानून ला सकती है। ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल से नावों में बैठकर बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी आ रहे हैं, इनकी रोकथाम के लिए कानून में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं। नए कानून के तहत ब्रिटेन के गृह मंत्री को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है कि वह नौकाओं के जरिए ब्रिटेन में अवैध रूप से आ रहे प्रवासियों को रोकें। साथ ही ब्रिटेन में रह रहे अवैध प्रवासियों को वापस भेजा जाएगा। ऋषि सुनक ने कहा कि नौकाओं द्वारा ब्रिटेन में आ रहे अवैध प्रवासियों को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता है।

### ट्रम्प बोले- एक दिन में यूक्रेन जंग खत्म करवा दूंगा: पार्टी के समर्थकों से कहा- सत्ता में आया तो तीसरा विश्व युद्ध नहीं होगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि वो अगर



फिर से सत्ता में वापस आते हैं तो रूस-यूक्रेन जंग को एक दिन में बंद करवा देंगे। ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि वो जंग खत्म कर तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक सकते हैं। दरअसल, ट्रम्प फिर से रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश कर चुके हैं। वो जगह-जगह जाकर अपने एजेंडा बता रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रिपब्लिकन पार्टी की कांफ्रेंस में काफी समय बाद एक बार फिर ट्रम्प का जलवा दिखा। पूरा कार्यक्रम एक तरह से ट्रम्प को समर्पित दिखा। ट्रम्प ने कांफ्रेंस में कहा कि हमने जिस मुहिम की शुरुआत की थी उसे अंजाम तक पहुंचा कर रहेंगे। कांफ्रेंस के आखिरी दिन ट्रम्प ने जमकर डेमोक्रेटिक पार्टी पर तंज कसे। उन्होंने अपने समर्थकों से वादा किया कि वो अमेरिका को भद्दा कम्युनिस्ट देश बनने से बचाएंगे। साथ ही जो बाइडेन की सारी पॉलिसीज को खत्म कर देंगे। एक तरफ जहां ट्रम्प अपने समर्थकों में फिर से पकड़ को मजबूत बना रहे हैं। वहीं ओपिनियन पोल्स में सामने आया है कि रिपब्लिकन पार्टी उनको रिप्लेस करने के लिए किसी दूसरे उम्मीदवार की खोज में है।


# ऑस्ट्रेलिया में फिर हिंदू मंदिर निशाने पर क्यों, भारत विरोधी नारे और तोड़फोड़ की घटनाएं क्यों बढ़ीं

**ऑस्ट्रेलिया।**
पिछले कुछ समय से ऑस्ट्रेलिया समेत दुनियाभर में हिंदू मंदिर कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर एक हिंदू मंदिर में हमले की घटना सामने आई है। अबकी बार ब्रिस्बेन स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। मानवाधिकार विशेषज्ञों का कहना है कि देश में रह रहे हिंदुओं को डराने के लिए किया गया है। ऑस्ट्रेलिया में हिंदू धर्म स्थलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हुई हैं। इससे पहले विक्टोरिया, ब्रिस्बेन और मेलबोर्न जैसे बड़े शहरों में कई मंदिरों में तोड़फोड़ की घटना सामने आई थीं।

**ताजा घटना क्या है-** ताजा मामला ब्रिस्बेन से आया है जहां शनिवार को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में खालिस्तान समर्थकों ने तोड़फोड़ की। मंदिर के अध्यक्ष सतिंदर शुक्ला ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए बताया कि सुबह के समय श्रद्धालु मंदिर में पूजा-पाठ के लिए पहुंचे थे, इसी दौरान उन्होंने देखा कि मंदिर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस घटना पर मानवाधिकार विशेषज्ञों ने नाराजगी व्यक्त की है। हिंदू ह्युमन राइट्स की निदेशक सारा गेट्स ने एक बयान में कहा कि सिख फॉर जस्टिस की तर्ज पर इस घृणा अपराध को अंजाम दिया गया है। यह ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हिंदुओं को भयभीत करने के लिए किया गया है।

### ऑस्ट्रेलिया में क्या पहले भी इस तरह के हमले हुए हैं

विदेशी धरती पर हिंदू आस्था पर चोट करने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले फरवरी मध्य में ऑस्ट्रेलिया में दो हिंदू मंदिरों को धमकियां दी गई थीं। पहला मामला ब्रिस्बेन स्थित गायत्री



मंदिर का था। रिपोर्ट के अनुसार, मंदिर के अध्यक्ष जय राम और उपाध्यक्ष धर्मेश प्रसाद को शुक्रवार को अलग-अलग फोन आए, फोन करने वाले ने खुद की पहचान गुरुवादेश सिंह के रूप में बताई। फोन करने वाले ने शिवरात्रि पर मंदिर में खालिस्तान समर्थक नारे लगवाने का दबाव डाला। बाद में मंदिर की जनसंपर्क अधिकारी नीलिमा ने भी कहा कि उन्हें एक अमेरिकी नंबर से कई फोन आए। वहीं इन फोन कॉल के बाद मंदिर प्रबंधन ने वहां सुरक्षा बढ़ा दी थी।

दूसरा मामला ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में काली माता मंदिर का था जिसके पुजारी को फोन पर धमकी दी गई। पुजारी भावना को फोन कॉल करके धमकी में दी गई थी कि यदि भजन कार्यक्रम रद्द नहीं हुए तो नतीजे गंभीर होंगे। उस वक्त मंदिर का प्रबंधन आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारी कर रहा था। 23 जनवरी को सामने आई रिपोर्ट्स के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में इस्कॉन मंदिर में खालिस्तानी समर्थकों ने कथित तौर पर तोड़फोड़ की थी। इतना ही नहीं, मंदिर में भारत विरोधी नारे भी लिखे गए थे। इससे पहले 16 जनवरी को कैरम डाउन इलाके में स्थित श्री शिवा विष्णु मंदिर पर भी भारत विरोधी नारे लिख दिए गए थे। मंदिर में जब भारत विरोधी नारे लिखे गए, उस वक्त मंदिर में तमिल हिंदुओं द्वारा तीन दिन का थाई पोंगल त्योहार मनाया जा रहा था। 15 जनवरी को खालिस्तान समर्थकों ने मेलबर्न में एक कार रैली निकालकर खालिस्तान पर जनमत के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास किया था लेकिन उन्हें समर्थन नहीं मिल सका और मेलबर्न में भारतीय मूल की करीब 60 हजार आबादी रहती है लेकिन रैली के दौरान कुछ सौ लोग ही मौजूद रहे। माना जा रहा है कि इसी गुस्से में हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया था। वहीं, 12 जनवरी को, मेलबर्न में स्वामीनारायण मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा भारत विरोधी चित्र और नारे लिखे गए थे।

### मंदिर क्यों बन रहे हैं निशाना

विदेश मामलों के जानकार डॉ. आदित्य पटेल कहते हैं, ऑस्ट्रेलिया-कनाडा में तोड़फोड़ करने वाले खालिस्तान समर्थक हैं। ये स्पष्ट हो चुका है। इस तरह की हरकत करके यह लोग दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहते हैं। वह अपनी नाजायज मांगों के समर्थन में बाकी देशों में भी समर्थन चाहते हैं। इसके पीछे पाकिस्तान जैसे देशों की शह भी शामिल है। ये भारत में अस्थिरता लाने के लिए लंबे समय से काम कर रहे हैं।

**कनाडा चुनाव में चीनी दखल का आरोप**

# पीएम ट्रूडो पर जांच कराने के लिए दबाव बढ़ रहा, चीन ने इसे अपमानजनक बताया



**टोरंटो।**
एशिया, यूरोप में दबदबा बनाने में जुटे चीन ने कनाडा के चुनाव में दखल दिया है। बीबीसी ने कनाडा की मीडिया रिपोर्ट के आधार पर कहा है कि चीन ने कनाडा में 2019 और 2021 में हुए दो संघीय चुनाव में दखल दिया था। इसमें प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को जीत दिलाने में मदद की गई थी।

माना जाता है कि इन प्रयासों से आम चुनाव के परिणाम नहीं बदले हैं, लेकिन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर आरोपों को लेकर राष्ट्रीय सार्वजनिक जांच शुरू करने का दबाव बढ़ गया है। कनाडा की चुनाव निगरानी संस्था ने कहा है कि वह चीनी हस्तक्षेप के आरोप की जांच करेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने 2019 के चुनावों में 11 उम्मीदवारों का समर्थन किया था। एक मामले में 2.5 लाख डॉलर से ज्यादा दिए गए। 2021 के चुनाव में चीनी राजनयिकों और प्रॉक्सी अभियानों के लिए अघोषित तौर पर पैसे दिए गए। चीनी अधिकारियों ने कहा कि चुनाव में दखल के आरोप निराधार और अपमानजनक हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक चुनावी दखल का ऑपरेशन टोरंटो में चीन के वाणिज्य दूतावास से चलाया जा रहा था। इसके पीछे का मकसद सांसदों के ऑफिस में अपने लोगों को रखे जाने और नीतियों को प्रभावित करना था। अगर यह साबित होता है तो आपराधिक आरोप लगाए जा सकते हैं। कनाडा की खुफिया एजेंसी के प्रमुख डेविड विगनेअर्ल्ट कह चुके हैं कि चीन की कम्युनिष्ट पार्टी के यूनाइटेड फ्रंट वर्क डिपार्टमेंट के पास चीन के विदेश मंत्रालय से ज्यादा बजट है। इसी पर विदेशों में दखल का आरोप है। यही वजह है कि चीनी राष्ट्रपति यूनाइटेड फ्रंट वर्क डिपार्टमेंट को जादुई हथियार बताते हैं। दूसरे देशों में दखल के पीछे चीन का यूनाइटेड फ्रंट वर्क डिपार्टमेंट है। इसमें शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, लेखकों, छात्रों, उद्योगपतियों और दूसरे प्रभावशाली लोग शामिल हैं। 1949 में माओ ने इसे देश से बाहर लागू किया। यह दो तरह से काम करता है। पहला- अगर कोई व्यक्ति या संस्था चीन के प्रति उदार है तो उसे पाले में खींच लो।

# 900 से ज्यादा स्कूली छात्राओं के जहर देने के पीछे इस्लामी कट्टरपंथी या विदेशी दुश्मन उलझा मामला

**तेहरान ।**
ईरान में 900 से ज्यादा स्कूली छात्राओं को जहर देने का मामला दिनों दिन उलझता जा रहा है। दरअसल पहले कहा गया था कि स्कूली छात्राओं को जहर देने के पीछे इस्लामिक कट्टरपंथियों का हाथ है और वह नहीं चाहते कि लड़कियां स्कूल जाएं और उन्हें रोकने के लिए ही लड़कियों को जहर दिया गया। स्कूली छात्राओं को जहर देने का पहला मामला बीती 30 नवंबर को ईरान को कोम शहर में सामने आया था, जिसमें 50 के करीब छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

हालांकि कुछ दिन बाद ही स्कूली छात्राओं को अस्पताल से वापस घर भेज दिया गया था। हालांकि एक छात्रा की मौत की भी खबर थी। ईरानी मीडिया के अनुसार, देश के आठ प्रांतों के 58 स्कूलों में छात्राओं को जहर देने का खुलासा हुआ था। वहीं अंतरराष्ट्रीय मीडिया के अनुसार, ईरान के 10 प्रांतों के 30 स्कूलों में स्कूली छात्राओं को जहर दिया गया। पहले ईरानी सरकार ने इससे इनकार किया लेकिन बाद में स्वीकार किया कि स्कूली छात्राओं को जहर



दिया गया। हाल ही में जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार की बैठक हुई, जिसमें ईरान का यह मामला उठाया गया। कई देशों ने इस पर चिंता जाहिर की। ईरान के डिप्टी शिक्षा मंत्री ने भी स्वीकार किया कि कुछ लोगों ने लड़कियों को स्कूल जाने से रोकने के लिए ऐसा किया। हालांकि बाद में वह अपने बयान से पलट गए। बीते शुक्रवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने दावा किया कि यह ईरान के दुश्मन देशों का काम है ताकि लोगों में डर और असुरक्षा की भावना पैदा की जाए। फिलहाल ईरान के आंतरिक मामलों के मंत्री को घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

# 75 साल पुराने युद्ध-अपराधों का कोरियाई लोगों को मिलेगा हर्जाना: सेकेंड वर्ल्ड-वॉर में जापान ने गुलाम बनाकर टॉर्चर किया, अब रिश्ते सुलझाने की कोशिश

**सियोल।**
सेकेंड वर्ल्ड वॉर में किए गए जापान के युद्ध अपराधों के लिए साउथ कोरिया की सरकार अपने लोगों को हर्जाना देगी। साउथ कोरिया के विदेश मंत्री पार्क जिन ने सोमवार को इसकी घोषणा की है। दरअसल, जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध में साउथ कोरिया के कई लोगों को गुलाम बनाकर रखा था। वहां की महिलाओं से मास रेप किए थे। इस मामले को लेकर वहां के लोग सालों से जापान से हर्जाना देने की मांग कर रहे हैं। वो चाहते हैं कि जापान अपने युद्ध अपराधों को लेकर आधिकारिक तौर पर माफी भी मांगे। दोनों देशों के बीच इस मुद्दे को लेकर काफी सालों से विवाद जारी था। जिसकी वजह से एशिया में चीन के खिलाफ लड़ाई में एक साथ होने के बाद भी दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट थी।



### जापान के अपराधों का खामियाजा साउथ कोरिया उठाएगा

पहले ऐसी अटकलें लगाई जा रही थी कि जापान ही सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान किए गए अपने अपराधों के लिए हर्जाना देगा, लेकिन सोमवार को साउथ कोरिया के विदेश मंत्री ने इसका सटीक जवाब दिया है उन्होंने साफ किया है कि अलग-अलग कंपनियों की सहायता से डोनेशन लेकर ये हर्जाना पीड़ित लोगों और उनके परिजनों को दिया जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि अभी समय है कि साउथ कोरिया और जापान अपने पुराने मतभेद भुलाकर नई शुरुआत करें। हालांकि उन्होंने मित्सुबिशी समेत जापान की कई कंपनियों से भी अपील की है कि वो भी इसमें अपना योगदान दें।

### अमेरिका ने प्लान की तारीफ की

अमेरिका के लिए ये काफी अहम है कि वो एशिया में चीन के असर को कम करने के लिए इन दोनों देशों को साथ लेकर आए। रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए जरूरी होगा की पहले दोनों देशों के बीच के रिश्तों को सुधारा जा सके।

**ब्रिटेन में भारतीयों के बीच राहुल की स्पीच**

# मैं यहां बोल सकता हूं पर भारतीय संसद में चीनी घुसपैठ का मुद्दा उठाने की इजाजत नहीं

**लंदन।**
कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने रविवार को ब्रिटेन में चीन का मुद्दा उठाते हुए मोदी सरकार को घेरा। राहुल बोले कि विपक्ष को संसद में चीनी सैनिकों की भारत में घुसपैठ का मुद्दा उठाने की इजाजत नहीं है। राहुल लंदन के हाउंस्लो में रविवार को 1500 प्रवासी भारतीयों के बीच स्पीच दे रहे थे। राहुल ने रविवार को ही इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के इंडिया इनसाइट्स प्रोग्राम में कहा- इंडिया को चीन से सतर्क रहने की जरूरत है। वह बॉर्डर पर बहुत ज्यादा एक्टिव और एग्रेसिव है। इधर, सोमवार को राहुल गांधी ब्रिटिश संसद में भाषण देंगे। वे चैप्टर के तहत प्रवासी कार्यक्रम और प्रीमियर थिंक टैंक इवेंट को संबोधित करेंगे। 7 मार्च को वे भारत लौट आएंगे।

### भारतीयों के बीच राहुल की 3 बड़ी बातें...

**संसद में आवाज न उठाने देना शर्मनाक:** प्रवासी भारतीयों के बीच राहुल गांधी ने कहा, भारत में सरकार विपक्ष की अवधारणा यानी कॉन्सेप्ट को इजाजत नहीं देती है। यही चीज वहां




की संसद में भी होती है। तथ्य यह है कि चीन हमारे इलाके में बैठा हुआ है और जब हम सवाल उठाते हैं तो हमें संसद में इसकी इजाजत नहीं दी जाती है। वास्तव में यह शर्मनाक है। **भारत खुले विचारों वाला देश था, अब नहीं:** कांग्रेस लीडर ने कहा, हमारा देश और खुले विचारों वाला देश है। एक ऐसा देश जहां हम अपने ज्ञान को गर्व के साथ देखते हैं। एक-दूसरे का हम सम्मान करते हैं। अब यह सब तबाह हो गया है। आप मीडिया में भी इसे देख सकते हैं। इसके बाद ही हमने भारत जोड़ो यात्रा करने की ठानी। **नेता कैंब्रिज में बोल सकता है, पर भारतीय यूनिवर्सिटी में नहीं:** उन्होंने कहा, मुझे बड़ा अजीब लगता है। एक भारतीय लीडर कैंब्रिज में अपनी बात कह सकता है। हार्वर्ड में अपनी बात कह सकता है, लेकिन भारतीय यूनिवर्सिटी में वह अपनी बात नहीं रख सकता है। विपक्ष किसी मुद्दे पर चर्चा करे, सरकार ऐसा नहीं होने देती। यह वो भारत नहीं है, जिसे हम कभी जानते थे। 5 मार्च को कैंब्रिज से करीब 100 किलोमीटर दूर लंदन में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के इंडिया इनसाइट्स प्रोग्राम में राहुल ने कहा- इंडिया को चीन से सतर्क रहने की जरूरत है। वह बॉर्डर पर बहुत ज्यादा एक्टिव और एग्रेसिव है। 7 दिन के ब्रिटेन दौरे पर गए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार की खुले मंच पर आलोचना की है। लंदन में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने इंडिया इनसाइट्स के तहत राहुल गांधी से चर्चा की। इस दौरान राहुल ने कहा- देश का अपमान मैं नहीं, बल्कि खुद पीएम मोदी करते हैं।

### बांग्लादेश में रिफ्यूजी कैंप में आग, 12 हजार से ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थी बेघर, बोले- हमसे सब छिन गया

**ढाका।** बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए बनाए गए रिफ्यूजी कैंप वाले इलाके में आग लग गई। हादसे में 2 हजार से ज्यादा शेल्टर होम तबाह हो गए। इस दौरान किसी की जान नहीं गई और न ही कोई घायल हुआ। हालांकि, कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। लोगों का कहना कि आग ने उनसे सब छीन लिया। आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। बांग्लादेश के रिफ्यूजी कमिश्नर मिजानुर रहमान ने कहा- आग कुतुपालोंग इलाके में 5 मार्च दोपहर 2: 45 बजे लगी। यहां सबसे ज्यादा शरणार्थी रहते हैं। 12 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। अब इस घटना के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें आग लगने के बाद मची भगदड़, काला धुआं और तबाही दिख रही है।

# ट्रिपल मर्डर का मुख्य आरोपी लाखन गिरफ्तार

**भरतपुर ( हिंस )।** जिले के कुम्हेर क्षेत्र के सिकरोरा तिहरे हत्याकांड के मुख्य इनामी आरोपी लाखन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस घटना के बाद से ही आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। अब पुलिस को आरोपी बदमाश को पड़ोसी राज्य से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। भरतपुर पुलिस जब आरोपी को गिरफ्तार कर भरतपुर ला रही थी, तो रास्ते में गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान आरोपी ने पुलिस गिरफ्त से भागने का प्रयास किया, जिसमें वह घायल हो गया। घायल आरोपी को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पहले ही घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि सिकरोरा हत्याकांड का मुख्य इनामी आरोपी लाखन उर्फ चंद्रमोहन को रविवार देर रात करीब 10 बजकर 30 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को पड़ोसी राज्य से दबोचा है। पुलिस ने ट्रिपल हत्याकांड के मुख्य आरोपी लाखन को हरियाणा के महेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया है। हत्याकांड 26 नवंबर को हुआ था। हत्याकांड के बाद से लाखन पुलिस की गिरफ्त से दूर था। तीन महीने बाद पुलिस को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी पर तिहरे हत्याकांड के बाद 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी को जब हम गिरफ्तार कर गाड़ी से भरतपुर ला रहे थे, तो कुम्हेर रोड पर गाड़ी अनियंत्रित हो गई। इस दौरान आरोपी ने गाड़ी से कूदकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने आरोपी को फिर से धर दबोचा।

# अजमेर में तमिलनाडु पुलिस के बारह जवान चढ़े पुलिस के हत्थे

## 52 लाख के गोल्ड चोरी केस में नाम हटाने के लिए मांगी घूस

**अजमेर ( हिंस )।** गोल्ड चोरी के केस से नाम निकालने के लिए दंपती से तमिलनाडु पुलिस के 25 लाख रुपए रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) अजमेर की टीम ने तमिलनाडु पुलिस के 12 जवानों को ट्रैप किया। पुलिस जवानों से पूछताछ की जा रही है। तमिलनाडु पुलिस के जवानों ने पूछताछ में बताया कि वे 105 (करीब 52 लाख) तोला सोना चोरी के मामले में बरामदगी के लिए अजमेर आए थे। चोरी मामले में आरोपी दंपती अजमेर जिले का रहने वाला है। एसीबी के डीआईजी समीर कुमार सिंह ने बताया कि 4 मार्च 2023 को शिकायत मिली कि तमिलनाडु पुलिस की एक टीम भिनाय थाना क्षेत्र से सोनिया पत्नी पन्नालाल सोनी को घर से उठा कर ले गई है। उसका व उसके पति का नाम चोरी के कथित मुकदमे से निकालने के लिए 25 लाख रुपए की डिमांड रखी गई है। वैरिफिकेशन के बाद घूस मांगने के आरोपों की पुष्टि हुई, फिर ट्रैप की कार्रवाई की गई। देर रात एसीबी की दो टीम डीएसपी प्रभुदयाल व राकेश वर्मा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के पास पहुंची और तमिलनाडु पुलिस के 12 पुलिसकर्मियों को पकड़ लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। सिंह ने बताया कि जांच करने पर पता चला कि तमिलनाडु में चार मुकदमे दर्ज हैं, जहां से 105 (करीब 52 लाख) तोला सोना चोरी हुआ था। इस वारदात में भिनाय के भैरूखेड़ा के कुछ लोग शामिल थे। इनसे बरामदगी के लिए पुलिस टीम आई थी। इस संबंध में पुलिस टीम की ओर से रिकॉर्ड भी उपलब्ध कराया गया। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी दिखाई हुई है। पूछताछ के दौरान रिकॉर्ड के मुताबिक फिलहाल सब कुछ सही पाया गया। पुलिस टीम में शामिल पुलिसकर्मियों में से अधिकांश तमिल ही बोलते है, ऐसे में एसीबी को पूछताछ में परेशानी हुई, लेकिन इसमें से कुछ को हिंदी आती थी। ऐसे में एसीबी ने उनसे बातचीत कर पूरा मामला जाना। उनकी ओर से उपलब्ध कराए रिकॉर्ड की जांच की।

# सीएम ने जी-20 सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा

## प्रोग्राम के 10 दिन बचे, बेहतर बनाने पर जोर : मान

**अमृतसर।** पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान जी-20 सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अमृतसर पहुंचे। वह सीधा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल माल रोड गए, जहां उन्होंने जी-20 सम्मेलन के लिए की जा रही तैयारियों को देखा। सीएम मान ने कहा कि सम्मेलन को तकरीबन 10 दिन रह गए हैं। वह अमृतसर देखने आए हैं कि हम और क्या बेहतर कर सकते हैं। सीएम भगवंत मान ने इस दौरान विपक्ष पर निशाना साधा। उनका कहना था कि सम्मेलन अमृतसर में ही होने वाला है। विपक्ष बोखलाया हुआ है। उन्हें बदनाम करने के लिए विपक्ष किसी भी हद तक जा सकता है। भगवंत मान हो या पंजाब सरकार विपक्ष उन्हें बदनाम करने का कोई कारण नहीं छोड़ना चाहता। चाहे उसके लिए झूठ ही बोलना पड़े। सीएम मान ने कहा कि स्कूल विजिट के लिए सरकारी स्कूल माल रोड का चुना गया है। अमृतसर जी-20 सम्मेलन के लिए पूरी तरह से तैयार है। वह सिर्फ देखने आए हैं और डीसी अमृतसर से मिलने आए हैं कि इस इवेंट को और कैसे बेहतर किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब वैसे भी मेजबानी के लिए जाना जाता है। जी-20 सम्मेलन में 200 इवेंट हो रहे हैं। जिनमें से 2 अमृतसर में आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसे में जब भी सभी का मूल्यांकन हो तो अमृतसर पहले नंबर पर आना चाहिए।

## अंबेडकर रन फॉर इक्वालिटी का आयोजन 14 अप्रैल को

**जयपुर ( हिंस )।** राजधानी जयपुर में एकता नवनिर्माण ट्रस्ट की ओर से समाज में समानता, एकता और भाईचारे के साथ स्वस्थ भारत का संदेश देने वाली अम्बेडकर रन फॉर इक्वालिटी का आयोजन 14 अप्रैल को होने जा रहा है। इसमें हर वर्ग और हर उम्र के हजारों धावक 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21.09 किलोमीटर के रूट पर कदम से कदम मिलाएंगे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सिविल लाइंस स्थित निवास पर रविवार सुबह अम्बेडकर रन फॉर इक्वलिटी-5 के पोस्टर का विमोचन किया।

# सरपंचों की प्रदेश स्तरीय बैठक में हुए अहम फैसले



**कैथल ( हिंस )।** गांव देहात बचाओ आंदोलन को लेकर सोमवार को कैथल के अमर गार्डन में हुई सरपंच एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक की अध्यक्षता सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर सिंह समैण ने की। बैठक की जानकारी देते हुए रणबीर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें डीआईजी के माध्यम से 9 मार्च को मुख्यमंत्री से बातचीत करने का निमंत्रण मिला है। सीएम से बातचीत में अगर उनका मसला हल नहीं होता तो सरपंच 11 मार्च को करनाल में सीएम हाउस का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की नियत ठीक है लेकिन पंचायत मंत्री सीएम को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर उनका मसला हल नहीं होता तो प्रदेश का हर सरपंच अपने गांव के बाहर जेजेपी और बीजेपी के खिलाफ प्रचार करेगा और गांव के बाहर इनके विरोध में बोर्ड लगाएगा। संविधान के 73वें संशोधन में 29 सूची में 11 अधिकार दिए हुए हैं। राइट टू रिकॉल एमपी से लेकर एमएलए भी इसके दायरे में लिए जाएं और फिर सरपंच पर लागू हो क्योंकि वह भी एक इलेक्टेड कमेटी का मेंबर है। सरकार ठेकेदारी प्रथा चलाना चाहती है। गांव में कोई भी काम हो उसका स्टेटमेंट तो सरकार के अधिकारी जेई बना कर देता है। ठेकेदार विड लगाता है। यह कमीशन खोरी का धंधा लागू करना चाहते हैं। पंचायती राज के अंदर ऐसा पंचायतें नहीं होने देंगी। जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जातीं, हम जेजेपी और बीजेपी के नेताओं का बहिष्कार करेंगे।

# राजस्थान में होली के बाद बड़ी प्रशासनिक सर्जरी के संकेत

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान विधानसभा के चुनाव में अब 9 महीने का समय बचा है। इस दौरान बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन तथा मंत्रियों और विधायकों की नाराजगी दूर करने के लिए अब गहलोत सरकार एक बार फिर ब्यूरोक्रेसी में बड़ी सर्जरी करने की तैयारी कर रही है। सरकार में उच्च स्तर पर आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची पर भी गहनता से मंथन हो रहा है। मुख्यमंत्री स्तर पर भी एक-एक नाम पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। बीते महीने सरकार ने 155 आरएएस और 75 आईपीएस अधिकारियों की जम्बो तबादला सूची जारी की थी। जानकारों की मानें तो होली के बाद कभी भी कार्मिक विभाग आईएएस अधिकारियों की जंबो तबादला सूची जारी कर सकता है। सचिवालय के गलियारों में भी इसे लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। सरकार से जुड़े सूत्रों की मानें तो विधानसभा चुनाव से पहले ब्यूरोक्रेसी में हो रही बड़ी सर्जरी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के मंत्रियों- विधायकों की डिजायर को प्राथमिकता दे सकते हैं। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वे उन्हें नाराज नहीं करना चाहते हैं। यही वजह है कि सत्तारूढ़ कांग्रेस के मंत्रियों-विधायकों की पसंद को ट्रांसफर में प्राथमिकता दी जा सकती है। मंत्रियों विधायकों की इच्छा के मुताबिक ही उनके विभागों और जिलों में अधिकारियों की पोस्टिंग को लेकर मंथन चल रहा है। हाल ही में हुई कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक में भी मंत्रियों ने अपनी इच्छा के मुताबिक अपने-अपने विभागों में अधिकारी नियुक्त करने की गुहार मुख्यमंत्री से की थी। इसके पीछे अधिकारियों ने सीएम को बताया था कि अगर विभागवार जल्द से जल्द बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन समय पर करना है तो फिर उनकी इच्छा के मुताबिक ही अधिकारी लगाए जाएं जिससे वे उन अधिकारियों के जरिए जल्द से जल्द बजट घोषणा को धरातल पर उतारे। बताया जाता है कि इसके बाद ही मुख्यमंत्री गहलोत ने तमाम मंत्रियों और कांग्रेस विधायकों को अपने अनुकूल अधिकारियों के नाम देने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि आईएएस अधिकारियों की सूची में कई जिलों के कलेक्टरों के नाम भी शामिल है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के ही जनप्रतिनिधि कई जिलों के कलेक्टर के रवैए से खुश नहीं है और उन्होंने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से अपने-अपने जिलों के कलेक्टर को बदले जाने की मांग की थी जिसे मुख्यमंत्री ने माना था। ऐसे में कहा जा रहा है कि कई जिलों के कलेक्टर बदले जाएंगे।

## खाटू श्याम मंदिर होली पर रहेगा बंद नौ को खुलेगा

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के सीकर जिले का ऐतिहासिक श्री खाटू श्याम मंदिर होली-धुलंडी और तिलक को देखते हुए सात और आठ मार्च को बंद रहेगा। मंदिर को नौ मार्च को सुबह साढ़े पांच बजे मंगला आरती के बाद खोला जाएगा। यह जानकारी श्याम मंदिर कमेटी विज्ञप्ति में दी। इसमें कहा गया है कि श्याम प्रभु के दर्शन छह मार्च की आधी रात 12 बजे से बंद हो जाएंगे। कमेटी ने भक्तों से अपील की है कि इन दो दिन मंदिर न आएं और व्यवस्था में सहयोग करें। गौरतलब है कि इससे पहले मंदिर 85 दिनों तक बंद था। इस दौरान मंदिर के आस-पास निर्माण कार्य चल रहा था। छह फरवरी को ही कपाट खोले गए हैं। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष कालूसिंह चौहान ने बताया कि खाटूश्याम के फाल्गुनी मेले में इस बार 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए हैं।

# शीतल को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरे परिजन



**फरीदाबाद ( हिंस )।** करीब छह दिन पूर्व गांव भांकरी में दहेज लोभियों द्वारा विवाहिता की हत्या किए जाने के मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर सोमवार मृतका के परिजनों ने पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21ए के समक्ष सड़क जाम कर धरना दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर क्राइम ब्रांच सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में *जस्टिस फॉर शीतल* के बैनर लिए हुए थे। उनमें से कुछ लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए इस मामले में त्वरित कार्यवाही किए जाने की मांग की। गौरतलब है कि गुरुग्राम के मोहम्मदपुर की निवासी शीतल की शादी तीन वर्ष पूर्व गांव भांकरी निवासी सोनू से हुई थी। बताया जाता है कि शादी के बाद से ही शीतल को उसके ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करते थे और बीती एक मार्च को शीतल की हत्या कर शव को एशियन अस्पताल में छोड़ भाग गए। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति सोनू को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि नामजद ग्यारह आरोपित अभी भी पुलिस की पकड़ से फरार हैं। पुलिस आयुक्त के आश्वासन के बाद परिजनों ने सड़क से जाम खोला।

## अंबाला में किसानों ने किया प्रदर्शन

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला में फसलों का मुआवजा देने और बेसहारा पशुओं को पकड़ने जैसी किसानों की कई मांगे अभी भी लंबित पड़ी हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर आज सोमवार को भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के बैनर तले किसानों ने डीसी ऑफिस पर धरना दिया। यहां प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बड़ा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। किसानों ने कहा कि बारिश की वजह से अंबाला में धान की फसल खराब हो गई थी। किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर डीसी के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा था। इसी मसले पर 15 दिसंबर को मीटिंग भी हुई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। किसानों ने कहा कि कुछ दिन पहले किसान अपने-अपने एरिया से गोवंश पकड़ डीसी ऑफिस लेकर पहुंचे थे।

## पंजाब विधानसभा में लॉ एंड ऑर्डर पर घमासान

**अमृतसर।** पंजाब में बीते एक साल में घटी घटनाओं को लेकर कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग बीते एक साल में हुई घटनाओं की टीशर्ट पहन कर विधानसभा में पहुंचे। इतना ही नहीं, विधानसभा सेशन के शून्यकाल में सिद्धू मूसेवाला के पिता को मिली धमकी पर भी सवाल खड़ा किया है। क्क्ष्टष्ट प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट को डालते हुए कहा है- प्रत्येक पंजाबी को लगता है कि राज्य की कानून व्यवस्था चरमरा गई है, लेकिन पंजाब सरकार तथ्यों की अवहेलना करता रहता है। पंजाब पुलिस अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रही। घटनाओं पर आधारित टी-शर्ट पहन कर राजा वडिंग विधानसभा में भी पहुंचे। जहां शून्यकाल में भी उन्होंने पंजाब के लॉ एंड ऑर्डर पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि पंजाब के हालात बिगड़ रहे हैं। बीते 40 सालों में ऐसा नहीं हुआ कि किसी थाने का कब्जा ले लिया गया हो। उसके बाद आज तक उक्त मामले पर कार्रवाई तक नहीं की गई। वहीं दूसरी तरफ सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह एक साल से इंसाफ की मांग कर रहे हैं। इंसाफ तो दूर, अब उन्हें धमकियां भी मिलनी शुरू हो गई हैं।

# लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने फागोत्सव में लिया भाग



**कोटा ( हिंस )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कोटा में फाग उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। फागोत्सव की संकीर्तन यात्रा में वे तलवंडी राधा कृष्ण मंदिर से शामिल हुए। यहां पर बिरला और कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने राधा कृष्ण की आरती की। आरती करने के बाद रंगबाड़ी तक यह यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सभी फूलों और रंगों से होली खेलते और झूमते नाचते हुए जा रहे थे। साथ ही लोग और महिलाएं फागुन के गीत भी गा रही थी। इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ चलते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों को फाग उत्सव की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने फूलों से लोगों के साथ होली भी खेली। इससे पहले बिरला ने वीडियो संदेश जारी कर देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली एकता का त्योहार है। यह सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाता है। रंगों का त्योहार खुशी लेकर आता है। यह मेल मिलाप की परंपरा और हमारे संस्कृति को दर्शाता है। यह त्योहार बुराइयों को अग्नि में जलाकर उन्हें खत्म करने का प्रयास करता है। उन्होंने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारत में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरीके से होली का त्योहार मनाया जाता है, यह विविधता ही हमारी ताकत है। बिरला ने कहा कि हम होली पर संकल्प लें और देश को आगे बढ़ाने के काम में जुटे रहे। होली का आनंद इसी तरह से हम उठाते रहे। दूसरी, तरफ प्रदेश के स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास, विधि एवं न्याय और संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल भी कोटा के दौरे पर हैं। उन्होंने सोमवार को कोटा में राहुल गांधी के निर्देश पर निकाली जा रही हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के तहत कुन्हाड़ी इलाके में पैदल मार्च किया, जिसमें कई कांग्रेसी शामिल रहे। उन्होंने प्रदेशवासियों को रंगो के पर्व होली की शुभकामनाएं भी दी।

## हरियाणा में भी दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर आप की चलेगी आंधी : दलजीत

**भिवानी ( हिंस )।** पुराना बस अड्डा स्थित भिवानी क्राउन प्लाजा में स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में सोमवार को कार्यकर्ताओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने आपस में गुलाल से तिलक लगाकर होली महोत्सव मनाया। आप नेता दलजीत तालु ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 में हरियाणा में भी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर आम आदमी पार्टी की आंधी चलेगी। पूरे प्रदेश की जनता बदलाव के मूड में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को शपथ भी दिलवाई कि हम होली पर पानी का दुरूपयोग नहीं करेंगे व प्रेम भाव से तिलक होली खेलकर इस रंगो के पर्व को मनाएंगे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का होली मिलन समारोह संपन्न

**फरीदाबाद ( हिंस )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्नेह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें तीन सौ परिवारों के लगभग 11 सौ सदस्यों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं द्वारा कन्या भ्रूण हत्या की सामाजिक बुराई पर आधारित हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों परिवारों के बच्चों एवं समाज से आए बंधुओं के बच्चे - बच्चियों ने बहुत ही सुंदर होली गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। सेक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फरीदाबाद पश्चिम महानगर के अंतर्गत विवेकानंद नगर का स्नेह होली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख श्रीमान गंगा शंकर मिश्र ने भारतीय त्योहारों की वैज्ञानिकता के संदर्भ में ज्ञान वर्धक वक्तव्य दिया। मिश्र ने अपने प्रेरक एवं ऊर्जावान बौद्धिक द्वारा स्वयंसेवकों को जीवन में सामाजिक समरसता एवं सहभागिता का महत्व समझाया। स्नेह होली मिलन समारोह में उपस्थित जनों पर पुष्प वर्षा कर फूलों की होली खेली गई। देश भक्ति एवं भारतीय संस्कृति से सराबोर बालक-बालिकाओं की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।




No. AF(S) 283/2012-13/

**AUCTION NOTICE**

(Quotation for Purchase of Condemned Vehicles for Scrap Purposes)

The Director of Fisheries, Assam, Guwahati proposes to dispose off following lot of five Govt. End of Life Vehicles lying at Meen Bhawan, Gopinath Nagar, Guwahati-16 on “as is where basis” for scrap purposes.

| SL. | Registration No. | Type of Vehicles | Vehicle Make | Year of manu-facture | Reserved price of vehicles | | EMD (refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Vehicle wise | Gross Reserved Price | |
| 1 | AS-01-L-0318 | H/Top Commander Jeep | Mahnindra &Mahindra | 2001 | Rs.23,550.00 | | |
| 2 | AS-01-L-0320 | H/Top Commander Jeep | Mahnindra &Mahindra | 2001 | Rs.23,550.00 | | |
| 3 | AS-01-L-0321 | H/Top Commander Jeep | Mahnindra &Mahindra | 2001 | Rs.23,550.00 | Rs. 1,12,656.00 | Rs.2,500.00 |
| 4 | AS-01-K-9307 | Maruti Zen | Maruti | 2001 | Rs.12,431.00 | | |
| 5 | AS-01-P-2269 | Tata sumo EX TCT | TATA | 2003 | Rs.29,575.00 | | |

Accordingly, sealed quotations affixing non refundable court fee stamp of Rs.8.25 (Rupees Eight and paisa twenty five) only are invited for the disposal of the above mentioned lot of vehicles on the terms and conditions mentioned below. The quotations addressed to the undersigned in a sealed cover should reach the office of the undersigned latest by 12.00 noon on 30th March, 2023. The quotations received within stipulated time will be opened at 12.30 PM on the same day i.e. 30th March, 2023. The quotations should be dropped in the Tender Box at the office of the undersigned. The cover should be prominently super scribed with the words “Quotation for Purchase of Condemned Vehicles for Scrap Purposes”. The bidders or their representative (not more than one) may be present, if they so desire, at the time of opening of quotation.

**Terms and condition of the auction:**

**(i)** The bidder must be a Registered Vehicle Scrapping Facility (RVSF). The bidder must submit the RVSF registration. The bidder should mention his full name, address, whatsapp number in the quotation

**(ii)** The bidder should submit copy of PAN and GST registration in the name of the RVSF firm.

**(iii)** The vehicles are available for inspection at the office of the undersigned. The undersigned shall not be responsible and shall not entertain any complaint in respect of any defect in the vehicles.

**(iv)** The bidder is required to pay Earnest Money of Rs.2,500/- (Rupees Two Thousand Five Hundred) only payable by means of Demand Draft drawn in favour of **“The Director of Fisheries, Assam, Guwahati-16”**. Quotations received without Earnest Money will not be considered and shall not be accepted.

**(v)** The bidder has to quote price for entire lot of vehicles which shall be higher than or equal to the Gross Reserved Price.

**(vi)** The successful bidder has to deposit the bid amount in the form of Bank Draft/Bankers cheque in favour of **“The Director of Fisheries, Assam, Guwahati-16”** payable at Guwahati only to the undersigned within seven days of issuance of letter of acceptance. The bid amount is excluding GST, hence the GST as applicable is to be paid by the bidder separately for the said vehicles after which the formal order to lift the said vehicles will be issued by the undersigned.

**(vii)** The successful bidder will have to take delivery of the vehicles within seven days of issuance of formal order to lift the said vehicles, failing which the undersigned shall forfeit his EMD without any notice and forfeit the bidder’s right over the vehicles and process will be initiated for handing over the vehicles to the second highest bidder at H-1 rate or cancellation of the bid process.

**(viii)** The successful bidder will remove the sold vehicles within seven days of depositing the value at his or her own expenses. The undersigned will not be responsible for the safety of the vehicles.

**(ix)** The vehicles will be disposed off on “as is where basis is”.

**(x)** The purchaser will be responsible for future legal matters whatsoever, pertaining to the vehicle after taking delivery.

**(xi)** The bidders will not be allowed to withdraw their bids, under any circumstances otherwise their Earnest Money will be forfeited.

**(xii)** The undersigned reserves the right to accept or reject any/all of the quotations partly or completely, at any time without assigning any reason thereof. The decision of the Tender Committee conducting the auction shall be final.

**(xiii)** The quotations below the reserved price will not be entertained and to be rejected.

**(xiv)** The undersigned will deal with the bidder directly and no middlemen/agents/commission agents etc. should be asked by the bidders to represent their cause and they will not be entertained by the undersigned. At the bidding, any bidder trying to form cartel with other bidders to otherwise influence the bidding process may be evicted and his/her earnest money may be liable to be confiscated.

*-- Janasanyog /C/22107/22*

Director of Fisheries
Assam, Guwahati



# कौन हैं जीक्यूजी के राजीव जैन, जो अदाणी समूह में 15,446 करोड़ के शेयर खरीदकर संकटमोचक बने

**नई दिल्ली।**
अदाणी समूह के प्रमोटरों ने अमेरिका की वैश्विक इक्विटी-निवेश कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स को 15,446 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेच दी। बता दें कि बीते 24 फरवरी को अदाणी समूह के संबंध में हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से एक रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद समूह के सभी शेयर धराशायी हो गए थे। अब जीक्यूजी के निवेश की खबर के बाद समूह की कंपनियों ने फिर से हरे रंग में कारोबार करना शुरू कर दिया है। सोमवार को शुरुआती बढ़त के बाद अदाणी समूह के शेयरों में बिकवाली दिखी। हालांकि इस बीच एक नाम काफी चर्चा में है और वह नाम है दिग्गज निवेशक राजीव जैन का। उन्होंने जब से अदाणी समूह में एंट्री मारी है जब से समूह के शेयरों में निवेशकों की रुचि एक बार फिर बढ़ गई है।

**जीक्यूजी के लिए निवेश की रणनीति तैयार करते हैं राजीव जैन** – राजीव जैन जीक्यूजी पार्टनर्स के चेयरमैन और चीफ इंवेस्टमेंट ऑफिसर हैं। वे जीक्यूजी के लिए निवेश की रणनीति तैयार करते हैं। जीक्यूजी से पहले वे वॉनटोबेल एसेट मैनेजमेंट के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर के रूप में भी काम कर चुके हैं। पोर्टफोलियो के रूप में उन्होंने वर्ष 1994 में काम करना शुरू किया था। उनके नेतृत्व में जीक्यूजी निवेश क्षेत्र में 92 अरब डॉलर का पावरहाउस बन चुका है।

**राजीव जैन ने 2016 में की थी जीक्यूजी की शुरुआत** – ऐसे तो राजीव जैन का जन्म भारत में हुआ था पर वे 1990 में अमेरिका चले गए। वहां पहुंचकर उन्होंने मियामी यूनिवर्सिटी में एमबीए करने के लिए दाखिला लिया। साल 1994 में उन्होंने वॉनटोबेल ज्वाइन किया। 2002 तक वे कंपनी के चीफ इन्वेस्टमेंट मैनेजर बन गए। वर्ष 2016 में उन्होंने जीक्यूजी की शुरुआत की। उनके अगुवाई में वॉनटोबेल इमर्जिंग मार्केट ने दस वर्ष में 70 फीसदी तक का रिटर्न देने की उपलब्धि हासिल की। यह एमएससीआई के इमर्जिंग बाजारों से जुड़े फंड्स का लगभग दोगुना है। जीक्यूजी ने वर्ष 2021 में ऑस्ट्रेलिया में अपना आईपीओ लॉन्च किया और 893 मिलियन डॉलर की रकम जुटाई।

**अदाणी समूह के पास बढ़िया असेट्स और वे शानदार वैल्यूऐशन पर उपलब्ध: राजीव जैन** – बीते हफ्ते गुरुवार को अदाणी समूह की ओर से बताया गया कि जीक्यूजी ने 15446 करोड़ रुपये का निवेश कर अदाणी समूह की चार कंपनियों में हिस्सेदारी खरीदी है। उसके बाद से अदाणी समूह के शेयरों में बढ़िया मजबूती दिखी। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू से बातचीत में राजीव जैन ने कहा कि अदाणी समूह के पास शानदार असेट्स हैं और उससे भी बढ़िया ये हैं कि वे बहुत ही आकर्षक वैल्यूएशन पर उपलब्ध है। बीते पांच वर्षों से उनकी नजर समूह के शेयरों पर थी पर तब वे महंगे थे। राजीव जैन ने भरोसा जताया है कि समूह में उनका निवेश सकारात्मक साबित होगा। जैन के मुताबिक भारत में 25 फीसदी एयर ट्रैफिक अदाणी समूह की ओर से संचालित हवाई अड्डों से गुजरते हैं। कार्गो वॉल्यूम में भी 25 से 40 फीसदी तक अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पोर्ट्स की हिस्सेदारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में कर सकेंगे निवेशः 1 ग्राम सोने के लिए चुकाने होंगे 5,611 रुपए, 10 मार्च तक लगा सकेंगे पैसा




**नई दिल्ली।** इस बार होली पर सरकार आपको सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने का मौका दे रही है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2022-23 की चौथी सीरीज खुल गई है। इसमें 10 मार्च तक निवेश का मौका है। इस बार सरकार ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के लिए 5,611 रुपए प्रति ग्राम का भाव तय किया है। ऑनलाइन अप्लाय करने और डिजिटल पेमेंट करने पर प्रति ग्राम 50 रुपए का डिस्काउंट मिलेगा। यानी, आपको 1 ग्राम सोने के लिए 5,561 रुपए देने होंगे। इस हिसाब से आपको 10 ग्राम सोने के 55,610 रुपए चुकाने होंगे। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, सर्राफा बाजार में सोमवार यानी 6 मार्च को 24 कैरेट सोना 56,108 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। यानी 1 ग्राम सोने का दाम 5,610 रुपए हुआ। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है, जिसे आरबीआई की तरफ से जारी किया जाता है। इसे डीमैट के रूप में परिवर्तित कराया जा सकता है। इसकी कीमत सोने के वजन में होता है। यदि बॉन्ड पांच ग्राम सोने का है, तो पांच ग्राम सोने की जितनी कीमत होगी, उतनी ही बॉन्ड की कीमत होगी। इसे खरीदने के लिए सेबी के अधिकृत ब्रोकर को इश्यू प्राइस का भुगतान करना होता है। बॉन्ड को बेचने के बाद पैसा निवेशक के खाते में जमा हो जाता है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में शुद्धता की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं होती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मुताबिक गोल्ड बॉन्ड की कीमत इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने की कीमत से लिंक होती है। इसके साथ ही इसे डीमैट के रूप में रखा जा सकता है, जो काफी सुरक्षित है और उस पर कोई खर्च भी नहीं होता है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में इश्यू प्राइस पर हर साल 2.50प्रतिशत का निश्चित ब्याज मिलता है। यह पैसा हर 6 महीने में आपके खाते में पहुंच जाता है। हालांकि, इस पर स्लैब के हिसाब से टैक्स चुकाना होगा।

### भारतीय रुपये में बढ़ा कारोबार, छह माह में खुले 49 वोस्ट्रो खाते



**नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा यानी रुपये में विदेश व्यापार को बढ़ावा देने की सरकार की नीति रफ्तार पकड़ने लगी है। यही वजह है कि सिर्फ 6 महीने में ही 49 विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) खोले जा चुके हैं। कई खातों को नियामक की मंजूरी का इंतजार है। इन खातों के जरिये आठ देशों रूस, मॉरीशस, श्रीलंका, मलयेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, इस्राइल और जर्मनी के साथ रुपये में व्यापार हो सकेगा। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर पश्चिमी देशों की पाबंदियों को देखते हुए भारत रुपये में विदेशी लेनदेन को बढ़ाने के निरंतर प्रयास कर रहा है। रुपये में कारोबार को लेकर श्रीलंका से बातचीत जारी है। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस पर चर्चा आयोजित की थी। बैंक ऑफ सीलोन, एसबीआई, इंडियन बैंक के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। जुलाई, 2022 में घरेलू मुद्रा में सीमा-पार कारोबारी लेनदेन पर निर्देश जारी किए थे। इसके बाद रूस के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक व दूसरे सबसे बड़े बैंक वीटीबी बैंक जुलाई, 2022 में रुपये में व्यापार की मंजूरी पाने वाले पहले विदेशी बैंक बने थे।

### भारत का रूस से कच्चा तेल आयात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, इराक-सऊदी से भी अधिक




**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात फरवरी में बढ़कर रिकॉर्ड 16 लाख बैरल प्रतिदिन के स्तर पर पहुंच गया। वर्टेक्सा के मुताबिक, भारत जितनी मात्रा में कच्चा तेल आयात करता है, उसकी एक तिहाई से अधिक आपूर्ति अकेले रूस ने की है। वह लगातार 5वें माह भारत को क्रूड का इकलौता सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। फरवरी, 2022 से पहले तक भारत के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी एक फीसदी से भी कम होती थी। लेकिन, फरवरी, 2023 में यह 35प्रतिशत पहुंच गई। सऊदी अरब से आयात में 16 फीसदी और अमेरिकी आयात में 38 फीसदी की कमी आई है। भारत रूस से जितना तेल आयात करता है, वह दशकों से उसके आपूर्तिकर्ता रहे इराक और सऊदी अरब के कुल आयात से अधिक है। इराक ने फरवरी में 9,39,921 बैरल प्रतिदिन व सऊदी अरब ने 6,47,813 बैरल प्रतिदिन तेल की आपूर्ति की। यह बीते 16 माह में इराक व सऊदी अरब से हुई सबसे कम आपूर्ति है।

## तेलंगाना में बनेगा आईफोन बनाने का प्लांट

# 1 लाख से ज्यादा जॉब्स देगी फॉक्सकॉन, 5.7 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगी कंपनी

**नई दिल्ली।**
एपल इंक के पार्टनर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने लोकल प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए भारत के तेलंगाना में एक नया प्लांट बनाने का फैसाल कर लिया है। ताइवान की मल्टीनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन यह प्लांट तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में कोंगारा कलां में स्थापित करेगी।




### 5.7 हजार करोड़ रु के निवेश से 1 लाख लोगों को नौकरियां देगी फॉक्सकॉन

फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप के चेयरमैन यंग लियू ने 2 मार्च को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। जहां दोनों के बीच यह सहमति हुई कि इस प्लांट को स्थापित कर कंपनी 1 लाख से ज्यादा लोगों को नौकरियां देगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्लांट को स्थापित करने के लिए फॉक्सकॉन करीब 700 मिलियन डॉलर (करीब 5.7 हजार करोड़ रुपए) का निवेश करेगी।

### फॉक्सकॉन ने काम शुरू करने के लिए तेलंगाना प्रशासन से सहयोग मांगा

तेलंगाना के चीफ मिनिस्टर ऑफिस ने सोमवार को कहा कि लियू ने सीएम केसीआर को एक पत्र लिखा था। जिसमें मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के कमिटमेंट की स्पष्ट रूप से पुष्टि की गई थी। लियू ने अपने लेटर में कोंगारा कलां में जल्द से जल्द काम शुरू करने के लिए तेलंगाना प्रशासन से सहयोग मांगा है।

### लियू ने सीएम केसीआर को पर्सनल गेस्ट के तौर पर ताइवान इनवाइट किया

लियू ने हैदराबाद यात्रा के दौरान उन्हें और उनकी टीम को दिए गए आदर-सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने वहां बहुत अच्छा समय बिताया था। सीएम केसीआर को लिखे अपने लेटर में लियू ने लिखा, मैं वास्तव में आपकी दृष्टि और तेलंगाना के परिवर्तन और विकास के प्रयासों से प्रेरित हूं। लियू ने आगे लिखा, भारत में अब मेरा एक नया दोस्त है और मैं भविष्य में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। इतना ही नहीं लियू ने सीएम केसीआर को अपने पर्सनल गेस्ट के तौर पर ताइवान आने का इनविटेशन भी दिया है।

### सीएम ने फॉक्सकॉन के निवेश से रोजगार के अवसर बनने की सराहना की

हैदराबाद के प्रगति भवन में 2 मार्च को हुई मीटिंग के दौरान सीएम केसीआर और यंग लियू दोनों ने बेहतर सप्पलाई चेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में विविधता लाने के महत्व और इसमें राज्य की भूमिका पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी के बारे में भी बात की, जिसने राज्य में भारी निवेश आकर्षित किया। सीएम केसीआर ने फॉक्सकॉन के निवेश और राज्य में रोजगार सृजित करने के अवसर की भी सराहना की। वहीं लियू ने राज्य के फ्रेंडली इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट इकोसिस्टम की भी तारीफ की है।

### भारत में 2017 से बन रहे आईफोन

एपल ने 2017 में आईफोन स्ध्र के साथ भारत में आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग शुरू की थी। इसके तीन इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विस पार्टनर- फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन है। आईफोन स्ध्र के बाद भारत में आईफोन 11, आईफोन 12 और आईफोन 13 की मैन्युफैक्चरिंग भी की गई। फॉक्सकॉन का प्लांट चेन्नई के पास श्रीपेरंबदूर में है।

### भारत सरकार की पीएलआई स्कीम का हिस्सा एपल

एपल के तीनों कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर भारत सरकार की 41,000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम का हिस्सा है। इस स्कीम के बाद ही भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग में तेजी आई है। 2020 में भारत सरकार ने पीएलआई को लॉन्च किया था। इस स्कीम से बाहर के देशों की कंपनीज को मौका मिलता है कि वो लोकल मैन्युफैक्चरिंग का फायदा उठा सकें, साथ ही उस पर इन्सेंटिव भी कमा सकें।

### एपल ज्यादातर आईफोन चीन में ही क्यों बनवाती है

ज्यादातर आईफोन की असेंबलिंग चीन में होती है। क्या इसका कारण लेबर की कम कॉस्ट है इन्वेस्टोपीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक आईफोन कर्मचारी का औसत वेतन .10 प्रति घंटा है। टॉप कमाई करने वाले लगभग 27 प्रति घंटा कमाते हैं। एपल के सीईओ टिम कुक के अनुसार, चीन में मैन्युफैक्चरिंग का कारण लो लेबर कॉस्ट नहीं है। अगर ऐसा होता, तो एपल अपने फोन को और भी सस्ती जगहों पर बना सकता था। कुक के अनुसार मुख्य कारण टूलिंग इंजीनियरिंग में जरूरी स्किल है। उनका दावा है कि स्पेसिफिक स्किल सेट अब यूएस में उपलब्ध नहीं है, लेकिन चीन के पास एक्सपर्टीज है।

# क्या होती है हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ रघुराम राजन ने क्यों कहा भारत इसके खतरनाक स्तर के करीब



**नई दिल्ली।**
**भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ को लेकर चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा है, निजी क्षेत्र के कमजोर निवेश, उच्च ब्याज दर और धीमे वैश्विक विकास दर के कारण भारत हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ से खतरनाक रूप से बेहद करीब है।**

उन्होंने कहा, पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी राष्ट्रीय आय के ताजा अनुमान से पता चलता है कि तिमाही वृद्धि में सिलसिलेवार मंदी आर्थिक विकास के लिए काफी चिंताजनक है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद दूसरी तिमाही में 6.3 प्रतिशत और पहली तिमाही में 13.2 प्रतिशत से घटकर 4.4 प्रतिशत पहुंच गई है। जबकि, पिछले वित्तीय वर्ष वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर 5.2 फीसदी थी।

### अनुक्रमिक मंदी चिंता का विषय

रघुराम राजन ने कहा, अनुक्रमिक मंदी चिंता का विषय है। निजी क्षेत्र निवेश करने को तैयार नहीं है, आरबीआई अभी भी दरों में वृद्धि कर रहा है और वैश्विक विकास इस वर्ष में धीमा होने की संभावना है। उन्होंने कहा, यह पता नहीं है कि इन सबमें हम अतिरिक्त विकासदर कहां पाएंगे। उन्होंने कहा, सबसे बड़ा सवाल यह है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारतीय विकास दर क्या होगी। उन्होंने कहा, अगर हम पांच प्रतिशत वृद्धि हासिल करते हैं, तो हम भाग्यशाली होंगे।

1947 में देश जब आजाद हुआ तो देश आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा था। देश में व्यापक स्तर पर गरीबी थी और संसाधनों का अभाव था। ऐसे में 1951 से 1980, लगभग तीन दशकों तक देश की विकास दर काफी धीमी रही। देश में औसतन विकासदर करीब चार प्रतिशत के करीब थी। ऐसे में उस समय के जाने-माने अर्थशास्त्री राज कृष्ण ने 1978 में धीमी विकास दर को हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ नाम दिया।

# होली पर घर जाने का बना रहे हैं प्लान तो कन्फर्म टिकट का न लें टेंशन, रेलवे का विकल्प बनेगा सहारा

**नई दिल्ली।**
होली के त्योहार पर अगर आप घर जाने की योजना बना रहे हैं और ट्रेन की कन्फर्म टिकट मिलने में मुश्किलों का सामना कर पड़ रहा है, तो आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। आप आसानी से अपने घर जाने को लिए विकल्प योजना के माध्यम से कन्फर्म टिकट ले सकते हैं।

बता दें, रेलवे ने त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कुछ सालों पहले अल्टरनेट ट्रेन एकोमोडेशन स्कीम स्कीम को लॉन्च किया था, जिसे विकल्प नाम दिया है। विकल्प के जरिए रेलवे यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म टिकट देने की कोशिश करता है।




### कैसे काम करता है विकल्प

रेलवे का टिकट बुक अगर आपको कन्फर्म टिकट नहीं मिलता है, तो आपको विकल्प का ऑप्शन आता है, जिस पर आपको यस पर क्लिक करना होता है। इसके बाद विकल्प का कार्य शुरू होता है। जैसे ही आपकी ट्रेन का अंतिम चार्ट बनता है। आपको पंजीकृत मोबाइल पर एक एसएमएस आता है, उसमें दिए नंबर पर कॉल करने पर आपको उसी रूट की किसी अन्य ट्रेन में कन्फर्म टिकट दे दी जाती है। खास बात यह है कि इसके लिए आपको कोई भी अतिरिक्त राशि का भुगतान भी नहीं करना होता है।

### रेलवे ने क्यों शुरू किया विकल्प

त्योहारों के समय पर अक्सर ऐसा देखा जाता है। कुछ ट्रेनों में भीड़ काफी अधिक हो जाती हैं और कुछ ट्रेनें खाली रह जाती हैं। ऐसे में रेलवे का विकल्प सिस्टम इसमें बैलेंस बनाने की कोशिश करता है। ट्रेन के रवाना होने से पहले तैयार अंतिम चार्ट तैयार होने के बाद अगर यात्री को कन्फर्म टिकट नहीं मिलती है। उसे रेलवे की ओर से मैसेज जाता है। इसके बाद टोल फ्री नंबर पर कॉल करना होगा।

# बैंक ऑफ बड़ोदा ने 0.4प्रतिशत घटाई ब्याज दरें: होम लोन अब 8.5प्रतिशत पर मिलेगा, प्रोसेसिंग चार्ज पर भी 100प्रतिशत छूट

**नई दिल्ली।**
बैंक ऑफ बड़ौदा ने होम लोन पर अपनी ब्याज दरों को 0.40प्रतिशत घटाकर 8.5प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने एमएसएमई लोन पर भी ब्याज दरों को घटाया है। बैंक एमएसएमई लोन पर अब 8.4प्रतिशत की दर से ब्याज लेगा। ब्याज दरों में किए गए दोनों बदलाव 5 मार्च, 2023 से 31 मार्च, 2023 तक ही प्रभावी रहेंगे। इसके अलावा, बैंक होम लोन पर प्रोसेसिंग चार्ज पर 100प्रतिशत और एमएसएमई लोन पर 50प्रतिशत की छूट भी दे रहा है।

नई होम लोन दर, नए लोन, बैलेंस ट्रांसफर और होम इम्प्रूवमेंट लोन के लिए अप्लाय करने वालों के लिए उपलब्ध है। बैंक ने कहा कि इंटरेस्ट रेट बॉरोवर के क्रेडिट स्कोर पर भी निर्भर करेगा। बैंक ने अपने ऐप या वेबसाइट के जरिए होम लोन के लिए आवेदन करने की प्रोसेस को भी डिजिटल बना दिया है। लोन के लिए आवेदन करने के लिए बैंक की ब्रांच में भी जा सकते हैं।




### लोन लेने के लिए इन डॉक्यूमेंट्स की जरूरत

**आईडी प्रूफः** पैन / पासपोर्ट / चालक का लाइसेंस / वोटर आईडी कार्ड

**ऐड्रेस प्रूफः** बिजली बिल / पानी का बिल / गैस कनेक्शन की कॉपी या पासपोर्ट / ड्राइविंग लाइसेंस / आधार कार्ड की कॉपी

**प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंटः** निर्माण की अनुमति, ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट, अप्रूव्ड प्रोजेक्ट की कॉपी, भुगतान रसीदें आदि

**अकाउंट स्टेटमेंटः** पिछले 6 महीने का बैंक अकाउंट स्टेटमेंट और पिछले एक साल का लोन अकाउंट स्टेटमेंट (यदि लागू हो)

**इनकम प्रूफः** नौकरीपेशा के लिएः पिछले 3 महीनों की सेलरी स्लिप / पिछले 2 सालों के लिए फॉर्म 16 की एक कॉपी / पिछले 2 फाइनेंशियल ईयर के लिए इनकम टैक्स रिटर्न की कॉपी। ङ्ग. स्व-रोजगार के लिएः बिजनेस ऐड्रेस प्रूफ, पिछले 3 सालों का इनकम टैक्स रिटर्न, बैलेंस शीट, बिजनेस लाइसेंस और ञ्चष्टस्न सर्टिफिकेट (फॉर्म 16, यदि लागू) की जानकारी देनी होगी।

**6 बार में 2.50प्रतिशत की बढ़ोतरी** – आरबीआई मंहागाई को काबू में लाने के लिए ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी कर रहा है। इससे होम लोन से लेकर ऑटो और पर्सनल लोन सब कुछ महंगा हो गया है। मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। इस वित्त वर्ष की पहली मीटिंग अप्रैल में हुई थी। तब आरबीआई ने रेपो रेट को 4प्रतिशत पर स्थिर रखा था, लेकिन आरबीआई ने 2 और 3 मई को इमरजेंसी मीटिंग बुलाकर रेपो रेट को 0.40प्रतिशत बढ़ाकर 4.40प्रतिशत कर दिया था। 22 मई 2020 के बाद रेपो रेट में ये बदलाव हुआ था। इसके बाद 6 से 8 जून को हुई मीटिंग में रेपो रेट में 0.50प्रतिशत इजाफा किया। इससे रेपो रेट 4.40प्रतिशत से बढ़कर 4.90प्रतिशत हो गई।

# नई कर व्यवस्था में आयकरदाता 5 तरीकों से बचा सकते हैं टैक्स, आकर्षित बनाने का किया गया प्रयास

**नई दिल्ली।**
सरकार ने 2023-24 के बजट में नई कर व्यवस्था को और आकर्षित बनाने के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन का लाभ देने की घोषणा की है। इसके अलावा, नई व्यवस्था को आसान बनाने के साथ उस रूप में पेश करने की कोशिश की है, जिसमें आयकरदाताओं को कम दस्तावेज की जरूरत पड़े।

नईव्यवस्था में स्टैंडर्ड डिडक्शन के अलावा सीधे तौर पर कोई अन्य छूट नहीं दी गई है। लेकिन, कुछ ऐसे विकल्प हैं, जिनके जरिये पुरानी कर व्यवस्था की तरह इसमें भी कर छूट का लाभ उठाया जा सकता है।

### ईपीएफ में हिस्सेदारी

अगर आपका नियोक्ता कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में आमतौर पर बेसिक वेतन के 12 फीसदी के बराबर योगदान करता है तो इस पर नई कर व्यवस्था में भी छूट मिलती है। इसके लिए जरूरी है कि नियोक्ता की ओर से आपको मिलने वाला सालाना सेवानिवृत्ति लाभ 7.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए।




### 50,000 का स्टैंडर्ड डिडक्शन

सरकार ने नई कर व्यवस्था को और आकर्षक बनाने के लिए 2023-24 के बजट में 50,000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन की घोषणा की है। यह लाभ सिर्फ वेतनभोगियों या पेंशनभोगियों को ही मिलता है। अपना कारोबार करने वालों के लिए यह लाभ नहीं है। फैमिली पेंशन पाने वाले आयकरदाता भी स्टैंडर्ड डिडक्शन का लाभ उठा सकते हैं।

### किराये से कमाई पर स्टैंडर्ड डिडक्शन

अगर आपने कोई संपत्ति किराये पर दे रखी है तो आप उसके सालाना मूल्य पर 30 फीसदी के हिसाब से स्टैंडर्ड डिडक्शन के लाभ का दावा कर सकते हैं। संपत्ति के जरिये एक साल में मिले कुल किराये में से म्युनिसिपल कर घटा दें तो उसकी सालाना वैल्यू निकल आएगी। इस रकम के 30 फीसदी के बराबर स्टैंडर्ड डिडक्शन का लाभ उठा सकते हैं।

### एनपीएस में नियोक्ता योगदान

नई कर व्यवस्था में राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) में 1.50 लाख रुपये तक के निवेश पर आयकर कानून की धारा 80सी के तहत कोई छूट नहीं मिलती है। लेकिन, इसमें नियोक्ता के योगदान पर 80सीसीडी(2) के तहत छूट मिलती है। यह लाभ कर्मचारी के बेसिक वेतन और महंगाई भत्ते के अधिकतम 10 फीसदी तक के योगदान पर ही मिलता है। सरकारी कर्मचारियों के लिए सीमा 14 फीसदी है।

### जीवन बीमा की परिपक्वता राशि

जीवन बीमा पॉलिसी की परिपक्वता राशि पर भी कर लाभ उठा सकते हैं।2023 के बजट में भी पारंपरिक गैर-यूलिप पॉलिसी पर भी एक सीमा लगाई गई है। इसके तहत, एक अप्रैल, 2023 के बाद खरीदी पॉलिसी का प्रीमियम 5 लाख से ज्यादा है तो परिपक्वता राशि पर कर देना होगा। लेकिन, पॉलिसीधारक के निधन के बाद नॉमिनी को मिलने वाली राशि करमुक्त होगी।

### परिपक्वता राशि पर कोई कर नहीं

पुरानी कर व्यवस्था में पब्लिक प्रोविडेंट फंड या सुकन्या समृद्धि योजना में किए गए 1.50 लाख रुपये तक के निवेश पर कर लाभ मिलता है। नई व्यवस्था में यह सुविधा नहीं है। लेकिन, इन योजनाओं में किए गए निवेश के परिपक्व होने पर मिलने वाली राशि पर नई व्यवस्था में कोई कर नहीं चुकाना होगा।

### सरकार ने साबुत तुअर दाल पर सीमा शुल्क हटाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने साबुत अरहर (तुअर) दाल पर लगे 10 प्रतिशत सीमा शुल्क को हटा दिया है। सरकार ने अरहर दाल की बढ़ती कीमतों पर प्रतिबंध लगाने के लिए ऐसा किया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने तीन मार्च की एक अधिसूचना में कहा है कि तुअर (साबुत) दाल पर अब कोई सीमा शुल्क नहीं लगेगा। यह आदेश चार मार्च से प्रभावी हो गया है। हालांकि साबुत तुअर दाल से इतर अन्य तुअर उत्पादों के आयात पर 10 प्रतिशत की दर से सीमा शुल्क लगता रहेगा। देशभर में तुअर दाल के कम उत्पादन की आशंका के बीच साबुत तुअर दाल पर से सीमा शुल्क हटाने का फैसला किया गया है। तुअर की दाल खरीफ की फसल है। कृषि मंत्रालय के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, तुअर दाल का उत्पादन जुलाई 2022-जून 2023 सत्र में गिरकर 38.9 लाख टन रह सकता है जबकि पिछले सत्र में यह 43.4 लाख टन रहा था।

# प्रिया बठीजा की पुनः हो रही टीवी पर वापसी

**- तेरे इश्क में घायल शो में एंट्री करने के लिए तैयार**



**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस प्रिया बठीजा अब तेरे इश्क में घायल शो में एंट्री करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट के बारे में बात की।एक्ट्रेस दो साल बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं। अपने ट्रैक को लेकर उन्होंने कहा- कहानी अनूठी है। मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं। मैं अभी अपने किरदार के बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकती। यह किरदार शो में बहुत अधिक वेल्यू जोड़ने के लिए है और, जाहिर है, इसमें बहुत सारे मोड़ हैं और बहुत सारी भावनाएं जुड़ी हुई हैं। एक बार जब हम चरित्र में डूब जाते हैं, जिसमें थोड़ा समय लगता है, तो हमें तुलना करने का मौका मिलता है कि हम अपने जीवन के क्षणों या स्थितियों से, या चरित्र के साथ या दृश्य से कितना संबंधित हो सकते हैं। इसलिए मैं इसका इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा कि थ्रिलर दर्शकों के बीच पसंदीदा हैं। भारत में हमारे पास हर चीज के लिए दर्शक हैं। मुझे लगता है कि थ्रिलर और रहस्य हर आयु वर्ग के लोग देखना पसंद करते हैं। ख्वाहिश, कसम से, बसेरा, हम फिर मिलेंगे, हॉन्टेड नाइट्स, फियर फाइल्स, एक बूंद इश्क, सीआईडी जैसे टीवी शो में अलग-अलग किरदार निभाने के बाद , प्रिया पीछे मुड़कर देखती हैं और बताती हैं कि उनके द्वारा निभाया गया कौन सा किरदार अभी भी उनके दिल के सबसे करीब है। अपनी पसंदीदा भूमिकाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में, मैं मजबूत किरदार निभाने की तलाश में हूं।

हालांकि सभी भूमिकाएं मेरे दिल के करीब हैं, क्योंकि वह बहुत अलग हैं, मैंने बहुत मेहनत की है। वे भी अलग दिखते हैं। लेकिन अगर मुझे चुनना है तो मैं ख्वाहिश कहूंगी क्योंकि यह मेरा पहला शो था और मैंने बहुत मेहनत की थी। मुझे सूर्यपुत्र कर्ण में कुंती की भूमिका और कसम से भी पसंद आया। लोग आज भी मुझे कुंती माता के रूप में पहचानते हैं। मेरा मतलब है, वह अपने आप में एक उपलब्धि की तरह थी, आप कह सकते हैं कि लोग अभी भी इंस्टाग्राम पर मुझे संदेश देते हैं। मैंने उस चरित्र के साथ प्रभाव डालना सुनिश्चित किया। इसलिए लोग अभी भी मुझे उस चरित्र के साथ लेबल करते हैं। शो में करण कुंद्रा, गश्मीर महाजनी और रीम शेख मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह दो भाइयों, अरमान और वीर की कहानी है, जिसे गशमीर और करण ने निभाया है। वह भेड़िये हैं और रीम द्वारा निभाई गई उसी लड़की ईशा के प्यार में पड़ जाते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस प्रिया बठीजा को आखिरी बार एकता कपूर की डायन में डायन का किरदार निभाते हुए देखा गया था। इसके बाद वे पुनः छोटे परदे पर वापसी करने जा रही है।

# रणबीर कपूर को डर है, कहीं क्लीन शेव करा ली, तो उनकी बेटी राहा चेहरा पहचाने से न कर दे इनकार




**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने पिछले साल नवंबर में अपनी बेटी का स्वागत किया और अभिनेता को अक्सर अपने पहले बच्चे राहा कपूर के बारे में बात करते हुए देखा जाता है। हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी के साथ अपने बॉन्ड के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह दाढ़ी के साथ उनके लुक को देखने की आदी हो गई है, इसीलिए उन्हें डर है कि अगर उन्होंने किसी दिन क्लीन शेव करा ली, तो उनकी बेटी चेहरा पहचाने से मना न कर दे। रणबीर कपूर ने कहा कि मैंने यह दाढ़ी फिल्म के लिए बढ़ाई है। जब से मेरी बेटी राहा का जन्म हुआ है, उसने मुझे केवल इसी लुक में देखा है। मुझे इस बात का डर नहीं है कि मेरी दाढ़ी उसे चुभ जाएगी, लेकिन मुझे डर है कि वह कहीं क्लीन शेव के बाद मुझे पहचाने नहीं। रणबीर अपनी को-स्टार श्रद्धा कपूर के साथ सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल-13 में अपनी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का प्रमोशन करने पहुंचे। रणबीर ने बताया कि उनके लिए उनकी बेटी का प्यार सबसे खास है और उसकी मुस्कान उन्हें खुश कर देती है। उन्होंने कहा कि उसकी आदत है कि वह केवल मेरी आंखों में देखकर मुस्कुराती है और मुझे विश्वास है कि उसने मेरी आंखों के अलावा कुछ नहीं देखा है। मुझे यकीन है कि वह मेरे क्लीन-शेव लुक की भी आदि हो जाएगी, लेकिन अगर उसने क्लीन शेव में मुझे नहीं पहचाना, तो मेरा दिल टूट जाएगा।

**सिंगिंग रियलिटी शो में ऋषि सिंह के साथ रणबीर करने लगे डांस -** वेक अप सिड एक्टर ने सिंगिंग रियलिटी शो के होली स्पेशल एपिसोड में परफॉर्मेंस का आनंद लिया। अयोध्या के ऋषि सिंह ने सुपरस्टार सिंगर-2 की कंटेस्टेंट सायशा गुप्ता के साथ फिल्म ये जवानी है दीवानी के लोकप्रिय होली गीत बलम पिचकारी पर परफॉर्म किया और रणबीर उनकी परफॉर्मेंस से इतने प्रभावित हुए कि स्टेज पर उनके साथ शामिल हो गए और डांस करने लगे। ऋषि सिंह ने कह कि शूटिंग के 8 दिनों में आदित्य रॉय कपूर, कल्कि, दीपिका और मैंने खूब मस्ती की। हम सबसे छिपाकर भांग पीते थे, ताकि किसी को पता न चले। मेरे पास इस गाने की कई प्यारी यादें हैं और इस शानदार परफॉर्मेंस के कारण मुझे उन यादों को फिर से जीने का मौका मिला।


# दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा को मिली एक बड़ी फिल्म, अली अब्बास जफर का होगा निर्देशन

**-बड़े मियां छोटे मियां इस वर्ष क्रिसमिस के मौके पर होगी प्रदर्शित**



**मुंबई (ईएमएस)।** संजय लीला भंसाली ने हाल ही में अपनी पहली वेब सीरीज हीरा मंडी की पहली झलक दर्शकों के सामने पेश की थी। उन्होंने अपनी इस वेब सीरीज के महिला किरदारों से दर्शकों को परिचित कराया था, जिसमें सबसे अन्त में सोनाक्षी सिन्हा की झलक सामने आई थी। हीरा मंडी में मनीषा कोइराला और अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा भी मुख्य भूमिका में हैं। हीरा मंडी में सोनाक्षी सिन्हा को देखकर दर्शकों को हैरानी हुई थी। वजह उन्हें यह समझ में नहीं आ रहा था कि संजय लीला भंसाली ने सोनाक्षी में ऐसा क्या देखा। अभी सोनाक्षी की चर्चा हीरा मंडी को लेकर खत्म भी नहीं हुई कि सोनाक्षी सिन्हा ने एक बार फिर से दर्शकों को अचंभित कर दिया है। उन्होंने हाल ही में एक और बड़ी फिल्म को साइन किया है, जिसमें वे अपने पुराने को स्टार अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। मीडिया के अनुसार सोनाक्षी सिन्हा को निमार्ता निर्देशक अली अब्बास जफर ने अपनी अगली निर्देशित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के लिए कास्ट किया है। वासु भगनानी, जैकी भगनानी के बैनर पूजा एंटरटेनमेंट तले इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। नब्बे के दशक में वासु भगनानी ने डेविड धवन के निर्देशन में अमिताभ बच्चन, गोविन्दा, राम्या कृष्णन और रवीना टंडन को लेकर इसी शीर्षक से फिल्म का निर्माण किया था। बॉक्स ऑफिस कामयाब रही इस फिल्म में अमिताभ-गोविन्दा दोहरी भूमिकाओं में नजर आए थे। अली अब्बास जफर की बड़े मियां छोटे मियां पूरी तरह से इस फिल्म का रीमेक है या नहीं, अभी इस बात की जानकारी मीडिया के सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। अली अब्बास जफर ने सलमान खान को साथ में लेकर टाइगर जिंदा है बनाई थी, जिसके एक्शन ने दर्शकों को हैरत में डाल दिया था। बड़े मियां छोटे मियां इस वर्ष क्रिसमिस के मौके पर प्रदर्शित होगी।

# रणदीप दूसरे सीजन का हिस्सा बनकर काफी खुश



छोटे परदे के धारावाहिक बड़े अच्छे लगते हैं में एक्टर रणदीप राय दूसरे सीजन का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। इस धारावाहिक में वह राघव की भूमिका निभा रहे हैं। रणदीप पहले सीजन का हिस्सा बनने में विफल रहे थे। उन्होंने कहा, मैं हमेशा एक एक्टर बनना चाहता हूं और मैंने पीहू के लवर की भूमिका के लिए बड़े अच्छे लगते हैं सीजन 1 के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन दुर्भाग्य से मेरा सलेक्शन नहीं हुआ। लेकिन मैंने हार नहीं मानी। मुझे राम और प्रिया की बेटियों में से एक के लवर के रोल में बुलाया गया। मेरी मेहनत रंग लायी, अब मैं शो के दूसरे सीजन में मुख्य भूमिका निभा रहा हूं। उन्होंने कहाः मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं कि 9 साल बाद चीजें काम कर रही हैं और मैं इस तरह के शो का हिस्सा हूं। राघव एक ऐसा किरदार है जो सभी परिस्थितियों से शांत रहता है। उसके अंदर खुद को साबित करने की ललक है।

# ड्रोन कैमरा से घायल हुए सिंगर बेनी दयाल



मंच पर लाइव कॉन्सर्ट के दौरान सिंगर्स बेनी दयाल ड्रोन कैमरा से घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सिंगर ने घटना की सूचना अपने इंस्टाग्राम पर देते हुए कहा, लाइव स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान ड्रोन गलती से मेरे सिर से टकरा गया और मुझे उंगलियों पर कुछ चोटें भी आईं। मेरे सिर पर थोड़ी सी चोट लगी है। मेरी दो उंगलियां पूरी तरह से चोटिल हो गईं। लेकिन ये सब ठीक है। मुझे लगता है कि मैं इससे बहुत तेजी से ठीक हो रहा हूं। प्यार और प्रार्थनाओं के लिए सभी को धन्यवाद। वीडियो में बेनी ने आगे कहा, मैं हर सिंगर्स के लिए तीन बातें बताना चाहता हूं। जब भी वह कोई लाइव कॉन्सर्ट करें तो यह पहले ही देख लें कि जब वह परफॉर्म कर रहे हों तो ड्रोन उनके करीब न आ पाए क्योंकि ड्रोन को अचानक आने से नहीं रोका जा सकता है।

# आईएएफ पर आधारित अनटाइटल्ड फिल्म वीटी13 में काम करेंगी मानुषी छिल्लर

**-तेलुगू और हिंदी में एक साथ किया जाएगा शूट**



**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस और पूर्व ब्यूटी क्वीन मानुषी छिल्लर को सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस द्वारा भारतीय वायु सेना (आईएएफ) पर आधारित एक तेलुगू-हिंदी एरियल एक्शन ड्रामा में काम करने का ऑफर मिला है। वरुण तेज अभिनीत इस फिल्म में मानुषी एक राडार अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। अपने रोल के बारे में बात करते हुए मानुषी कहती हैं, मैं सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स के साथ काम करने और एक्शन फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं। उन्होंने कहा कि मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं अपने निर्देशक शक्ति प्रताप सिंह की आभारी हूं और मैं भारतीय वायु सेना में अधिकारियों के जीवन और यात्रा को जानने के लिए उत्साहित हूं। वरुण तेज के साथ स्क्रीन स्पेस करने की यह एक रोमांचक शुरूआत है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह अनटाइटल्ड फिल्म देशभक्ति और मनोरंजन करने वाली फिल्म है।

भारत द्वारा अब तक देखे गए सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक से लड़ने के दौरान उनके सामने आने वाली चुनौतियों को फिल्म प्रदर्शित करेगी। अनटाइटल्ड फिल्म (वीटी13) का निर्माण सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स के संदीप मुड्डा द्वारा किया जा रहा है। यह नंदकुमार अब्बिनेनी और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट द्वारा सह-निर्मित है। शक्ति प्रताप सिंह हाडा अनुभवी विज्ञापन-फिल्म निमार्ता, सिनेमैटोग्राफर और वीएफएक्स के प्रशंसक इस फिल्म के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत करेंगे। शक्ति प्रताप सिंह हाड़ा, आमिर खान और सिद्धार्थ राज कुमार द्वारा लिखित फिल्म को तेलुगू और हिंदी में एक साथ शूट किया जाएगा।

# अमिताभ की साउथ इंडस्ट्री में एंट्री



बालीवुड के बिग बी यानि अमिताभ बच्चन की अंडरवर्ल्ड का कब्जा से आनंद पंडित की साउथ इंडस्ट्री में एंट्री हुई है। एक रोमांचक टीजर और मनोरंजक गीतों के साथ, फिल्म ने उपेंद्र और किच्चा सुदीपा को आमने-सामने देखने के लिए दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है! आज बॉलीवुड के शहंशाह महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया पर अंडरवर्ल्ड का कब्जा का हाई-वोल्टेज ट्रेलर लॉन्च किया। ट्रेलर में फिल्म के एक्शन और दमदार डायलॉग्स की भरमार है। इस फिल्म में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, उपेंद्र ने साझा किया, जब मैंने फिल्म की कहानी सुनी, तो मैं अर्केश्वरा के जीवन से बहुत प्रभावित हुआ और मैंने इस पीरियड ड्रामा का हिस्सा बनने का फैसला किया। श्रिया सरन ने साझा किया, यह जानते हुए कि अंडरवर्ल्ड का कब्जा में उपेंद्र, किच्छा सुदीपा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार हैं और फिल्म आर. चंद्रू द्वारा निर्देशित होने के कारण, किसी भी अभिनेत्री के लिए खुद को इतनी भव्य फिल्म से जोड़ना असंभव था।

# सोनम ने कराया एक नया फोटोशूट



बालीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर माथे पर बिंदी के साथ काले रंग के एथनीवियर और पारंपरिक ज्वेलरी में खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस सोनम ने अपने पिता अनिल कपूर के घर पर एक नया फोटोशूट कराया है। इंस्टाग्राम पर उन्होंने जो फोटोज शेयर कीं। एक्ट्रेस ने मजाक में कहा कि फोटोग्राफर उन्हें तभी अच्छे से क्लिक करता है जब वह इंडियन वियर में होती हैं। इंस्टाग्राम पर फोटोज को शेयर करते हुए सोनम ने लिखा, इन भारतीय नाटकीय तस्वीरों से प्यार है ... धन्यवाद वैश्नव प्रवीण मुझे केवल भारतीय में अच्छी तरह से शूट करने के लिए। एक फैंन ने फोटोज पर कमेंट करते हुए लिखा, सोनम के पास सबसे खूबसूरत चेहरा और मुस्कान है। एक अन्य ने टिप्पणी की, हमेशा की तरह बहुत खूबसूरत। एक और ने लिखा, आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं सोनम कपूर।

# अक्षय कुमार ने नोरा फतेही के साथ 'ऊ अंतवा' गाने पर किया डांस, हुए ट्रोल



साउथ के पॉपुलर एक्टर अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म "पुष्पा" ने जहां दर्शकों को अपना दीवाना बनाया था वहीं इस फिल्म के गाने 'ऊ अंतवा' के भी लोग दीवाना हैं। दर्शक इस फिल्म के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आज भी हम कई कार्यक्रमों में लोगों को इस गाने पर डांस करते हुए देखते हैं। इस गाने में अल्लू अर्जुन के साथ लोकप्रिय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आयी थीं। इस गाने का क्रेज आज भी कम नहीं हुआ है और अब साफ है कि सेलिब्रिटीज भी इसके दीवाने हैं। अब इस गाने पर बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही और अक्षय कुमार ने डांस किया है। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही अपने डांसिंग स्किल्स के लिए जानी जाती हैं जबकि अक्षय कुमार अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। दोनों ने अब अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु के गाने 'ऊम अंतवा' पर डांस किया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया है। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए कुछ इंटरनेट यूजर्स ने उनकी तारीफ की है तो कुछ ने अक्षय को ट्रोल किया है।

एक नेटिजन ने अक्षय को ट्रोल करते हुए कहा, "इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अक्षय की हालत कितनी खराब है। फिल्में फ्लॉप हो गई हैं। अब वह दूसरे कलाकारों के गानों पर डांस कर रहे हैं। कोई बड़ा कलाकार ऐसा नहीं करता। एक अन्य यूजर ने कहा, "सिर्फ अल्लू अर्जुन ही इस स्टेप को बखूबी कर सकते हैं।" तीसरे ने कहा, "एक बार फिर वे एक साउथ फिल्म की नकल कर रहे हैं।" इंटरनेट यूजर्स ने अक्षय कुमार की क्लास लगा दी। गौरतलब है कि अल्लू अर्जुन की फिल्म "पुष्पा 2" जल्द ही पर्दे पर आने वाली है। फिलहाल अल्लू अर्जुन इस फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म "पुष्पा" की रिलीज के बाद कई रिकॉर्ड टूट गए हैं। यह लॉकडाउन के बाद रिलीज हुई लोकप्रिय फिल्मों में से एक है।

## सूडोकु नवताल- 6363

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6362 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7110

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | वि | र | कु | बा | र्ड | र | म | ला | नी | क |
| ज | रा | माँ | ज | इं | डो | ने | ह | क | हे | प |
| न | स | आ | तु | म | न | इ | जा | न | रा | म |
| च | त | चाँ | मा | झे | ल | स | ल | प | फे | ह |
| ले | म | बा | द | त | स | उ | ड़ | ख | री | म |
| स | जे | फ़ | र | नी | द | ला | म | ल | ड़ | सा |
| सु | मा | दे | ना | व | बा | स | म | पी | ख | थ |
| रा | दे | श | बा | र | प | र | थ | ड़ | भ | सा |
| ल | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | थ |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | प | ने | मा | चि | स | म |

शब्दजाल में तब्बू की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

जाल, हेरा फेरी, बार्डर, विरासत, हम साथ साथ है, माचिस, साजन चले ससुराल, फ़ना, माँ तुझे सलाम, चाँदनी बार.

### शब्दजाल - 7109 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | रा | ज | त | हो | प | न | प | क्त |
| ज | क्रि | ब | ना | द | म | जा | जि | स्म | र | ह |
| न | के | र | हे | नि | ऐ | ना | न | व | टि | म |
| बी | ट | सा | न | शा | वा | त | क | ले | ज | को |
| चो | दा | त | प | ने | तो | हो | बा | गो | ब | दि |
| ब | र | त | अ | ग | स | ए | व | र | वॉ | वा |
| द | प | म | न | प | व | ह | अ | गो | प्ला | ना |
| क | र | क | चा | क | ह | भा | र | चो | आ | क |
| र | व | त | म | ए | भी | र | क | अ | न | र |
| फु | ट | पा | त | र | शो | ता | ण | र | ह | ग |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | र | क | प | स्त | ये |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6063

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | 5 | | 1 | |
| | 32 | 3 | 40 | 1 | 28 | 7 |
| 1 | | 6 | | | 2 | |
| 3 | 26 | 2 | 40 | 7 | 34 | 6 |
| | | 4 | | 2 | | 3 |
| | 30 | 1 | 28 | | 29 | 5 |
| 7 | | | 2 | 3 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6062 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 38 | 6 | 32 | 1 | 30 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 1 | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | 6 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# अहमदाबाद में बन रही सामान्य पिच : जीसीए के अधिकारी बोले- मैनेजमेंट से निर्देश नहीं मिले

**अहमदाबाद।**
भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा और आखिरी टेस्ट मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच में पिच कैसी होगी, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भारत के लिए अहमदाबाद टेस्ट जीतना बहुत जरूरी है। अहमदाबाद टेस्ट जीतते ही भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच जाएगा और उसे न्यूजीलैंड-श्रीलंका के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज के नतीजों का इंतजार नहीं करना होगा। पिछले 3 टेस्ट में बीसीसीआई ने स्पिन फ्रेंडली पिचें बनवाई थीं, ऐसे में देखना होगा कि चौथे टेस्ट की पिच कैसी होगी।

गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें भारतीय टीम के मैनेजमेंट से पिच को लेकर कोई निर्देश नहीं मिले हैं। पिच क्यूरेटर एक सामान्य पिच तैयार करने में लगे हैं। ऐसे में पिच बिलकुल वैसी होगी, जैसे पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी मैचों के दौरान थी। आगे स्टोरी में हम जानेंगे कि अहमदाबाद की पिच कैसी होगी और इस मैदान पर भारत का टेस्ट रिकॉर्ड कैसा रहा है।

**तीसरे टेस्ट की पिच पर उठे थे सवाल** - भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला गया तीसरा टेस्ट तीसरे दिन ही खत्म हो गया था। 15 सेशन का खेल 7 सेशन ही चल सका। मैच में 31 विकेट गिरे, जिनमें से 26 स्पिनर्स ने लिए। जिसके बाद क्रिकेट एक्सपर्ट्स और फैंस ने पिच पर सवाल उठाए। दूसरी ओर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने स्टेडियम की पिच को पुअर यानी खराब रेटिंग भी दी। इसका मुख्य कारण था कि पिच पर स्पिनर्स को बहुत ज्यादा मदद मिली। यहां बैटर और बॉलर के बीच बराबरी का मुकाबला नहीं हुआ। पहले दिन से बॉल दब रहा था, असमान उछाल भी देखने को मिला। वहीं, इस पर किसी भी तरह की स्विंग या सीम मूवमेंट भी देखने को नहीं मिली। इन्हीं कुछ कारणों के चलते इंदौर टेस्ट की पिच पर सवाल उठे। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम 2021 में बनकर तैयार हुआ। यहां टीम इंडिया ने अब तक 2 ही टेस्ट खेले। इस स्टेडियम से पहले अहमदाबाद के मोटेरा में सरदार पटेल स्टेडियम था। जिस तोड़कर नया स्टेडियम बनाया गया है। पुराने स्टेडियम में भारत ने 12 टेस्ट मैच खेले थे।

## न्यूज ब्रीफ

### डोप में फंसे बॉक्सर को खेलने से रोका गया, बीएफआई ने बिना जांच के बुल्गारिया भेज दिया था, मैच से पहले बाहर



नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी संघ (आईबीएफ) की ओर से डोप में फंसे मुक्केबाज को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट स्ट्रेंड्जा कप में खेलने सोफिया (बुल्गारिया) भेज दिया गया। इस मुक्केबाज को पहले दौर का मुकाबला खिलाने की तैयारियां भी शुरू हो गई थीं। बाउट से एक घंटे पहले इस मुक्केबाज को खेलने से रोका गया। उसे अपने प्रतिद्वंद्वी कजाखस्तान के बेकजात तांगतार को वॉकओवर देना पड़ा। स्ट्रेंड्जा कप के लिए 86 भार वर्ग में पंजाब के कार्तिक का चयन किया गया था। कार्तिक ने हिसार में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में इस भार में स्वर्ण जीता था। उन्हें चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज भी आंका गया। इस प्रदर्शन के आधार पर कार्तिक का चयन 20 से 26 फरवरी को हुए स्ट्रेंड्जा कप के लिए कर लिया गया। टीम को दिल्ली से सोफिया के लिए 18 फरवरी को रवाना कर दिया गया। टूर्नामेंट शुरू भी हो गया और कार्तिक को 86 भार वर्ग की बाउट खिलाने स्टेडियम भी ले आया गया, जहां चीफ कोच सी कुटप्पा उन्हें बाउट के लिए तैयारी भी करा रहे थे। तभी पता लगा कि कार्तिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में डोप में फंसे हैं। इसके बाद उन्हें खेलने से रोका गया और वॉकओवर कराया गया। हैरानी की बात यह है कि नाडा की ओर से लिए कार्तिक के सैंपल का परिणाम टीम की रवानगी से पहले ही मुक्केबाजी संघ और मुक्केबाज को भेज दिया गया था।


### रेहान अहमद ने इंग्लैंड के लिए वनडे डेब्यू करते ही रचा इतिहास

नई दिल्ली। इंग्लैंड और बांग्लादेश के बीच तीसरा व अंतिम वनडे चट्टोग्राम के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम पर खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। इंग्लैंड ने इस मुकाबले में रेहान अहमद को डेब्यू का मौका दिया। अहमद ने डेब्यू करते ही इतिहास रच दिया। रेहान अहमद इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में वनडे डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। अहमद ने 18 साल और 205 दिन की उम्र में अपना वनडे डेब्यू किया। इससे पहले रेहान अहमद इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास के सबसे युवा टेस्ट डेब्यूटेंट भी बने थे। अहमद ने पाकिस्तान के खिलाफ दिसंबर 2022 में कराची में टेस्ट डेब्यू किया था। रेहान अहमद ने इंग्लैंड के लिए सबसे कम उम्र में वनडे डेब्यू किया। उन्होंने बेन होलियोक का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 19 साल और 195 दिन की उम्र में वनडे डेब्यू किया था। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर सैम करन इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 20 साल और 21 दिन की उम्र में इंग्लैंड के लिए वनडे डेब्यू किया था। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड वनडे डेब्यू करने वाले देश के चौथे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। ब्रॉड ने 20 साल और 67 दिन की उम्र में इंग्लैंड के लिए वनडे डेब्यू किया। इस लिस्ट में इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स पांचवें नंबर पर हैं, जिन्होंने 20 साल और 82 दिन की उम्र में वनडे डेब्यू किया था।



### रैना हैं आईपीएल इतिहास के सबसे महान खिलाड़ी : कुंबले

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले आईपीएल का सबसे महान खिलाड़ी सुरेश रैना को मानते हैं। कुंबले की नजर में विराट कोहली, महेन्द्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा, एबी डिविलियर्स और शिखर धवन नहीं बल्कि रैना इस अवार्ड के अधिकारी हैं। कुंबले से जब यह पूछा गया कि आईपीएल इतिहास का सबसे बेहतर खिलाड़ी कौन है तो कुंबले ने रैना का नाम लिया। रैना ने गत वर्ष आईपीएल से भी संन्यास ले लिया था। उन्होंने अंतिम बार ये टूर्नामेंट साल 2021 में खेला था। उन्होंने आईपीएल में 205 मैचों में भाग लेते हुए 136 के स्ट्राइक रेट से 5,528 रन बनाए है। इसमें एक शतक भी शामिल है। रैना आईपीएल में कप्तानी भी रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर प्रतिबंध लगने के बाद गुजरात लायंस नाम नई टीम बनी थी जिसके कप्तान रैना थे। वह साल 2016 में गुजरात लायंस को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में सफल हुए थे। रैना के अलाव वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल को भी महान खिलाड़ी के लिए चुना गया। गेल आईपीएल में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं।



विमेंस प्रीमियर लीग में 3 विकेट से जीती यूपी वॉरियर्ज

# आखिरी 17 बॉल पर 58 रन बनाए ग्रेस हैरिस ने जड़ा विनिंग सिक्स

**मुंबई।**
विमेंस प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज ने गुजरात जायंट्स को 3 विकेट से हरा दिया। यूपी को आखिरी 18 बॉल पर 53 रन की जरूरत थी। टीम की बैटर ग्रैस हैरिस ने आक्रामक फिफ्टी जड़ी और यूपी को जीत दिला दी। उन्होंने 26 बॉल पर नाबाद 59 रन बनाए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। गुजरात से किम गार्थ ने 5 विकेट लिए। यूपी वॉरियर्ज ने 15.4 ओवर में 105 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। टीम को 65 रन की जरूरत थी और जीत बहुत दूर नजर आने लगी। तब टीम की बैटर ग्रेस हैरिस क्रीज पर थीं। उन्हें सोफी एक्लेस्टन का साथ मिला। दोनों ने 19.5 ओवर तक बैटिंग की और 26 बॉल में 70 रन जोड़कर यूपी को जीत दिला दी।




**ऐसे गिरे वॉरियर्ज के विकेट...**
पहला: किम गार्थ ने तीसरे ओवर में अपनी ही बॉलिंग पर एलिसा हीला का कैच लिया। हीली पहली ही बॉल पर आउट हुई और 8 बॉल में 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। दूसरा: किम गार्थ ने तीसरे ओवर की पांचवीं बॉल पर श्वेता सेहरावत को शॉर्ट थर्ड मैन पर कैच आउट कराया। मानसी जोशी ने बेहतरीन कैच पकड़ा। श्वेता 6 बॉल में 5 रन ही बना सकीं। तीसरा: तीसरे ओवर की आखिरी बॉल पर किम गार्थ ने ताहलिया मैक्ग्रा को स्लिप में दयालन हेमलता के हाथों कैच कराया। मैक्ग्रा गोल्डन डक बनाकर पवेलियन लौटीं। चौथा: 12वें ओवर की आखिरी बॉल पर मानसी जोशी ने दीप्ति शर्मा को बोल्ड कर दिया। दीप्ति 16 बॉल पर 11 रन ही बना सकीं। पांचवीं: 13वें ओवर की चौथी बॉल पर किम गार्थ ने शॉर्ट बॉल फेंकी। किरण नवगिरे पुल करने गईं, लेकिन कीपर सुष्मा वर्मा को कौच दे बैठीं। नवगिरे ने 43 बॉल पर 53 रन बनाए। छठा: 13वें ओवर की पांचवीं बॉल पर किम गार्थ ने सिमरन शेख को शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। सातवां: 16वें ओवर की चौथी बॉल एनाबेल सदरलैंड ने ऑफ स्टंप के बाहर स्लोअर डाली। देविका वैद्य शॉट को ठीक से खेल नहीं सकीं और मिड-ऑन पर दयालन हेमलता के हाथों कैच आउट हो गईं।

**ऐसे गिरे गुजरात जायंट्स के विकेट...**
पहला : चौथे ओवर की पांचवीं बॉल दीप्ति शर्मा ने फुलर लेंथ फेंकी। सोफिया डंकली आगे निकलकर शॉट खेलने गईं, लेकिन बॉल मिस कर गईं। वह 11 बॉल पर 13 रन बनाकर बोल्ड हुईं। दूसरा : पांचवें ओवर की तीसरी बॉल सोफी एक्लेस्टन ने ऑफ स्टंप पर गुड लेंथ फेंकी। सब्बिनेनी मेघना लेग साइड में शॉट खेलने गईं, लेकिन बॉल ने बैट का बाहरी किनारा लिया और शॉर्ट थर्ड मैन पर श्वेता सेहरावत के पास चली गईं। मेघना ने 15 बॉल पर 24 रन बनाए। तीसरा: 8वें ओवर की पहली बॉल सोफी एक्लेस्टन ने गुड लेंथ पर डाली। एनाबेल सदरलैंड लॉन्ग ऑन के ऊपर से शॉट खेलने गईं, लेकिन बाउंड्री के अंदर अंजलि सर्वनी को कैच दे बैठीं। सदरलैंड ने 10 बॉल पर 8 रन बनाए। चौथा: 11वें ओवर की तीसरी बॉल ताहलिया मैक्ग्रा ने लेग स्टंप पर गुड लेंथ डाली। सुष्मा वर्मा लेग साइड पर फ्लिक करने गईं, लेकिन मिडविकेट पर श्वेता सेहरवात को कैच दे बैठीं। सुष्मा ने 13 बॉल पर 9 रन बनाए। पांचवां: 16वें ओवर की दूसरी बॉल दीप्ति शर्मा ने फुलर लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। गार्डनर आगे निकलकर शॉट खेलने गईं, लेकिन बॉल मिस कर गईं। विकेटकीपर एलिसा हीली ने उन्हें स्टंपिंग आउट कर दिया। गार्डनर ने 19 बॉल पर 25 रन बनाए। छठा: 18वें ओवर की दूसरी बॉल अंजलि सर्वनि ने लेग स्टंप पर गुड लेंथ फेंकी। हरलीन देओल ने इसे मिड-विकेट की दिशा में फ्लिक किया। बॉल ज्यादा दूर नहीं गईं और ताहलिया मैक्ग्रा ने उनका कैच पकड़ लिया। हरलीन 32 बॉल पर 46 रन बनाए।

**देखें दोनों टीमों की प्लेइंग-11**
**गुजरात जायंट्स :** स्नेह राणा (कप्तान), सोफिया डंकली, सुष्मा वर्मा (विकेटकीपर), सब्बिनेनी मेघना, दयालन हेमलता, हरलीन देओल, तनुजा कंवर, एनाबेल सदरलैंड, मानसी जोशी, एश्ले गार्डनर और किम गार्थ।
**यूपी वॉरियर्ज :** एलिसा हीली (कप्तान), श्वेता सेहरावत, ताहलिया मैक्ग्रा, दीप्ति शर्मा, ग्रेस हैरिस, किरण नवगिरे, देविका वैद्य, सिमर शैख, सोफी एक्लेस्टन, राजेश्वरी गायकवाड़ और अंजलि सर्वनी।

पैट कमिंस चौथा टेस्ट भी नहीं खेलेंगे

# स्टीव स्मिथ करेंगे कप्तानी; तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन वनडे सीरीज से बाहर



जाय रिचर्डसन



पैट कमिंस

**मुंबई।**
ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट से बाहर हो गए है। वहीं टेस्ट के बाद होने वाली वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल जाय रिचर्डसन भी चोट की वजह से टीम से बाहर हो गए हैं।

दरअसल कमिंस की मां की तबीयत खराब है। इस वजह से वें दिल्ली टेस्ट के बाद ही ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वे तीसरे टेस्ट से पहले आने वाले थे लेकिन अब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अपने परिवार के साथ रुकने का फैसला किया है।

टीम के उप कप्तान स्टीव स्मिथ अहमदाबाद टेस्ट में भी टीम को लीड करेंगे। पैट कमिंस 17 मार्च से शुरू होने वाली वनडे सीरीज में टीम में वापसी करेंगे। इस समय ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में भारत के खिलाफ 2-1 से पीछे है। इंदौर में जीत के साथ कंगारू टीम ने चार मुकाबलों की सीरीज में वापसी की है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 9 से 13 मार्च तक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

टेस्ट सीरीज के बीच टीम को एक और झटका लगा है। तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन भारत के खिलाफ 17 मार्च से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज से बाहर हो गए है। उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट आई है। 26 वर्षीय रिचर्डसन की जगह टीम में मीडियम फास्ट बॉलर नाथन एलिस को शामिल किया गया है। एलिस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 3 वनडे खेले हैं। चोट की वजह से रिचर्डसन के आईपीएल खेलने पर भी संशय बना हुआ है। मुंबई इंडियंस ने उन्हें 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा था। इंदौर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 विकेट से हरा दिया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 76 रन का टारगेट दिया था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 1 विकेट खो कर चेज कर लिया। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ ने टीम की कप्तानी की थी। 2004 के बाद ऑस्ट्रेलिया दूसरी बार भारत में टेस्ट जीता।

# जोकोविच ने इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से नाम वापस लिया: कोरोना वैक्सीन नहीं लगाने पर अमेरिका में एंट्री पर है बैन

**नई दिल्ली।**
वर्ल्ड नंबर-1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में होने वाले एटीपी टूर्नामेंट इंडियन वेल्स से अपना नाम वापस ले लिया है। इसकी पुष्टि आयोजकों ने की। जोकोविच कोरोना वैक्सीन का टीका नहीं लगवाया है। वहीं अमेरिकी नीतियों के मुताबिक बिना कोरोना वैक्सीन लगवाए व्यक्ति को यूएस में एंट्री नहीं दी जाती है। जोकोविच ने अमेरिकी अधिकारियों से स्पेशल प्रवेश देने के लिए अनुरोध किया था। इंडियन वेल्स 6 मार्च से 19 मार्च के बीच होना है।



पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ओपन और यूएस ओपन भी नहीं खेल पाए थे सर्बियाई स्टार को पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ओपन और यूएस ओपन से वंचित होना पड़ा था। पिछले साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन के बीच में से उन्हें कोरोना वैक्सीन का सर्टिफिकेट नहीं होने के कारण वापस भेज दिया गया था। वहीं कोरोना का वैक्सीन नहीं लेने की वजह से यूएस ओपन भी नहीं खेल जाए थे।

**जोकोविच जीत चुके हैं 22 ग्रैंड स्लैम**

जोकोविच संयुक्त रूप से राफेल नडाल के साथ 22 ग्रैंड स्लैम जीतकर सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी हैं। इन दोनों के बाद रोजर फेडरर 20 ग्रैंड स्लैम जीतकर दूसरे नंबर पर हैं।

# उमर अकमल ने गेंदबाजों के उड़ाए होश, 300 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से खेली तूफानी पारी

**नई दिल्ली।**
उमर अकमल ने पाकिस्तान सुपर लीग के 21वें मैच में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ तूफानी पारी खेली। रावलपिंडी के पिंडी क्लब ग्राउंड में क्वेटा ग्लेडिएटर्स के लिए उमर अकमल ने केवल 14 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के की मदद से नाबाद 43 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 307.14 का रहा। उमर अकमल की तूफानी पारी की मदद से क्वेटा ग्लेडिएटर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए। अकमल पारी के 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने आए, जब ग्लेडिएटर्स का स्कोर 121/5 था। फजलहक फारूकी ने मोहम्मद नवाज को आउट किया था, जिन्होंने 44 गेंदों में छह चौके की मदद से 52 रन बनाए थे।



**अकमल ने उड़ाए गेंदबाजों के होश**

उमर अकमल ने अपनी पारी की शुरुआत फारूकी की गेंद पर छक्का जमाकर की। इसके बाद उन्होंने एक छक्का और एक चौका जमाया। 17वें ओवर के अंत में अकमल केवल 4 गेंदों में 17 रन बनाकर खेल रही थी। इस ओवर में फारूकी ने 18 रन खर्च किए। इस ओवर को छोड़ दे तो फारूकी का गेंदबाजी स्पेल शानदार रहा, जहां उन्होंने 4 ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

बहरहाल, 18वें ओवर में अकमल ने हसन अली की गेंद पर लंबा छक्का लगाया। वहीं फहीम अशरफ द्वारा किए गए पारी के 20वें ओवर में अकमल ने दो छक्के और एक चौका जमाया। अशरफ के आखिरी ओवर में 21 रन बने। आखिरी गेंद पर अकमल ने मिडविकेट की दिशा में छक्का जमाकर पारी का अंत किया।

**इस्लामाबाद यूनाइटेड ने जीता मैच**

हालांकि, उमर अकमल की पारी पर पानी फिर गया क्योंकि क्वेटा ग्लेडिएटर्स को इस्लामाबाद यूनाइटेड के हाथों 3 गेंदें शेष रहते हुए दो विकेट की करारी शिकस्त मिली। यूनाइटेड ने कॉलिन मुनरो (29 गेंद, 5 चौके, 4 छक्के, 63 रन), और आजम खान (35) व फहीम अशरफ (39*) की पारियों की बदौलत 19.3 ओवर में 8 विकेट खोकर 180 रन का लक्ष्य हासिल किया। इस जीत के साथ ही इस्लामाबाद यूनाइटेड ने प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।

डब्लूएफआई विवाद पर बोलीं रेसलर्स : विनेश ने कहा-

# प्रैक्टिस नहीं कर पा रहे; कमेटी का कार्यकाल 8 मार्च को खत्म हो रहा, रिपोर्ट का इंतजार

**पानीपत।**
भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाने वाले रेसलर्स साइट कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। ओवर साइट कमेटी को एक महीने में रिपोर्ट सौंपनी थी, लेकिन डेढ़ महीने बाद तक रिपोर्ट नहीं आई है। इससे नाराज रेसलर विनेश फोगाट ने कहा कि इंटरनेशनल मुकाबले शुरू हो गए हैं, लेकिन हम खेल नहीं पा रहे। उन्होंने कहा- ये मुश्किल समय है क्योंकि हम प्रैक्टिस नहीं कर पा रहे हैं। जब तक हम ये लड़ाई जीत नहीं जाते, तब तक हम इंतजार करेंगे। पहले हम ये मेडल जीतना चाहते हैं, उसके बाद हम किसी बड़े मैच में खेलेंगे। साक्षी मलिक ने कहा- कमेटी ने 10 दिन का समय दिया है। उम्मीद है कि जल्द से जल्द फैसला आए और हमारे हक में आए। क्योंकि हमने बहुत हिम्मत करके ये कदम उठाया है। हमने यही सोचकर हिम्मत जुटाई कि अब जो लड़कियां पहलवानी में आ रही हैं, उन्हें ये सब न झेलना पड़े।

**ओवरसाइट कमेटी का समय दो हफ्ते बढ़ाया गया था**

केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप की जांच और कामकाज संभालने के लिए बनाई गई ओवरसाइट कमेटी का कार्यकाल 23 फरवरी को 2 हफ्तों के लिए बढ़ाया गया था। वह 8 मार्च को पूरा हो जाएगा। इससे पहले, मंत्रालय ने पूर्व रेसलर और राजनेता बबीता फोगाट को कमेटी में शामिल किया था।





**रेसलर्स की मांग पर फोगाट भी कमेटी में शामिल**

करीब 1 महीना पहले पूर्व पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट को ओवर साइट कमेटी में शामिल किया गया। इस कमेटी में फोगाट के अलावा एमसी मैरीकॉम, खेल रत्न योगेश्वर दत्त, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित तृप्ति मुरगुंडे, टोपस सीईओ राजगोपालन और राधा श्रीमन शामिल हैं। इससे पहले, धरने पर बैठे पहलवानों ने बबीता को कमेटी में शामिल करने की मांग की थी।

**डब्लूएफआई -रेसलर्स विवाद में अब तक क्या हुआ**

रेसलर्स ने धरना दिया 18 जनवरी को रेसलर्स ने दिल्ली जंतर-मंतर पर धरना शुरू कर दिया। रेसलर विनेश फोगाट ने रोते हुए आरोप लगाए कि फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कोच नेशनल कैंप में महिला रेसलर्स का यौन उत्पीड़न करते हैं। कुछ कोच तो सालों से यौन उत्पीड़न करते आ रहे हैं। बृजभूषण खिलाड़ियों के होटल में रुकते थे। जो नियमों के खिलाफ है। यहां तक कि उसी फ्लोर पर अपना कमरा रखते थे, जहां महिला पहलवान ठहरी होती हैं।

वे जानबूझकर अपना कमरा खुला रखते थे। टोक्यो ओलिंपिक में हार के बाद डब्लूएफआई के अध्यक्ष ने मुझे खोटा सिक्का कहा। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। मैं हर दिन खुद को खत्म करने के बारे में सोचती थी। इसी दिन डब्लूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सामने आए। उन्होंने कहा कि मुद्दे तब सामने आते हैं जब नए नियम लाए जाते हैं। धरने पर बैठे पहलवानों ने ओलिंपिक के बाद किसी भी राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का उत्पीड़न नहीं हुआ है। अगर हुआ है तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। उन्होंने धरने को स्पॉन्सर्ड बताते हुए इसके पीछे हरियाणा कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को बताया था।

उन्होंने कहा था कि अब ये खिलाड़ी नेशनल लेवल पर भी खेलने योग्य नहीं रहे हैं। साथ ही ये कुश्ती पर अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहते हैं। इसलिए यह सब किया गया है।

# होली की अग्नि का महत्व



होली उत्साह का प्रमुख पर्व है। देश के लगभग प्रत्येक भाग में यह त्योहार मनाया जाता है। धार्मिक दृष्टि से भी इसका बहुत महत्व है। वर्षभर में आने वाली त्रि-राशियों में से एक होली की रात्रि भी है जिसमें किए गए सभी धार्मिक अनुष्ठान, मंत्र, जाप, पाठ आदि सिद्ध, अक्षुण्ण हो जाते हैं जिनका फल जीवनपर्यंत कर्ता के प्राप्त होता है। पुराणों में एक प्रचलित कथा के अनुसार राजा हिरण्यकश्यप ईश्वर-विरोधी थे किंतु उनका पुत्र प्रहलाद ईश्वर का अनन्य भक्त था। पिता के मना करने पर भी वह भगवान में आस्था रखता था अत: उसे मरवाने के लिए राजा ने अपनी बहन होलिका को अपने पुत्र को गोद में लेकर जलती लकड़ियों पर बैठ प्रहलाद को भस्म करने के लिए कहा। होलिका को देवताओं से वरदान मिला था कि वह आग से नहीं जल सकती, किंतु भगवान ने भक्त प्रहलाद की रक्षा की और गलत कार्य करने वाली होलिका अग्नि में जल गई। इस होली की अग्नि में अपनी सभी शारीरिक, मानसिक व्याधि, किसी प्रकार की सफलता में रुकावट, आर्थिक कष्ट, अला-बला एवं सभी बाधाओं का नाश करने के लिए एक सरल एवं प्रभावकारी उपाय है जिसे कोई भी आसानी से कम खर्च में करके अपनी सभी बाधाओं को होली की अग्नि में भस्म करके जीवन को सुगम बना सकता है। इस प्रयोग को करते समय शुद्धता, पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। गोपनीयता इस प्रयोग की सफलता के लिए अति आवश्यक है। बिना किसी को भी बताए यह क्रिया करनी चाहिए। इसके लिए होलिका दहन के पूर्व स्नान कर शुद्ध, स्वच्छ वस्त्र धारण कर एक श्रीफल अपने एवं परिवार के सदस्यों के ऊपर से सात बार घड़ी की सुई की दिशा में उतारें। यदि किसी सदस्य को अधिक परेशानी है तो उनके लिए अलग से श्रीफल उतारें। अब अपने अभीष्ट देवता का ध्यान करके अपनी समस्या को उन्हें बताकर श्रीफल होलिका में डाल दें एवं होलिका की सात प्रदक्षिणा करके परेशानी दूर करने की प्रार्थना करें एवं अपने एवं परिवार के लिए स्वास्थ्य, यश, दीर्घायु, धन, लाभ आदि की कामना करके हाथ जोड़कर प्रणाम करें तथा घर आकर अपने ईष्टदेव को प्रणाम करें तथा घर के सभी बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लें। भगवान को फल, मिष्ठान्न आदि का यथाशक्ति भोग लगाकर स्वयं ग्रहण करें। इस प्रयोग के कर्ता को उस दिन किसी प्रकार का नशा या मांसाहार का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस प्रयोग के प्रभाव एवं भगवान की कृपा से सारी समस्याएं जो आपके जीवन में हैं, वह होली की अग्नि में स्वाहा हो जाएगी तथा आपका जीवन सरल, सुगम एवं समृद्धिशाली हो जाएगा।










मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**